आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 16°C |

इनसाइड न्यूज

सियासत अपनी चालों से कब बाज आएगा, किसान को कब उसका...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शुक्रवार 20 फरवरी, 2026/ पेज: 12/ मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 130 www.janexpresslive.com/epaper

एआई समिट में भारत के डिजिटल सिस्टम... 12

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026: पीएम मोदी ने दिया 'ऑथेंटिसिटी लेबल' का फॉर्मूला, अंबानी का 10 लाख करोड़ के निवेश का एलान

# डीपफेक रोकने के लिए एआई कंटेंट पर लेबल लगे: मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फॉर्मूला दिया। पीएम ने कहा कि जैसे खाने के पैकेट पर 'न्यूट्रिशन लेबल' होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी 'ऑथेंटिसिटी लेबल' होना चाहिए ताकि फर्क पता चल सके। वहीं, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भारत को 'इंटेलिजेंस युग' में ले जाने के लिए 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश का बड़ा एलान किया है। समिट को आज नरेंद्र मोदी और मुकेश अंबानी के अलावा गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन जैसे लीडर्स ने संबोधित किया। 16 फरवरी से शुरू समिट 20 फरवरी तक चलेगी। इसमें आज 110 से ज्यादा देश, 20 से ज्यादा देशों के प्रमुख और करीब 100 सीईओएस और फाउंडर्स शामिल हुए हैं।




### अरबों लोगों की जिंदगी बदलेगा एआई: सुंदर पिचाई



गूगल भारत में अपने 15 बिलियन डॉलर (1.35 लाख करोड़ रुपए) के इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश के हिस्से के रूप में एक 'फुल स्टैक एआई हब' स्थापित कर रहा है। इस हब में गीगावाट स्केल की कंप्यूटिंग और एक नया इंटरनेशनल सब-सी केबल गेटवे होगा। हर किसी के लिए उपयोगी एआई बनाने के लिए हमें साहसिक कदम उठाने होंगे, क्योंकि यह अरबों लोगों के जीवन को बेहतर बना सकता है और सबसे कठिन समस्याओं को हल कर सकता है। हमें उन क्षेत्रों की समस्याओं को सुलझाने के लिए भी उतना ही साहसी होना चाहिए जहां अब तक तकनीक की पहुंच नहीं थी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की 5 बड़ी बातें

- **एआई में भय नहीं 'भाग्य' और भविष्य:** पीएम ने स्पष्ट किया कि दुनिया के कई देशों में जहां एआई को लेकर भय का माहौल है, वहीं भारत इसे अपने 'भाग्य' और उज्ज्वल भविष्य के रूप में देख रहा है। भारत इसे अपनी विकास यात्रा का अगला बड़ा टर्निंग पॉइंट मानता है।
- **मानव विजन का प्रस्ताव:** मोदी ने एआई के लिए एक नया ग्लोबल फ्रेमवर्क दिया। उन्होंने कहा कि एआई नैतिक, जवाबदेह, संप्रभुता, सुलभ और वैध होना चाहिए, ताकि यह केवल डेटा पॉइंट न बनकर मानवता के कल्याण का जरिया बने।
- **कंटेंट पर 'ऑथेंटिसिटी लेबल' की जरूरत:** पीएम ने सुझाव दिया कि जैसे खाने के सामान पर 'न्यूट्रिशन लेबल' होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी स्पष्ट लेबल होना चाहिए। इससे लोगों को पता चल सकेगा कि क्या असली है और क्या एआई द्वारा बनाया गया (फैब्रिकेटेड) है।
- **एआई को 'ओपन सोर्स' बनाएं:** भारत ने दुनिया की 'कॉन्फिडेंशियल' सोच से अलग हटकर एआई कोड को 'ओपन शेयर' करने की बात कही। पीएम का मानना है कि जब तकनीक सबके लिए खुली होगी, तभी दुनिया भर के युवा दिमाग उसे बेहतर और सुरक्षित बना पाएंगे।
- **ह्यूमन-सेंट्रिक अप्रोच और नौकरियां:** पीएम ने कहा कि एआई नौकरियां खत्म नहीं करेगा बल्कि नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि हम ऐसे युग में हैं जहां इंसान और मशीन मिलकर क्रिएट करेंगे। उन्होंने स्किलिंग और रिस्किलिंग को एक 'मास मूवमेंट' बनाने पर जोर दिया।

### 'ब्लैक बॉक्स' नहीं, 'ग्लास बॉक्स' अप्रोच की मांग

एआई प्लेटफॉर्म्स को 'ब्लैक बॉक्स' (जहां अंदर क्या चल रहा है किसी को पता न हो) के बजाय 'ग्लास बॉक्स' की तरह होना चाहिए। इसका मतलब है कि एआई के सेफ्टी रूल्स इतने साफ और पारदर्शी हों कि उन्हें कोई भी देख और वेरीफाई कर सके, जिससे कंपनियों की जवाबदेही तय हो सके।

### डेटा के लिए ग्लोबल ट्रस्टेड फ्रेमवर्क

एआई की ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले डेटा पर पीएम ने 'गार्बेज इन, गार्बेज आउट' का सिद्धांत समझाया। उन्होंने कहा कि अगर डेटा सुरक्षित और भरोसेमंद नहीं होगा, तो एआई का आउटपुट भी खतरनाक हो सकता है। इसलिए उन्होंने डेटा संप्रभुता का सम्मान करने और एक वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय डेटा फ्रेमवर्क बनाने का सुझाव दिया।

### 'पेपर क्लिप प्रॉब्लम' और इंसानी नियंत्रण

प्रधानमंत्री ने एक तकनीकी उदाहरण के जरिए चेतावनी दी कि एआई को बिना मानवीय मूल्यों के नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने 'पेपर क्लिप प्रॉब्लम' का जिक्र करते हुए बताया कि अगर किसी मशीन को सिर्फ एक छोटा सा लक्ष्य दे दिया जाए, तो वह उसे पूरा करने के लिए दुनिया के सारे संसाधन दांव पर लगा सकती है। इसलिए टेक्नोलॉजी की दिशा हमेशा इंसान ही तय करेगा।

### भारत का एआई मिशन

भारत एआई के क्षेत्र में अपनी ताकत तेजी से बढ़ा रहा है। पीएम ने बताया कि देश में अभी 38,000 जीपीयूएस मौजूद हैं और अगले 6 महीनों में 24,000 और जीपीयूएस जोड़े जाएंगे।

### अब बात सिर्फ एक्सपेरिमेंट की नहीं बल्कि इसे अपनाने की है

हम अब एक बड़े बदलाव के मोड़ पर हैं। अब बातचीत संभावनाओं से हटकर असलियत पर आ गई है; अब बात सिर्फ एक्सपेरिमेंट की नहीं बल्कि इसे अपनाने की है। ये सिर्फ पायलट प्रोजेक्ट तक सीमित नहीं रहा, अब इसका असर बड़े पैमाने पर दिख रहा है। टेक्नोलॉजी तभी मायने रखती है जब उसका इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ और बड़े स्तर पर दुनिया की असली समस्याओं को सुलझाने के लिए किया जाए। अब हमारे पास किसी भी भाषा में जानकारी पाने का तुरंत रास्ता है। यह एक जबरदस्त ताकत है और हमारे पुराने काम करने के तरीकों को पूरी तरह से बदल देने वाली है। साथ ही, अब हम ऐसी चीजें और ऐसे काम कर सकते हैं जो पहले कभी मुमकिन नहीं थे। गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाकिस ने कहा: भारत में हमारी कई पार्टनरशिप हैं। मुझे मिस्टर अंबानी और रिलायंस जियो ग्रुप के साथ हमारी गहरी साझेदारी पर गर्व है। रिलायंस के साथ मिलकर हम अपने 'जेमिनी फाउंडेशन मॉडल्स' के जरिए भारत के हर व्यक्ति तक इंटेलिजेंस पहुंचाएंगे। हमें उम्मीद है कि अगले कुछ सालों में हम इसे और आगे ले जाएंगे।

### देश का पहला 'नेक्स्ट जनरेशन' डेटा सेंटर बनाएगा टाटा ग्रुप

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा ग्रुप अगली पीढ़ी की एआई ट्रेनिंग और इंफ्रेंस के लिए खास तौर पर तैयार भारत का पहला लार्ज-स्केल 'एआई-ऑप्टिमाइज्ड' डेटा सेंटर बना रहा है। मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमने इसकी पहली 100 मेगावाट क्षमता बनाने के लिए ओपन एआई के साथ साझेदारी की है, जिसे आगे चलकर एक गीगावाट तक बढ़ाया जाएगा।

### साबित करेंगे कि एआई नौकरियां नहीं छीनता: अंबानी

हम साबित करेंगे कि एआई नौकरियां नहीं छीनता, बल्कि हाई-स्किल काम के नए मौके देता है। उन्होंने ये भी कहा कि एआई की कहानी अब इस बात से बदल गई है कि कौन सबसे अच्छा मॉडल बना सकता है, बल्कि अब मुकाबला इस पर है कि इस्तेमाल की रफ्तार और स्केल के लिए कौन सबसे मजबूत इकोसिस्टम तैयार करता है। इसलिए हम भारतीय कंपनियों, संस्थानों, स्टार्टअप्स और इंडस्ट्रियल ग्रुप्स के साथ गहरी पार्टनरशिप करेंगे। एआई एक ऐसा मंत्र है जो हर मशीन और सिस्टम को बेहतर और तेजी से काम करने की शक्ति देता है। मैं एआई को महाभारत के 'अक्षय पात्र' के आधुनिक स्वरूप के रूप में देखता हूं। हम एआई युग की शुरुआत में हैं और इसका सबसे बेहतरीन दौर आना अभी बाकी है। 21वीं सदी में भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकतों में से एक बनकर उभरेगा। आने वाले दशकों में लोकतंत्र, डेमोग्राफी (जनसांख्यिकी), विकास, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा जनरेशन और एआई हार्वेस्ट के मामले में दुनिया का कोई भी देश भारत की बराबरी नहीं कर पाएगा।

# कार नहर में गिरी, कारोबारी, पत्नी और बेटे की मौत

जन एक्सप्रेस। औरैया



औरैया में बेकाबू कार 20 फीट गहरी नहर में गिर गई। हादसे में कारोबारी, उनकी पत्नी और बेटे की मौत हो गई। पूरा परिवार रिश्तेदार की बेटी की शादी के फंक्शन में शामिल होकर इटावा से औरैया आ रहा था। बुधवार देर रात रिनॉल्ट कार से घर लौट रहे थे, तभी हादसा हो गया। रातभर परिवार गाड़ी समेत नहर में पड़ा रहा। आसपास के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। गुरुवार सुबह 7 बजे राहगीरों ने नहर में कार का टायर देखा। शक होने पर आसपास के लोगों को बुलाया। फिर पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर में पुलिस ट्रैक्टर और जेसीबी लेकर पहुंची। ग्रामीणों ने नहर में उतरकर कार में रस्सी बांधी। इसके बाद ट्रैक्टर और जेसीबी की मदद से कार को खींचकर बाहर निकाला गया। कार के दरवाजे लॉक थे। शीशा तोड़ा गया, तो अंदर से तीन शव मिले। पुलिस को गाड़ी में एक फोन मिला। भीगने के चलते मोबाइल काम नहीं कर रहा था, इसलिए सिम निकालकर उसमें सेव नंबर पर कॉल की गई। फोन शाहजहांपुर के कारोबारी को मिला। उन्होंने बताया कि यह नंबर किसका है। इसके आधार पर परिवार की शिनाख्त हुई। हादसा जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर अछल्दा थाना क्षेत्र में हुआ।

### कार लॉक हुई, परिवार को चिल्लाने तक मौका नहीं मिला

हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान कारोबारी राजीव कुमार पोरवाल (60), उनकी पत्नी मधु गुप्ता (55) और बेटे शुभम (27) के रूप में हुई है। परिवार इटावा के भरथना थाना क्षेत्र का रहने वाला था। राजीव दाल और डालडा का व्यापार करते थे। मृतक राजीव के दो बेटी, दो बेटे थे। एक बेटे और एक बेटी सोनाली की शादी हो चुकी है। दूसरी बेटी मोहिनी दिल्ली में एमबीबीएस कर रही है। बड़ा बेटा सूर्य मोहन नोएडा में व्यापार करता है। राजीव कुमार 4 भाई थे। जिसमें प्रदीप कुमार, किशन कुमार और साजन कुमार इटावा में व्यापार करते हैं।

### पहली बार एआई की निगरानी में होंगी कॉपी चेक

**अलीगढ़।** सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन में तकनीकी बदलाव करते हुए इस बार कॉपियों की जांच एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) निगरानी में करने का निर्णय लिया है। इसके तहत उत्तर प्रदेश सहित देशभर के मूल्यांकन केंद्रों पर तैयारियां पूरी कर ली गईं। नई व्यवस्था में परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी कॉपियां पहले स्कैन की जाएंगी। प्रत्येक कॉपी को एक यूनिक आईडी दी जाएगी, जिससे परीक्षार्थी की पहचान गोपनीय रहेगी। इसके बाद स्कैन की गई कॉपियां सुरक्षित सर्वर के माध्यम से सीधे परीक्षक की स्क्रीन पर उपलब्ध होंगी। परीक्षक को लॉग-इन आईडी और पासवर्ड के जरिए सिस्टम में प्रवेश कर प्रश्नवार अंक दर्ज करने होंगे। फिलहाल यह व्यवस्था केवल 12वीं कक्षा के लिए लागू की गई है। 10वीं की कॉपियों की जांच पूर्ववत ऑफलाइन पद्धति से ही होगी। सीबीएसई ने अंकन को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए मार्किंग स्कीम और मॉडल आंसर पहले से ही सिस्टम में अपलोड किए हैं। एआई आधारित मॉड्यूल मूल्यांकन के पैटर्न पर नजर रखेगा और असामान्य अंकन पर अलर्ट भी जारी कर सकेगा। यदि किसी प्रश्न में अंकन असामान्य रूप से कम या अधिक पाया जाता है, तो सिस्टम अलर्ट जारी कर सकता है। साथ ही कुल अंक स्वत: जुड़ जाएंगे, जिससे अंक जोड़ने में होने वाली मानवीय त्रुटियां लगभग समाप्त हो जाएंगी। दरअसल अब तक ऑफलाइन जांच में कई बार यह शिकायत आती रही कि एक ही प्रकार के उत्तर पर अलग-अलग परीक्षक अलग अंक दे देते थे। कुछ परीक्षक स्टेप-वाइज अंक देते थे, जबकि कुछ सीधे अंतिम उत्तर पर ही अंक देते थे। इससे आंशिक रूप से सही उत्तर लिखने वाले छात्रों को नुकसान होता था।

# नेचुरल फॉर्मिंग हब बन रहा उत्तर प्रदेश

- प्रदेश के सभी 75 जिलों में अब तक 94,300 हेक्टेयर तक पहुंची नेचुरल फॉर्मिंग, योगी सरकार 298 करोड़ रुपये से करेगी विस्तार
- बुंदेलखंड पर विशेष फोकस, सातों जिलों में जलधारण क्षमता बढ़ने से खेती अधिक टिकाऊ बनेगी और लागत घटेगी
- जीवामृत और घनजीवामृत के उपयोग से रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों पर निर्भरता घटेगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक खेती को मिशन मोड में आगे बढ़ाते हुए योगी सरकार ने बड़ी पहल की है। सक्रिय रणनीति बनाकर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कुल 94,300 हेक्टेयर क्षेत्रफल तक प्राकृतिक खेती का विस्तार किया गया है। यह जल्द ही एक लाख हेक्टेयर तक पहुंचने वाला है। इस व्यापक अभियान में बुंदेलखंड पर फोकस रखा गया है, जहां विशेष कार्यक्रम के जरिए इसे सफल मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। योगी सरकार रासायनिक निर्भरता कम कर टिकाऊ कृषि व्यवस्था स्थापित करने के लिए नेचुरल फार्मिंग पर विशेष जोर दे रही है। योगी सरकार ने बुंदेलखंड के सभी जनपदों झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट में 23,500 हेक्टेयर क्षेत्र पर गो-आधारित प्राकृतिक खेती का विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। इस क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर योगी सरकार कृषि को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। जीवामृत और घनजीवामृत के प्रयोग से रासायनिक खाद और कीटनाशकों पर निर्भरता घटेगी। इससे खेती की लागत कम होगी और किसानों की आय बढ़ाने का रास्ता मजबूत होगा। योगी सरकार का फोकस 'कम लागत, ज्यादा लाभ' वाले कृषि मॉडल पर है।

### स्वास्थ्य, पर्यावरण और आय पर सकारात्मक असर

प्राकृतिक उत्पादों की ब्रांडिंग और पर्यावरण-अनुकूल कृषि प्रणाली के प्रसार से किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि योगी सरकार की दूरदर्शी नीति के चलते उत्तर प्रदेश प्राकृतिक खेती की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसमें बुंदेलखंड परिवर्तन का अग्रदूत बनकर उभर रहा है!!

### कम वर्षा वाले क्षेत्रों के लिए वरदान

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की संरचना सुधरती है और जलधारण क्षमता बढ़ती है। बुंदेलखंड के साथ ही कम वर्षा वाले क्षेत्रों में यह पहल खेती को अधिक टिकाऊ बनाएगी। यह कदम क्षेत्रीय कृषि अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है।

### प्रशिक्षण से किसानों का सशक्तिकरण

योगी सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों से जोड़ने के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। इससे प्राकृतिक कृषि प्रणाली को मुख्यधारा में लाने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिल रही है।

# सपा विधायक बोले, ब्राह्मणों ने कसम खाई, सत्ता से उखाड़ेंगे

- डिप्टी सीएम ने शिखा पूजी, खिंचवाने वाला कौन था? मंत्री पर भड़के स्पीकर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



यूपी विधानसभा के बजट सत्र के 9वें दिन गुरुवार को चर्चा जारी है। इस दौरान सदन में कई बार हल्की नोकझोंक और हंसी-खुशी के पल भी देखने को मिले। सपा विधायक अतुल प्रधान ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के बटुक पूजन पर तंज कसा। कहा, ब्राह्मण समाज के लोग पूज्यनीय हैं। डिप्टी सीएम आज शिखा की पूजा कर रहे थे, अरे चोटी उखड़वाने वाला कौन था? ऐसे ही चाणक्य की घनानंद ने चोटी उखड़वाई थी, तभी चाणक्य ने कसम खाई थी कि मगध के सम्राज्य के उखाड़ के फेंक दूंगा। इसी तरह ब्राह्मणों ने कसम खाई है, जिस तरह से आपने शिखा उखाड़ने का काम किया है, वैसे ही ब्राह्मण सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे। कृषि मंत्री शाही के जवाब पर शिवपाल सिंह भड़क उठे। पूछा- बजट क्या तुम अपने घर से लाए हो। बजट जनता का पैसा है। सिर्फ तारीफ करते चले जा रहे हैं। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने 2 मंत्रियों की क्लास लगाई। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जब महाना के क्षेत्र में हुए विकास कार्य गिना रहे थे, तो महाना ने कहा- अगर आपको काम करवाना ही नहीं है तो आप वहां क्यों हैं? काम करवाने के लिए ही तो बैठे हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप तय समय से अधिक देर तक बोलते रहे तो स्पीकर ने उन्हें टोका और कहा- अच्छा नहीं लगेगा कि आपका माइक बंद करना पड़े।

### स्पीकर ने सपा विधायक की चुटकी ली

स्पीकर ने सपा विधायक आरके वर्मा के चार मिनट तक बोलने के बाद भी कोई स्पष्ट सवाल न पूछने पर चुटकी ली। उन्होंने वर्मा के बगल में बैठे कमाल अख्तर से पूछा- आपको पता चला क्या सवाल पूछा गया है? इसके बाद हंसते हुए मंत्री से कहा- आप भी इसी तरह दो मिनट में जवाब दे दीजिए। सपा विधायक राजेंद्र चौधरी के सवाल पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जवाब दे रहे थे, तभी कुछ विधायक हंगामा करने लगे। इस पर स्पीकर ने हंगामा कर रहे विधायकों से नाम लेकर कहा, आप लोग खड़े होकर विरोध करिए। आज किसी को नहीं रोकूंगा। इसके बाद सभी विधायक शांत होकर बैठ गए। सदन में सपा विधायकों ने नोएडा की गलगोटिया यूनिवर्सिटी से जुड़ा एआई रोबोट का मामला भी उठाया और चर्चा की मांग की। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट भी सदन में पेश की। इससे पहले 11 फरवरी को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 9 लाख 12 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया था।

### मंत्री एके शर्मा बोले- अवारा कुत्तों के लिए सेंटर बनवा रहे

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा- आवारा कुत्तों के काटने से कई जगह दिक्कत हो रही। हम इस पर भी काम कर रहे हैं। उनका पर्यावरण की दृष्टि से संरक्षण करवा रहे, एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर बनवा रहे। सुप्रीम कोर्ट ने इन सबका हवाला दिया है। मंत्री धर्मवीर ने कहा, 2017 से पहले 3 लाख रुपए का बीमा कंपनियां देने के लिए चक्कर लगाती थीं। योगी ने एक बार में 5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि की व्यवस्था की। 2017 से पहले 375 रुपए होमगार्ड को मिलते थे, योगी सरकार बनने के बाद पहले 500 रुपये किया गया और फिर 600 किया गया। साथ में दैनिक भत्ता भी बढ़ाया गया। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के जवाब के बाद शिवपाल यादव ने कहा- नदियों की सफाई होना बहुत जरूरी है। नदियों को गहरा कीजिए। लेकिन मंत्री जी आपने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया। यमुना, वरुणा और गोमती नदी पर आपने ध्यान नहीं दिया। हमने तो गोमती को साफ किया था, लोग नहाते थे। सरयू नदी को भी खोद लीजिएगा, अयोध्या में बड़ी पवित्र नदी मानी जाती है।

### हमारी सरकार में ट्रांसफर बदलने के लिए चंदा नहीं लगता

मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा, यूपी की 25 करोड़ की जनता है। सबकी मूलभूत जरूरतें हैं सभी की स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और पानी। शिक्षा के क्षेत्र अमूल चूल परिवर्तन हुए हैं। जितने प्राइमरी स्कूल हैं उन्हें स्मार्ट बनाया जा चुका है। स्वास्थ की बात करें तो 81 मेडिकल कालेज संचालित हैं। 2017 में 4540 सीटें थीं, जिन्हें बढ़ाकर 12800 किया है। लगभग तीन गुना हो गई है सीटों की संख्या। आज हमारी सरकार में ट्रांसफार्मर के लिए चंदा नहीं करना पड़ता, आज 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदले जा रहे हैं।

### मंत्री एके शर्मा बोले- 6 साल से प्रदेश में बिजली के दाम नहीं बढ़ाए

मंत्री एके शर्मा ने कहा, यूपी में बिजली सबसे सस्ती है, इसे विपक्ष को स्वीकार करना चाहिए। 6 साल से प्रदेश में बिजली के दामों में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। स्मार्ट मीटर वक्त की जरूरत है। लोगों को स्मार्ट फोन पर भरोसा नहीं रहा होगा। लेकिन ये भी सच्चाई है कि स्मार्ट फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसी तरह स्मार्ट मीटर भी है। शिकायतें मिलती थीं कि लाइनमैन पैसे मांगता है। उसका समाधान की कड़ी में स्मार्ट मीटर लाया गया। जहां तक शिकायतों की बात है, वहां-वहां स्मार्ट मीटर बदलने का कार्यक्रम चल रहा है। 70 लाख मीटर बदले जा चुके हैं। पांच प्रतिशत स्थानों पर स्मार्ट मीटर लगाने के साथ साथ पुराने मीटर भी छोड़कर रखते हैं। मीटर रीडिंग का मिलान करने के लिए। उपभोक्ता संतुष्ट हैं। इसके बाद भी जहां से शिकायत आती है वहां चेक मीटर लगाया जाता है। कहीं से ऐसी शिकायत है तो आप बताइए, हम एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

### तीन साल में 2700 मेगावाट बिजली उत्पादन बढ़ा

मंत्री एके शर्मा ने विधान परिषद में बजट भाषण पर अपनी बात रखी। कहा, प्रदेश में सपा के 2016-17 में 5800 मेगावाट के सापेक्ष 5500 मेगावाट बिजली उत्पादन की बढ़ोत्तरी प्रदेश में की गई है। यूपी में 1528 मेगावाट की उर्जा परियोजनाएं चल रही थीं। आपके समय में प्रदेश की उर्जा के क्षेत्र में 1573 मेगावाट की वृद्धि हुई। जबकि बीते तीन साल में 2700 मेगावाट से अधिक उर्जा उत्पादन की वृद्धि हुई है।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने 100 बटुकों को किया सम्मानित, बोले, चोटी खींचने वालों को लगेगा पाप



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अपने आवास पर 100 बटुकों का सम्मान किया। बटुकों पर पुष्पवर्षा की। तिलक लगातर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चोटी खींचने वालों को पाप लगेगा। शंकराचार्य विवाद के बीच ब्रजेश पाठक का यह सम्मान डैमेज कंट्रोल से जोड़कर देखा जा रहा है। बताते चलें कि प्रयागराज के माघ मेले से शुरू हुआ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का विवाद अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस मामले में कई बार बोल चुके हैं। सीएम ने बिना नाम लिए संकेतों में कालनेमि तक की बात कह दी थी। बजट सत्र के दौरान उन्होंने एक और प्रमुख बात बोली, जिसको लेकर बहस छिड़ी हुई है। कहा कि कोई भी खुद को शंकराचार्य नहीं लिख सकता। सीएम योगी के इस बयान को लेकर विपक्ष विशेषकर सपा सरकार को घेर रही है।

### '101 बटुकों का पूजन करने से नहीं धुल सकता माघ मेले में हुई घटना का पाप'

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा 101 बटुकों को घर पर बुलाकर अंगवस्त्रम और तिलक लगाकर पैर छूकर सम्मान करने पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि उन्होंने ये करके अपनी भावना दिखाई है और जताया कि जो प्रयागराज में हुआ वह पाप था उसको धोने के लिए मैं अपना प्रयास कर रहा हूं। इससे प्रयागराज में घटना का पाप नहीं धुल सकता है।

# योगी जी, सरकार! हाथीखाने को बना दिया अवैध बूचड़खाना

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

- राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हाथी खाने का अवैध बूचड़खाना
- बिना लाईसेंस के अवैध तरीके से घरों में होती है पशुओं की कटान

प्रदेश की तेजतर्राट योगी सरकार की जीरो टालरेंस की नीति की समुदाय के विशेष के अवैध मांस के व्यापारियों द्वारा लगातार धज्जियां उड़ाते हुए लोगों का जीना दूभर कर दिया है।शहर के अलीगंज स्थित हाथी खाना मोहल्ले में घरों पर चल रहा अवैध बूचड़खाना लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है।सुबह पौ फटते ही हाथी खाने की सड़कों से लेकर नालियों तक में जानवरों का खून बहना आम बात हो चुका है। हाथी खाना मुहल्ले से गुजरने वाले राहगीर हिन्दू लोगों को इस अवैध बूचड़खाने से खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।उधर जिम्मेदारों द्वारा इस अवैध कार्य को रोकने के लिए कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाती।जिससे बूचड़खाना संचालन करने वालों के हौंसले दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं।बताते चलें कि शहर के अलीगंज मोहल्ले में हाथीखाना में परेवज सहित कई लोगों के द्वारा अवैध तरीके से घरों में मांस की बिक्री की जा रही है।बिना किसी डाक्टरी परीक्षण और बिना लाईसेंस के रोजाना कई कुन्तल मांस यहां से अवैध तरीके से शहर से लेकर अन्य जनपदों में सप्लाई किया जाता है।इस अवैध बूचड़खाने की खास बात यह है कि इससे जुड़े दुकानदारों के द्वारा मनमाने तरीके से बीमार पशुओं के बीना किसी जांच पड़ताल के सुबह 4 बजे से सड़कों में ही काट दिया जाता है।सुबह वहां से गुजरने वाले लोगों के बूचड़खाना संचालकों की वजह से खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि रोड में पशु काटे जाने से पूरी सड़कों में खून बहता रहता है।इतना ही पशुओं के मासं के टुकड़ों को आवारा कुत्तों द्वारा इधर-उधर बिखरा भी दिया जाता है।जिससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि इस बात को लिए अवैध बूचड़खाना संचालकों से कहा जाता है तो वह लड़ने पर अमादा हो जाते हैं।सबसे ज्यादा बुरा हाल परवेज नामक व्यक्ति के संचालित बूचड़खाने का है।इलाकाई लोग बताते हैं।कि यह व्यक्ति दबंगई के बल पर सड़क पर खुलेआम पशुओं को काटकर उनका खून सड़क पर ही बता देता है तथा जानवर के मांस के टुकड़े भी रोड पर ही छोड़ देता है।लोगों ने इस अवैध बूचड़खाने पर जांच कर कार्यवाही की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ही है।

# विधिक जागरुकता शिविर में दी गईं कानूनी जानकारियां

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चैधरी ने गुरुवार को भगवानदीन सिंह विधि महाविद्यालय रगौली कर्वी में विद्यार्थियों को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सम्बन्ध में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जागरूकता शिविर का आयोजन कर कारागार में निरुद्ध बंदियों को जागरूक किया।

महाविद्यालय में प्राधिकरण सचिव ने आगामी 22 फरवरी को रामायण मेला परिसर सीतापुर में आयोजित हो रहे मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में सम्बन्ध में बताया कि इस शिविर में प्रशासन और न्याय पालिका के समन्वित प्रयास से हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं का स्टाल लगाकर उनकी मूलभूत आवश्यकताओं, उनके अधिकार और हितों की रक्षा व सुरक्षा तथा उनकी ज्वलंत समस्याओं का त्वरित निदान किया जायेगा।

इसी क्रम में प्राधिकरण सचिव ने जिला कारागार का औचक निरीक्षक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कारागार में निरूद्ध बन्दियों के मध्य विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें जागरूक किया। बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रदेश स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है, जो जरूरतमन्द लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करता है। उन्होंने जेल में निरूद्ध ऐसे बन्दी जिनकी जमानतें हो गयी है तथा रिहाई शेष है, से वार्ता कर रिहाई के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने पर बल दिया। साथ ही 70 वर्ष और अधिक आयु के बन्दियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा शासन एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# प्रदेश अध्यक्ष पर हमले के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया धरना

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के आवाहन पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में शहर के मध्य नगर पालिका प्रांगण में स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वर्तमान सरकार की नीतियों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया एवं सरकार विरोधी नारेबाजी की गई इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मीडिया को बतलाया की प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के नेतृत्व में मनरेगा सहित प्रदेश की अन्य प्रमुख ज्वलंत समस्याओं को लेकर विधानसभा का घेराव गांधीवादी लोकतांत्रिक तरीके से किए जाने को लेकर वर्तमान में प्रदेश में काबिज भाजपा सरकार के इशारे पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया जिससे कांग्रेसी विधानसभा का घेराव करने ना जा सके लेकिन प्रदेश अध्यक्ष सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस बात की परवाह न करते हुए।विधानसभा का घेराव करने के लिए कूच किया गया पुलिस द्वारा रास्ते पर ही रोके जाने को लेकर संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो गई योगी सरकार के चहेते पुलिस अधिकारियों ने गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन को निकले कांग्रेसियों पर लाठी चार्ज करवाया गया फिर भी कांग्रेसी नहीं रुके बेरी केटिंग तोड़कर एवं बेरी केटिंग के ऊपर चढ़कर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते नजर आए इस लाठी चार्ज में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को काफी गंभीर चोटें आई एवं पूरे प्रदेश से लखनऊ जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कई जिलों मे हाउस अरेस्ट किया गया इससे ऐसा प्रतीत होता है की वर्तमान सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास न कर तानाशाही कर आंदोलन को कुचलने का कुचक्र किए जाने को लेकर अपनी वाहवाही मानती है लेकिन प्रदेश का एक-एक कांग्रेसी कार्यकर्ता सोनिया गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सदैव खड़ा मिलेगा किसी भी दशा में झुकने वाला नहीं है और न हीं डरने वाला है इन्हीं सब बातों को लेकर आज हमारा वर्तमान सरकार को जगाने के लिए गांधीवादी तरीके से गांधी प्रतिमा पर विरोध प्रदर्शन किया गया है।इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य/मनरेगा चेयरमैन रमेश चन्द्र कोरी,पीसीसी पवन देवी कोरी,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट,शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह,जिला उपाध्यक्ष/संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी,द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला एडवोकेट,सूरज बाजपेई एडवोकेट,बल्देव वर्मा एडवोकेट,जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट,कालीचरण निगम,जितेन्द्र गौरव,जिला प्रवक्ता राममिलन सिंह पटेल एडवोकेट,इरफान खान सभासद,कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई,जिला कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी,जिला वक्ता राजेश कुमार गुप्ता पप्पू,जिला सचिव हेमन्त कुमार वर्मा,रामकुमार सिंह,कालीचरण साहू,अम्बिका प्रसाद खेंगर,रामसनेही गौतम,अमित तिवारी,देवेन्द्र सिंह एडवोकेट,राजबहादुर गुप्ता,अशोक सिंह चौहान,आरिफ निजामी,जिलानी दुर्रानी,अशोक वर्धन कर्ण,सुखदेव गांधी,रफत खान, सेवालाल उपस्थित रहे।

फोटो न0-2

# फार्मर रजिस्ट्री के प्रति किसानों को करेंगें जागरुक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शासन स्तर से दिये गये निर्देशों के क्रम में फार्मर रजिस्ट्री बनवाने के लिए किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार वाहन को गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया।

उन्होंने बताया कि प्रचार वाहन प्रत्येक विकासखण्ड के लिए कुल 05 प्रचार वाहन लगाये गये हैं। जो कि विकासखण्ड के सभी ग्रामों के किसानों को फार्मर रजिस्ट्री बनाये जाने एवं इनके लाभ के बारे में किसानों को जागरूक किया जायेगा। जो किसान अभी अपनी फार्मर रजिस्ट्री नही बनवाये हैं वे जल्द से जल्द फार्मर रजिस्ट्री बनवा लें। फार्मर रजिस्ट्री नही बनवाये जाने पर पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त रूक सकती है। इसके अलावा भविष्य में उर्वरक, बीज एवं कृषि यंत्र आदि उन्हीं किसानों को दिया जायेगा जिनके फार्मर रजिस्ट्री बनी होगी। फार्मर रजिस्ट्री नही बनवाये जाने पर सरकार द्वारा दी जा रही अन्य योजनाओं के लाभ से किसान वंचित हो सकता है। किसान रजिस्ट्री बनवाने के लिए किसानों को अपना आधार कार्ड, आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नम्बर एवं अपने खेत की खतौनी लेकर किसी भी जनसेवा केन्द्र, कृषि विभाग के न्याय पंचायत कर्मचारी, पंचायत सहायक और राजस्व लेखपाल के माध्यम से बनवा सकते है। जनपद में कुल 168914 किसानों के सापेक्ष अभी तक मात्र 110481 किसानों ने ही अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवाई है। प्रचार वाहन 19 फरवरी से 28 फरवरी तक गांव-गांव प्रचार में जायेगा। इसके अतिरिक्त सभी गांवों में कैम्प का आयोजन भी किया जा रहा है। किसान अपने गांव के कैम्प में जाकर फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते हैं। इस मौके पर उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चन्द्र एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी डीपी विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना से युवाओं को स्वरोजगार करने में मिलेगा सहयोग

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

उपायुक्त उद्योग ए.के. केशरवानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रारम्भ की है। जिसके अन्तर्गत युवाओं को स्वरोजगार हेतु 05 लाख रुपये का ऋण बिना किसी ब्याज के बैंको के माध्यम से उक्त योजना के अन्तर्गत जनपद को वर्ष 2025-26 हेतु 1200 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजनान्तर्गत गत 9 माह में लगभग 1927 आवेदन-पत्र प्राप्त हो चुके है एवं लगभग 942 लोगों को ऋण वितरण किया जा चुका है। उप आयुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के युवाओं 21 से 40 वर्ष वालों के लिए साथ ही 8वीं पास एवं उद्योग लगाने के लिए इच्छुक हों, तो वह एमएसमएई पोर्टल पर जाकर सीएम युवा योजना का आवेदन कर सकते हैं एवं 05 लाख का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया निःशुल्क है। उप आयुक्त उद्योग द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि युवाओं को प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनवाने के लिए कही भी भटकना नही है, प्रोजेक्ट रिपोर्ट के लिए ऑनलाइन प्रावधान है। यदि आप अपनी एवं उद्यमी की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर भरते है, तो प्रोजेक्ट रिपोर्ट ऑनलाइन निःशुल्क बनायी जा सकती है। जनपद के युवाओं से आवहान है कि वह विभिन्न उद्योग जैसे-मिनी राइस, दोना पत्तल, सिलाई उद्योग, टेन्ट हाउस, आयल उद्योग, बेकरी प्रोडेक्ट, अगरबत्ती मेकिंग यूनिट, दुग्ध उत्पाद इत्यादि के लिए ऑनलाइन पोर्टल ॣ.उेउम.नच.हवअ.पद एवं

## मेगा क्रेडित कैंप 22 को

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** 22 फरवरी को रामायण मेला परिसर सीतापुर, चित्रकूट में एक मेगा वृहद क्रेडिट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें इच्छुक व्यक्तियों द्वारा भागीदारी करते हुए सीएम युवा उद्यमी विकास योजना में आवश्यक प्रपत्रों के साथ रजिस्ट्रेशन कर योजना का लाभ लिया जा सकता है।

## एसपी के आदेश पर तीन के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा हुआ दर्ज

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** सुजीत कुमार पुत्र जयकरन निवासी पैलानी डेरा ने पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल को 16 फरवरी को दिए प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मैं पलरा अंग्रेजी शराब की दुकान में सेल्समैन का काम करता हूं 13फरवरी को शाम 8.30 बजे दुकान में शराब लेने आए व्यक्ति सुभाष चंद्र तिवारी पुत्र रमाकांत तिवारी व गिरधारी तिवारी पुत्र दीपू तिवारी व ललित सिंह पुत्र जगमोहन सिंह निवासी ग्राम पिपरहरी जो ब्रांड मांग रहे थे। वह ब्रांड दुकान पर नहीं थी इस बात को लेकर गालियां दी व दुकान में आग लगाने की धमकी दे रहे थे ।और जबरदस्ती दुकान में शराब व पैसा लूटने की कोशिश कर रहे थे ।मैंने अपना गेट अंदर से बंद कर लिया और थोड़ी देर गाली गलौज अन्य कस्टमर को करीबन जो भी दुकान में आ रहे थे गाली गलौज व मारपीट कर रहे थे थोड़ी देर में जब इन्ही के गांव के दो व्यक्ति अपनी कार से शराब लेने आए तो उनसे भी मारपीट व झगड़ा किया इसी समय मेरी गाड़ी मारुति की कार बाहर खड़ी थी उनमें से एक व्यक्ति गाड़ी का शीशा व पूरी गाड़ी को बुरी तरह तोड़-फोड़ दिया गाड़ी में आग भी लगाने की कोशिश कर रहे थे ।मुझे धमकी दे रहे थे ।शराब का ठेका तुम्हारा बंद कर देंगे हमारी पहुंच ऊपर तक है जब मैं रात को 10 बजे ठेका बंद करके पैलानी डेरा जा रहा था रास्ते में जांन से मारने व लूटने की धमकी दे रहे थे ।वहीं थानाध्यक्ष चिल्ला अर्पित पांडे ने प्रार्थना पत्र के अनुसार सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# दुरेडी गांव में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ग्राम दुरेडी में 13 फरवरी से चल रहा है। दिनांक 19 फरवरी को भागवत कथा का समापन तथा सुदामा चरित्र की कथा हुई।जिसे ग्राम के सभी लोगों ने श्रवण किया आज 20 फरवरी को भव्य भंडारा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है।इस शुभ अवसर पर हमारे जनपद के समाजसेवी भाजपा नेता श्याममोहन धुरिया कथा के अंतिम दिन उपस्थित रहे उन्होंने कथा व्यास पर विराजमान आचार्य यग्येश मिश्रा जी को अंगवस्त्र देकर सम्मान किया आचार्य द्वारा भी समाजसेवी श्याममोहन धुरिया को व्यास गद्दी से आशीर्वाद दिया तथा सम्मानित किया और यह भी कहा कि ज्यादा कर धार्मिक सभी कामों में हमेशा उनकी उपस्थिति रहती है तन मन धन से हमेशा अच्छे अच्छे कार्य में रुचि लेना और धार्मिक कार्यों में पहुंचकर सम्मिलित होना यह बहुत ही बड़ा कार्य है जो इस समय सब कोई नहीं कर पाता इस शुभ अवसर पर जिले के पत्रकारों की टीम भी उनके साथ मौजूद रही जिनमे, प्रदीप कुमार त्रिपाठी उर्फ राजा,बालेन्द्र तिवारी,संजय मिश्रा, रोहित द्विवेदी, महिला पत्रकार रूपा गोयल,संध्या धुरिया,पंकज शुक्ला,शुभम, राजेन्द्र मिश्रा व तमाम समाजसेवी विक्की गुप्ता,पुरोहित बने कुलदीप सिंह ने भी आए हुए सभी अतिथियों का अंग वस्त्र धारण करा सम्मानित किया गया और ईश्वर से कामना की सभी को धन-धान से हमेशा पूर्ण रखें इसी तरह अच्छे और धार्मिक काम हमेशा चलते रहें।

# सपा विधायक ने सदन में किसान कर्ज माफी व अधूरे पड़े रोडवेज स्टैंड का मामला उठाया

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



बबेरू से सपा विधायक ने बाईपास किसानों की कर्ज माफी व अधूरे पड़े सब स्टैंड व जल जीवन मिशन के मुद्दे को सदन में उठाया है।बबेरू विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक विशंभर सिंह यादव ने गुरुवार को को बजट सत्र पर अपने विधानसभा सहित जनहित के मुद्दों को सदन में प्रमुखता से उठाने का काम किया।जिसमें मुख्य रूप से बबेरू कस्बे में भीषण जाम की समस्या को देखते हुए बबेरू में रिंगरोड बाईपास का निर्माण कस्बे में बन रहे रोडवेज बस अड्डे को जल्द पूरा करना,जल जीवन मिशन के तहत खोदी गयी रोडों को सही कराना व बुंदेलखंड में कर्ज की मार झेल रहे किसानों के कर्ज को माफ करने सहित बेरोजगारी पर भी सवाल खड़े किए है सपा विधायक ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बजट को बहुत उपयोगी साबित कर रही है।लेकिन धरातल पर काम कुछ नही होता उत्तर प्रदेश का अति पिछड़ा क्षेत्र बुंदेलखंड हमेशा सूखा और बाढ़ की मार झेलता आ रहा है।लेकिन इस बजट में बुंदेलखंड के लिए कुछ न दिया जाना बुंदेलखंड वासी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं इस बजट पर बेरोजगारो को रोजगार देने के लिए कोई कदम नही उठाया गया है तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट को भी कुछ हासिल नही हुआ है।इस सरकार में बेरोजगारी,महगाई चरम पर है किसान नौजवान पूरी तरह तबाह है ये बजट पूरी तरह किसान नौजवान मजदूर विरोधी साबित हो रहा है।

# मंडल कारागार में बंदियों की बढ़ती संख्या व सुरक्षा के लिए से बनाई जा रहीं हाई सिक्योरिटी बैरकें

- जेल में बंदियों को रहने में न हो असुविधा इसको लेकर सरकार बनवा रही 4 नई हाईटेक बैरकें

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




मंडल कारागार में बंदियों की बढ़ती संख्या और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार यहां पर अब आधुनिक बैरकों का निर्माण करा रही है।यहां पर 30-30 बंदियों की छमता वाली 4 बैरकें बनाई जा रही है। बैरकों के निर्माण का उद्देश्य बंदियों की बढ़ती संख्या और सुरक्षा को अभेद्य बनाना है।बैरकों का निर्माण 4 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के द्वारा कराया जा रहा है।वहीं बैरकों का निर्माण कार्य लगभग 20त्न तक पूरा हो गया है और अक्टूबर 2026 तक निर्माण कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है। मंडल कारागार में बढ़ रहे बंदियों के दबाव व संवेदनशील अपराधियों के लिए अलग व सुरक्षित स्थान देने के उद्देश्य से 4 बैरकें बनवाई जा रही हैं।यहां पर 2 मंजिला 2 भवन बनाये जा रहे हैं।जिसमें 4 बैरकें बनाई जा रही हैं।साथ ही बैरकों के बाहर बनी एक सर्किल वाल में 85 मीटर का नया निर्माण भी कराया जा रहा है।जो सुरक्षा के लिहाज से बेहतर है।वहीं बैरकों के बन जाने के बाद यहां पर बढ़ रहे बंदियों का दबाव कम होगा।यूपीआरएनएसएस के अपर परियोजना प्रबंधक आयुष सोमवंशी ने बताया कि मंडल कारागार के अंदर 4 बैरकों का निर्माण कराया जा रहा है और लगभग 20 प्रतिशत कर पूर्ण कर लिया गया है।वर्तमान में अभी दीवारों का निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही बंदियों के नहाने के लिए अलग से यहां पर एक प्लेटफार्म भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा 85 मीटर की सर्किल वाल का भी निर्माण कराया जा रहा है।

# फाइलेरिया से बचाव की खिलाई दवा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में आईडीए 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव हेतु डीईसी, एल्बेन्डाजोल व आइवरमेक्टिन गोली का सेवन कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक व समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को जिला मलेरिया अधीकारी लाल साहब सिंह के निर्देशन में सहायक मलेरिया अधिकारी आर.के. सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास व मलेरिया निरीक्षक ज्योति सिंह व प्रगति चन्देल द्वारा दवा का सेवन कराया गया। जनपद मे कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 679 टीमे लगी है जिनके द्वारा अब तक कुल लक्षित 779956 जनसंख्या मे से 252442 जनसंख्या को दवा का सेवन कराया जा चुका है।

# मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह के तहत 128 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

राजकीय डिग्री कॉलेज कुछेछा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। आयोजन में मौदहा, सुमेरपुर, कुरारा के 128 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में खंड विकास मौदहा प्रमुख लालाराम निषाद, मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, उपायुक्त श्रम रोजगार राघवेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल, खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार, खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया।



# किलकारी किड्स प्ले जोन का डीएम ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

संयुक्त जिला चिकित्सालय चित्रकूट में गुरुवार को निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत विकसित किलकारी किड्स प्ले जोन का भव्य शुभारंभ जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं मंडल प्रबंधक प्रयागराज अनुराग मिश्रा द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भूपेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर शैलेंद्र कुमार, जिला अग्रणी प्रबंधक अनुराग शर्मा, शाखा प्रबंधक स्कंद कुमार भारतीय, सहायक शाखा अवनीश श्रीवास्तव सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। किड्स प्ले जोन में विभिन्न खिलौनों को पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। साथ ही जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय के प्रथम तल पर लेबर रूम के पास शिशु आहार सलाह केंद्र का भी शुभारंभ किया। उन्होंने केनरा बैंक ग्राहक चुनकावन को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत उनकी पत्नी की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण, दो लाख रुपये की धनराशि का चेक प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस प्रकार के बाल उद्यान के विकसित होने से निश्चित रूप ओपीडी एवं वैक्सीनेशन के लिए आए हुए बच्चों को एक अवसर मिलेगा। जिससे वह इस




पार्क में खेलकूद के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभ ले सकें तथा खेलते हुए कुछ सीख सकें। प्रयागराज से आए हुए मंडल प्रबंधक अनुराग मिश्रा ने बताया कि वह विभिन्न जनपदों में इस प्रकार के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम लगातार करते हैं। अगर भविष्य में ऐसा कोई अवसर मिलता है तो वह सामाजिक कार्य करने के लिए तत्पर रहेंगें। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को लेकर उन्होंने बताया कि 70 वर्ष तक की आयु के व्यक्ति को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के अंतर्गत किसी भी प्रकार की दुर्घटना से मृत्यु हो जाने पर उसके नामनी को दो लाख तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने अपील भी की कि सभी बैंक ग्राहक अपने-अपने बैंकों में जाकर 20 रुपये सालाना की छोटी सी धनराशि में इस बीमा का लाभ ले सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अल्ट्रासाउंड एक्सरे व ओपीडी में हजार लोग आते रहते हैं एवं उनके साथ आए हुए बच्चों के लिए खेलने व सीखने का मौका मिलेगा।

जिलाधिकारी ने मंडल प्रबंधक प्रयागराज अनुराग मिश्रा से कहा कि किलकारी किड्स प्ले जोन को जिला अस्पताल को हैंडओवर कराएं।

उसके बाद जिलाधिकारी ने अल्ट्रासाउंड कक्ष का निरीक्षण किया एवं एक माह में कितने अल्ट्रासाउंड होते हैं कि जानकारी भी लिये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधीक्षक को निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय में साफ सफाई बनी रहनी चाहिए।



**मुफ्त की योजनाओं पर सुप्रीम टिप्पणी...**

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। दरअसल, राज्य सरकार ने कुछ समुदायों के लिए बिजली टैरिफ में सब्सिडी स्कीम की घोषणा की थी। इससे पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी पर फाइनेंशियल दबाव पड़ा। राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ पावर... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# सियासत अपनी चालों से कब बाज आएगा, किसान को कब उसका हक लौट आएगा?

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर किसान संगठनों का बड़ा सवाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ/सीतापुर



अमेरिका के साथ प्रस्तावित ढ्ढठ्ठस्त्रद्बड्ड-स् ञ्जह्म्ड्डस्त्रद्ग ष्ठद्गड्डद्य को लेकर किसानों का आक्रोश तेज हो गया है। भारतीय किसान मज़दूर यूनियन (दशहरी संगठन) ने इसे देश की कृषि व्यवस्था, डेयरी संरचना और ग्रामीण आजीविका पर सीधा हमला बताया है। संगठन ने महामहिम द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि कृषि और डेयरी क्षेत्र को किसी भी मुक्त व्यापार समझौते (स्न्ञ्ज) से पूरी तरह बाहर रखा जाए।

जिला अध्यक्ष नीरज कुमार यादव ने कहा कि यह केवल व्यापार समझौता नहीं, बल्कि देश के अन्नदाता के भविष्य का सवाल है। अगर विदेशी सब्सिडी वाले सस्ते कृषि उत्पाद भारत में आए, तो किसान अपनी लागत भी नहीं निकाल पाएगा।

### सस्ते आयात से टूटेगी खेती की कमर?

किसान यूनियन का आरोप है कि अमेरिका की कृषि भारी सरकारी सब्सिडी पर आधारित है। ऐसे में गेहूं, मक्का, सोयाबीन और डेयरी उत्पादों का आयात भारतीय बाजार में सस्ते दाम पर होगा, जिससे स्थानीय किसान प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएंगे। खेती पहले ही घाटे का सौदा बन चुकी है, अब यह समझौता अंतिम चोट साबित होगा,' संगठन ने चेताया।

### डेयरी सेक्टर पर भी मंडराया खतरा

भारत की सहकारी दुग्ध व्यवस्था, जो लाखों ग्रामीण महिलाओं और छोटे पशुपालकों की आजीविका का आधार है, उस पर भी संकट की आशंका जताई गई है। दूध पाउडर, चीज और अन्य डेयरी उत्पादों के आयात से घरेलू उत्पादकों को भारी नुकसान हो सकता है।

### स्रूस्क्कऔर सरकारी खरीद पर सवाल

संगठन का कहना है कि यह समझौता न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्रूस्क्क) और सरकारी खरीद प्रणाली को कमजोर कर सकता है। उनका दावा है कि इससे कृषि क्षेत्र धीरे-धीरे निजी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के नियंत्रण में चला जाएगा, जो सामाजिक-आर्थिक न्याय की संवैधानिक भावना के विपरीत है।

### बीज पेटेंट और कॉर्पोरेट नियंत्रण का डर

ज्ञापन में बीजों पर पेटेंट व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई गई है। किसानों का कहना है कि यदि विदेशी कंपनियों के पेटेंट बीज अनिवार्य हुए, तो पारंपरिक बीज स्वायत्तता खत्म हो जाएगी और कृषि पर कॉर्पोरेट एकाधिकार बढ़ेगा।

### छह प्रमुख मांगें रखीं

### किसान संगठन ने राष्ट्रपति के माध्यम से केंद्र सरकार से छह प्रमुख मांगें रखी हैं—

कृषि और डेयरी क्षेत्र को स्न्ञ्ज से बाहर रखा जाए।
स्रूस्क्कको कानूनी गारंटी दी जाए।
संवेदनशील कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क बरकरार रखा जाए।
किसान संगठनों से व्यापक परामर्श के बाद ही कोई समझौता हो।
बीज पेटेंट और विदेशी कॉर्पोरेट नियंत्रण पर सख्त नियमन हो।
सार्वजनिक वितरण प्रणाली और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा नीति को पूर्ण संरक्षण मिले।

### राजनीतिक हलकों में भी हलचल

ट्रेड डील को लेकर राजनीतिक और सामाजिक संगठनों में बहस तेज होती जा रही है। किसान नेताओं का कहना है कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई, तो देशव्यापी आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

### अब बड़ा सवाल यही है

क्या अंतरराष्ट्रीय व्यापार की मेज पर फिर किसान की कुर्बानी दी जाएगी, या इस बार अन्नदाता की आवाज सत्ता के गलियारों तक गूंजेगी?

# बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने सदन में उठाए महत्वपूर्ण मुद्दे

## नैमिष नगर योजना के तहत सभी को सामान मुआवजे व सड़कों का चौड़ीकरण की मांग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब विधानसभा भाजपा विधायक योगेश शुक्ला ने सदन में बख्शी का तालाब के प्रमुख मुद्दे उठाए। जिसमें 1- नैमिष नगर योजना के अंतर्गत सभी कुछ सामान मुआवजा मिले 2- आवास संघ द्वारा अधिकृत जमीन किसानों को वापस दिलाई जाये 3- विधानसभा बख्शी तालाब के अंतर्गत अयोध्या रोड से तकरोही रोड तक नवनिर्मित सड़क बने 4- विधानसभा बख्शी तालाब के अंतर्गत अमानीगंज रोड का चौड़ीकरण और शुद्धिकरण हो 5- विधानसभा के अंतर्गत मंडी परिषद द्वारा उत्तरदाई जर्जर सड़कों का पुनर्निर्माण हो 6- विधानसभा बख्शी तालाब के अंतर्गत जो 50 गांव नगर निगम में जोड़े गए हैं उनके लिए अलग से अतिरिक्त पैकेज दिया जाए, ताकि नए जलकर, नई रोड, बिजली,पानी की समुचित व्यापक व्यवस्था हो सकें। वही विजय शुक्ला ने बताया कि भाजपा विधायक योगेश शुक्ला बख्शी का तालाब क्षेत्र के लिए कई अहम कार्य कर चुके हैं,वह लगातार लोगों की मदद करना,लोगों के सुख-दुख में खड़ा होना और बीकेटी को विकास की ओर ले जाने का काम कर रहे हैं। विजय शुक्ला ने कहा कि भाजपा विधायक योगेश शुक्ला ने क्षेत्र की मूल जनसमस्याओं को सदन में पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ उठाकर हम सभी का मान बढ़ाया है, उन्होंने कहा कि आपकी प्रतिबद्धता दर्शाती है कि आप वास्तव में जनभावनाओं के सच्चे प्रतिनिधि हैं। आपकी संवेदनशीलता, दूरदर्शिता और क्षेत्र के विकास के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

# हरदोई में फूटा किसानों का गुस्सा, एक हफ्ते का अल्टीमेटम

## भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी गुट का सवायजपुर तहसील पर धरना, एसडीएम मयंक कुंडू को सौंपा मांगपत्र

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



हरपालपुर। बदहाल व्यवस्थाओं और अनसुनी शिकायतों से त्रस्त किसानों का गुस्सा गुरुवार को सवायजपुर तहसील मुख्यालय पर फूट पड़ा। भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी गुट के जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह यादव के नेतृत्व में किसानों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन को साफ चेतावनी दी—एक हफ्ते में समाधान नहीं, तो तहसील पर महापंचायत होगी। धरने के बाद किसानों ने एसडीएम मयंक कुंडू को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि समस्याएं वर्षों से जस की तस हैं, लेकिन अफसरशाही की फाइलें ही चल रही हैं।

### गंगा का पैंटून पुल बने जीवनरेखा

किसानों की पहली मांग चियासर घाट पर गंगा नदी में पैंटून पुल चालू कराने की है। उनका कहना है कि पुल न होने से कन्नौज और फर्रुखाबाद की मंडियों तक पहुंचना कठिन हो गया है, जिससे फसल का उचित दाम नहीं मिल पा रहा।

### बेहथर में पुलिया और बंधा निर्माण की मांग

बेहथर गांव के पास नाले में पक्की पुलिया और बंधा निर्माण न होने से ग्रामीणों और किसानों को बरसात में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। किसानों ने इसे जनहित से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया।

### अस्पताल बना, स्टाफ गायब

सांडी ब्लॉक के चौसार गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनकर तैयार है, लेकिन स्टाफ की तैनाती न होने से ताला लटका है। किसानों ने कहा– 'सरकार इमारतें खड़ी कर रही है, इलाज नहीं।'

### आवारा गोवंश और सूखी टंकियों से त्राहि-त्राहि

हर ब्लॉक स्तर पर नंदी गौशाला निर्माण की मांग उठाते हुए किसानों ने कहा कि आवारा गोवंश फसलों को बर्बाद कर रहा है। वहीं पलिया, हरपालपुर और ककरा ग्राम पंचायतों में दो साल से पानी की टंकियां ठप हैं, जिससे पेयजल संकट गहरा गया है। धरना-प्रदर्शन में सतेंद्र सिंह पिंटू, मुन्नू सिंह, मुकेश कुमार, राधेश्याम कश्यप, धीरेंद्र सिंह, सुखराम यादव, राजेश कुमार, छेदालाल सक्सेना समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों का साफ संदेश है—अब और इंतजार नहीं। हफ्ते भर में हल नहीं निकला, तो सवायजपुर तहसील बनेगी आंदोलन का अखाड़ा।

# बिजली स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर गांव में कर रहे थे वसूली

## ग्रामीणों ने वसूली कर रहे लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंपा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील इटौंजा विद्युत उपखंड क्षेत्र के अंतर्गत लुधौली गांव में स्मार्ट मीटर लगवाने के नाम पर एक दर्जन लोग गांव में अवैध वसूली कर रहे थे।जब ग्रामीणों को जब शक हुआ तो, उन्होंने सभी को पकड़ कर इटौंजा पुलिस के हवाले कर दिया। वही लुधौली गांव निवासी ग्रामीण डब्लू महराज, अवशेष सिंह, रवि ने आरोप लगाया कि लगभग एक दर्जन से ज्यादा घरों में मीटर लगाने के नाम पर हजारों रुपए वसूले गए हैं। गुरूवार दोपहर जब ग्रामीणों को शक हुआ, तो ग्रामीणों ने भीड़ इकट्ठा कर उनको पड़कर 112 व इटौंजा पुलिस को सूचना देकर बुलाया और सैकड़ो ग्रामीणों ने लगभग दस (10) व्यक्तियों को जो कि लुधौली गांव में घूम-घूम कर घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर वसूली कर रहे थे उनको पुलिस के हवाले कर दिया। वही हल्का दरोगा रमेश यादव मौके पर पहुंचकर सभी को गाड़ी में बैठाकर थाने लें गये,

उन्होंने कहा कि जांच पड़ताल कर रहे हैं।

वही इटौंजा पुलिस पूरे मामले पर जांच पड़ताल कर रही है। वहीं इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हैं।

लखनऊ बीकेटी इटौंजा मीटर के अधिकारी सुबोध झा ई.ई टेस्ट उनका फोन स्विच ऑफ था, लेकिन कहीं ना कहीं बिजली विभाग कि यह लापरवाहीं सामने आए हैं, जहां स्मार्ट मीटर के नाम पर पूरे गांव में अवैध वसूली करते दिखाई दिए,किसी से 1000 किसी से 2000 किसी से 3000 वसूले जा रहे थे, जहां ग्रामीणों ने विरोध कर सभी को पुलिस के हवाले करा दिया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सामाजिक हित मे मेगा शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिये गये दिशानिर्देशों के अन्तर्गत वृहद विधिक साक्षरता सेवा शिविर के आयोजन की पृष्टभूमि में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश मलखान सिंह के नेतृत्व में नोडल अधिकारी रवीन्द्र कुमार द्विवेदी, विशेष न्यायाधीश सीबीआई सेन्ट्रल व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जीवक कुमार सिंह, जनपद न्यायालय लखनऊ मे प्रेस कान्प्रेन्स का आयोजन किया गया। प्रेस कान्फ्रेन्स में नोडल अधिकारी रवीन्द्र कुमार द्विवेदी, विशेष न्यायाधीश सीबीआई सेन्ट्रल द्वारा आयोजित होने वाले वृहद विधिक साक्षरता सेवा शिविर के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। उनके द्वारा बताया शनिवार जिला न्यायालय कैसरबाग के प्रांगण में सुबह से उक्त शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें लखनऊ जिले की महिलाओं, निर्बल वर्ग, अनुसूचित जाति और जनजाति, दिव्यांगजन आदि से जुड़े समस्त कल्याणकारी योजनाओं के विभागों के प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे व अपने विभाग से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं के विषय में आमजन को जानकारी उपलब्ध करायेंगे। योजनाओं से सम्बन्धित पात्र व्यक्ति के पंजीकरण की सुविधा भी उक्त शिविर में उपलब्ध रहेगी। विभागों द्वारा पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हें कल्याणकारी योजनाओं के लाभ भी उक्त शिविर में प्राप्त कराये जायेगें, जिससे कि आम जनमानस की उन योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़े व वंचित जन भी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु प्रेरित हो। साथ ही उक्त शिविर में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, आयुष्मान कार्ड शिविर, आधार कार्ड शिविर व अन्य सेवी संस्थाओं द्वारा बनायी गयी वस्तु आदि भी प्रदर्शन व विक्रय के उपलब्ध रहेंगे। स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा भी कल्याणकारी योजनाओं के शिविर भी लगाये जायेंगे। नोडल अधिकारी द्वारा लखनऊ के समस्त निर्बल वर्ग से जुड़े लोगो का इस शिविर में आहवाहन किया गया कि वह उक्त शिविर में आकर कल्याणकारी योजनाओं में पंजीकरण कराते हुये उसका लाभ प्राप्त करें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया शनिवार के वृहद विधिक साक्षरता सेवा शिविर के आयोजन हेतु कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक लोगो को उन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेत निर्देशित किया गया है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि वर्तमान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशानिर्देशन में जनपद न्यायालय लखनऊ में वृहद मध्यस्थता अभियान 2.0 भी चलाया जा रहा है, जिसमें शमनीय आपराधिक मामलें, घरेलू हिंसा के मामलें, सेवा विवाद के विवाद, सम्पत्ति के बंटवारे से सम्बन्धित मामलें, अन्य उपयुक्त दीवानी मामलें, वैवाहिक विवाद के मामलें, चेक बाउन्स के मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, दुर्घटना दावे के प्रतिपूर्ति के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामलें, त्रण वसूली के मामलें तथा भूमि अधिग्रहण के मामलों का निस्तारण किया जायेगा। उन्होने आम जनमानस से अपील की इस मध्यस्थता अभियान का लाभ उठाते हुये न्यायालय में लम्बित मुकदमों का निस्तारण जनपद न्यायालय के मध्यस्थ विशेषज्ञ के माध्यम से निस्तारण कराकर मध्यस्थता अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# सेक्स सॉर्टेड सीमेन खरीद पर घमासान: उत्तर प्रदेश पशुधन विकास बोर्ड की प्रक्रिया पर उठे बड़े सवाल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश में पशुधन विकास योजनाओं के तहत सेक्स सॉर्टेड सीमेन की खरीद को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। उत्तर प्रदेश पशुधन विकास बोर्ड द्वारा जारी निविदा संख्या जीईएम/2025/बी/7041923 (दिनांक 02 जनवरी 2026) को निरस्त करने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। संगठन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि सीमेन खरीद प्रक्रिया में न तो पारदर्शिता बरती जा रही है और न ही गुणवत्ता के मानकों का समुचित पालन किया जा रहा है।

### पुराना विवाद फिर चर्चा में

पत्र में उल्लेख किया गया है कि बोर्ड के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. नीरज गुप्ता के कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे थे। मामला मुख्यमंत्री स्तर तक पहुंचा था, जिसके बाद उन्हें पद से हटाया गया और उनके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गई। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब पहले ही बोर्ड की साख पर दाग लग चुका है, तो वर्तमान खरीद प्रक्रिया में अतिरिक्त सावधानी क्यों नहीं बरती जा रही?

### निविदा निरस्त कर एसटी टेक्नोलॉजी से खरीद की मांग

संगठन ने मौजूदा निविदा को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग करते हुए एसटी टेक्नोलॉजी कंपनी से सेक्स सॉर्टेड सीमेन खरीदने का प्रस्ताव रखा है। उनका दावा है कि उक्त कंपनी का सीमेन गुणवत्ता के मानकों पर बेहतर है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि किसी भी कंपनी से खरीद से पूर्व प्रदेश के तीन पशु चिकित्सा महाविद्यालयों की प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक परीक्षण कराया जाए। पदाधिकारियों का कहना है कि– 'जिस कंपनी का सीमेन जांच में सर्वोत्तम सिद्ध हो, खरीद उसी से की जानी चाहिए।

### चयन प्रक्रिया पर गंभीर आरोप

पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि यदि निविदा निरस्त नहीं की गई तो यह माना जाएगा कि चयन नियमावली में बदलाव कर कुछ विशेष कंपनियों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां तक कि प्रति स्ट्रा 200 रुपये तक की कथित अनियमित लेन-देन की आशंका भी जताई गई है। हालांकि इन आरोपों की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है और बोर्ड की ओर से कोई औपचारिक वक्तव्य जारी नहीं किया गया है।

### एक सप्ताह में जवाब देने की मांग

संगठन ने संबंधित अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर स्पष्ट कार्रवाई की जानकारी देने का अनुरोध किया है। पत्र की प्रतिलिपि अपर मुख्य सचिव (पशुधन), उत्तर प्रदेश शासन तथा निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग, लखनऊ को भी भेजी गई है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि बोर्ड और सरकार इस मामले में क्या कदम उठाते हैं।

### सवालों के घेरे में पूरी प्रक्रिया

जब पहले भी बोर्ड विवादों में रहा है, तो क्या इस बार भी वही कहानी दोहराई जा रही है?

क्या गुणवत्ता की जगह किसी विशेष कंपनी को प्राथमिकता दी जा रही है?

क्या वैज्ञानिक परीक्षण की अनदेखी कर करोड़ों रुपये की खरीद की जा रही है?

इन सवालों के जवाब फिलहाल मिलने बाकी हैं।

आगे क्या? यदि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और वैज्ञानिक परीक्षण सुनिश्चित नहीं किया गया, तो यह मामला प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर और गंभीर रूप ले सकता है। फिलहाल संगठन ने स्पष्ट कर दिया है कि गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अब देखना यह है कि सरकार आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दूध का दूध और पानी का पानी करती है या नहीं।

# टी एस मिश्रा लॉ स्कूल में 'सम्वाद 2026' का आयोजन– एआई: वरदान या अभिशाप?

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



टी एस मिश्रा विश्वविद्यालय के टी एस मिश्रा लॉ स्कूल द्वारा 19 फरवरी 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में 'सम्वाद 2026' वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस वर्ष का विषय था– 'क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता वरदान है या अभिशाप?' कार्यक्रम में विधि संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए न्यायालय शैली में प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच और तर्कसंगत सार्वजनिक वक्तृत्व कौशल का विकास करना था। एआई जैसे समकालीन विषय पर रोजगार पर प्रभाव, कानूनी जवाबदेही, डेटा गोपनीयता, फेक न्यूज, निगरानी, न्यायिक कार्यों में एआई के उपयोग तथा पेशेवर नैतिकता जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने एआई को केवल तकनीकी उपकरण नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण कानूनी और सामाजिक चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया, जिसके लिए संतुलित नीति और जिम्मेदार नियमन आवश्यक है। कार्यक्रम का सफल संचालन हेड एवं डीन प्रो.डॉ.सी.पी.सिंह और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिप्रा मिश्रा के नेतृत्व में हुआ। आयोजन समन्वय में श्री देवांग पांडेय और सुश्री छवि मिश्रा की सक्रिय भूमिका रही। प्रतियोगिता में सुश्री अनन्या मिश्रा प्रथम, सुश्री श्रेया केसरी प्रथम उपविजेता तथा सुश्री आनंदिता द्वितीय उपविजेता रहीं, जबकि सत्याम सिंह को उत्कृष्ट तथ्यों और आंकड़ों के प्रभावी उपयोग के लिए विशेष सराहना मिली। समापन अवसर पर प्रो. डॉ. सी. पी. सिंह ने विद्यार्थियों को तकनीक आधारित कानूनी चुनौतियों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। विश्वविद्यालय के चांसलर एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री एस. सी. मिश्रा तथा प्रो चांसलर श्री कपिल मिश्रा ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच भविष्य के जिम्मेदार और सक्षम कानूनी पेशेवर तैयार करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

### कौशल विभाग से सीधी सरकारी नौकरी नहीं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विधानसभा में आज प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्पष्ट किया कि कौशल विकास विभाग के अंतर्गत सीधी सरकारी नौकरी देने का कोई प्रावधान नहीं है। सरकारी सेवाओं में नियुक्ति प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से ही होती है और यही व्यवस्था सभी शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों पर समान रूप से लागू है।उन्होंने बताया कि विभाग का मुख्य फोकस युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाना है। औद्योगिक संगठनों और इंडस्ट्री एसोसिएशनों के साथ नियमित समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में अवसर दिलाने की दिशा में काम किया जा रहा है। प्रशिक्षण साझेदारों को लक्ष्य दिया गया है कि कम से कम 70 प्रतिशत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाए। युवाओं को रोजगार से सीधे जोड़ने के लिए प्रत्येक नोडल आईटीआई में मासिक रोजगार मेले आयोजित किए जाते हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### ट्रांसफार्मर चीरकर 400 किलो तेल और तांबा ले उड़े चोर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चिनहट देवा रोड स्थित राय एन्क्लेव में बुधवार देर रात चोरों ने बिजली विभाग को बड़ी चुनौती दी। चोरों ने न केवल 400 केवी का ट्रांसफार्मर खंभे से नीचे उतारा, बल्कि बड़ी फुर्ती से उसे खोलकर उसका सारा कीमती सामान पार कर दिया।खेत में मिला ट्रांसफार्मर का ढांचा, घटना रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है चोरों ने पहले ट्रांसफार्मर को नीचे उतारा और फिर उसके पुर्जे खोलकर पास के खेत में फेंक दिए। शातिर अपराधी ट्रांसफार्मर के भीतर से लगभग 300 किलो तांबा और करीब 400 किलो कीमती तेल निकाल ले गए। सुबह जब स्थानीय लोगों ने खाली ढांचा खेत में पड़ा देखा, तब चोरी की जानकारी हुई। इस चोरी का खामियाजा इलाके के 200 परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। वारदात के बाद से ही राय एन्क्लेव और आसपास के इलाकों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। दोपहर 12 बजे तक भी बिजली बहाल नहीं होने से लोगों के सामने पानी और अन्य रोजमर्रा की समस्याओं का संकट खड़ा हो गया है। मुख्य अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओ और जेई को मौके पर भेजा गया था। गोमती नगर जोन के शिवपुरी पावर हाउस की ओर से अब मौके पर ट्रॉली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति शुरू की जा सके। बिजली विभाग के अधिकारियों ने चिनहट थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि चोर किस वाहन से तांबा और तेल लादकर ले गए हैं।

### हॉस्टल में फंदे से लटकता मिला नर्सिंग छात्र का शव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बख़्शी का तालाब इलाके में एक नर्सिंग छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई है। सीतापुर निवासी 25 वर्षीय अमरेश कुमार वर्मा का शव बुधवार को हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटकता मिला। मृतक बलरामपुर अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहा था और परिजनों को बताए बिना शहर में रैपिडो बाइक भी चलाता था। घटना के बाद मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए सुसाइड के दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि इकलौता बेटा किसी तनाव में नहीं था और शव की स्थिति कई सवाल खड़े कर रही है। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बीकेटी के एक हॉस्टल में सीतापुर के नर्सिंग छात्र अमरेश का शव फंदे से लटका मिला। पिता ने हत्या की आशंका जताई है। छात्र घर से छिपकर रैपिडो चलाता था। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। वही अमरेश ने जीसीआरजी कॉलेज से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की थी और वर्तमान में वह राजधानी के बलरामपुर अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहा था। परिजनों के मुताबिक, वह तीन साल पहले पढ़ाई के लिए लखनऊ आया था। जांच में एक दिलचस्प पहलू सामने आया है कि अमरेश अपने परिवार को बताए बिना लखनऊ में रैपिडो बाइक चलाता था।

# कई सालों से जर्जर सड़क बनी मुसीबत, राजा मऊ पुल से तिलोई मार्ग पर हादसों का खतरा

जन एक्सप्रेस । अमेठी

सड़कें विकास का आईना मानी जाती हैं, लेकिन जिले की तिलोई विधानसभा क्षेत्र में राजा मऊ पुल से तिलोई की ओर जाने वाली मुख्य सड़क बदहाली की दास्तां बयां कर रही है। करीब चार वर्षों से इस मार्ग की समुचित मरम्मत न होने के कारण सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है। और गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। राहगीरों के लिए यह रास्ता किसी जोखिम से कम नहीं है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि डामर पूरी तरह गायब हो चुका है। सड़क पर उभरे पत्थर और बड़े-बड़े गड्ढे आए दिन दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़



रहा है। कई बाइक सवार गिरकर चोटिल हो चुके हैं। बारिश के दौरान हालात और गंभीर हो जाते हैं,जब गड्ढे पानी से भर जाते हैं। और उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में एंबुलेंस को भी जूझना पड़ता है। स्कूली बच्चों और शिक्षकों के लिए रोज इस मार्ग से गुजरना मजबूरी है। अभिभावकों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है।

ग्राउंड रिपोर्ट के दौरान लोगों ने प्रशासनिक अनदेखी पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि चुनाव के समय सड़क निर्माण और मरम्मत के वादे किए जाते हैं, लेकिन कार्यवाही नहीं होती। कई बार संबंधित विभाग को शिकायत गई, पर समाधान नहीं निकला। क्षेत्रवासियों ने मांग की है,कि जिम्मेदार विभाग तत्काल निरीक्षण कराकर सड़क का पुनर्निर्माण कराए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और विकास के दावों को जमीन पर उतारा जा रहा है।

## टोल टैक्स का असर: दिनवापुर- नसरतपुर मार्ग बदहा, स्कूल, कॉलेज जाने वाले बच्चे जोखिम में

**जन एक्सप्रेस/तिलोई, अमेठी।** टोल टैक्स लागू होने के बाद भारी वाहनों का दबाव बढ़ने से ग्राम सभा दिनवापुर-नसरतपुर को जोड़ने वाली सड़क की हालत बद से बदतर हो गई है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि मुख्य टोल मार्ग से बचने के लिए बड़ी संख्या में ट्रक और अन्य भारी वाहन गांव की इस आंतरिक सड़क से गुजर रहे हैं, जिससे सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है।इसी मार्ग पर स्थित स्कूल, कॉलेज तक रोजाना छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने के लिए आते-जाते हैं।अभिभावकों का कहना है कि सड़क पर गहरे गड्ढे,उखड़ा डामर और धूल-मिट्टी के कारण आए दिन बच्चे फिसलकर चोटिल हो जाते हैं। बरसात के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं, जब गड्ढे पानी से भर जाते हैं और दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक मरम्मत का कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है कि टोल से बचने के कारण गांव की सड़कें भारी वाहनों का बोझ झेल रही हैं, जबकि इन सड़कों का निर्माण इतने दबाव के लिए नहीं किया गया था। क्षेत्रवासियों और अभिभावकों ने मांग की है कि तत्काल सड़क की मरम्मत कराई जाए और भारी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण लगाया जाए, ताकि बच्चों और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# पंद्रह हजार की रिश्वत लेते नलकूप विभाग का वरिष्ठ सहायक गिरफ्तार

## एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । अमेठी

भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने नलकूप विभाग के एक वरिष्ठ सहायक को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी गौरीगंज स्थित लघु सिंचाई नलकूप विभाग के कार्यालय से की गई।आरोपी को हिरासत में लेकर मुंशीगंज थाने में पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार पीपरपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त नलकूप चालक बृजेश सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी,कि सेवानिवृत्ति के बाद अपनी सेवा अवधि से जुड़े देयकों के भुगतान के लिए वे विभागीय कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। आरोप है,कि भुगतान प्रक्रिया आगे बढ़ाने के एवज में वरिष्ठ सहायक एहसान अहमद ने 15 हजार रुपये की मांग की थी।शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने मामले का सत्यापन किया और जाल बिछाकर कार्रवाई की योजना बनाई। तय रणनीति के तहत शिकायतकर्ता जब रिश्वत की रकम लेकर कार्यालय पहुंचा, उसी दौरान टीम ने छापा मारकर आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी के दौरान रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली गई।

अचानक हुई इस कार्रवाई से विभागीय कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई और अन्य कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि आरोपी पिछले करीब 15 वर्षों से अमेठी के नलकूप विभाग में तैनात था। पुलिस और एंटी करप्शन टीम अब पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है, कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इस कार्रवाई को आमजन ने सराहा है।और उम्मीद जताई है, कि इससे सरकारी दफ्तरों में व्याप्त रिश्वतखोरी पर अंकुश लगेगा।

# मनरेगा बचाओ के पक्ष में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विगत 17 फरवरी को मनरेगा बचाओं संग्राम के तहत विधानसभा घेराव लखनऊ कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा सरकार की शह पर पुलिस द्वारा अमानवीय व्यवहार किया गया, कांग्रेस कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ नेताओं के साथ मारपीट की गई, जिसके विरोध में कांग्रेसजनों ने शान्तिपूर्ण तरीके से डा. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा के नीचे बैठकर धरना प्रदर्शन किया, कांग्रेसजन जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र हाथों में लेकर धरने पर बैठे।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने और प्रदर्शन करने का अधिकार हमें संविधान देता है, भाजपा की सरकार पुलिस को आगे करके हम कांग्रेसियों के मनोबल को नहीं तोड़ सकती है, मनरेगा बचाओं संग्राम तब तक जारी रहेगा, जब तक मोदी सरकार अपने फैसले से पीछे नहीं हटती है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा घेराव लखनऊ से एक दिन पहले ही सरकार की मंशा से पुलिस कांग्रेस नेताओं को हाऊस अरेस्ट कर रखा था, लेकिन बावजूद इसके कांग्रेस के सिपाही बड़ी संख्या में लखनऊ पहुंचने में सफल हुये, जहां उनके साथ मारपीट की गई और गिरफ्तार किया गया, भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर है।

शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है, सत्ता परिवर्तन निश्चित है, भाजपा की प्रदेश सरकार ने जिस तरह से निहत्थे कांग्रेसियों के साथ बल प्रयोग किया है, वह अत्यन्त निंदनीय और कायरता पूर्ण है। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जोश और हिम्मत की प्रशंसा करते हुए कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है, समय आने पर संघर्ष और भीषण होगा, जिसके लिए हम सब तैयार है। इस अवसर पर वी. के. शुक्ला, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, प्रवक्ता महताब आलम, अजीत सिंह, लाल आशकिरन प्रताप सिंह, संजय श्रीवास्तव, अनवार खान, सुमित्रा रावत, आर.के. सिंह, आलोक विक्रम यादव, घनश्याम शुक्ला, मनोज तिवारी, हाफिज रियाज, ओम प्रकाश पाल, रमाकांत सिंह, सुरेश पासी, सुनील सिंह भदौरिया, अभय त्रिवेदी, सर्वोत्तम मिश्रा, राजेन्द्र सिंह, हरिभान चौधरी, अशरफ खान, सच्चिदानंद त्रिपाठी, हारून अली, छत्रपाल यादव, नीरज शुक्ला, सूर्य कुमार बाजपेयी, मनीष सोनकर, मुन्ना घोसी, संजीव शुक्ला, लक्ष्मी सिन्हा, शिव नारायण मिश्रा, शिव बाबू शुक्ला, हाजी उस्मान, मनोज मिश्रा, अवधेश तिवारी, अमित मिश्रा, राशिद अंसारी, सफ्फू खान सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



# मोहनगंज पुलिस का खुलासा: चुनावी रंजिश में की गई हत्या, मोटरसाइकिल संग आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद में मोहनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई वृद्ध की निर्मम हत्या का पुलिस ने महज चार दिन में खुलासा कर दिया है। स्वाट और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ एकआरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आलाकत्ल लोहे की सरिया, कुल्हाड़ी और आरोपी का पर्स भी बरामद कर लिया है। इस कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक ने टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

घटना चौदह फरवरी की रात की है। पूरे घिसई मजरे लीही निवासी जगदीश ने पंद्रह फरवरी को थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनके पिता शिव प्रसाद रोज की तरह खाना खाकर बन्दरही स्थित ट्यूबवेल और सुअर बाड़े की रखवाली के लिए छप्पर में सोने गए थे। रात में अज्ञात हमलावर ने उनके सिर पर गंभीर वार कर हत्या कर दी।इस पर थाना मोहनगंज में मु0अ0सं0 43/26 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।



पुलिस अधीक्षक सरवणन टी.के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में जांच तेज की गई। गुरुवार उन्नीस फरवरी को मुखबिर की सूचना पर एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल यूपी 33 बीएफ 7440 सवार महेश कुमार 35 निवासी पूरे दुर्गा दूबे मजरे लीही को गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में आरोपी ने चुनावी रंजिश और कथित धमकी को हत्या का कारण बताया। उसने स्वीकार किया कि पहले लोहे की सरिया से वार किया, फिर कुल्हाड़ी और हंसिया से कई प्रहार कर शिव प्रसाद की हत्या कर दी। वारदात के दौरान मृतक द्वारा उसकी उंगली काट लेने से सरिया वहीं गिर गई थी। भागते समय उसका पर्स भी मौके पर छूट गया। आरोपी ने कपड़े और जूते नहर में फेंकने की बात भी कबूली। चौंकाने वाली बात यह है,कि आरोपी थाने का चौकीदार है और वारदात की रात ड्यूटी पर था।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेजते हुए आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस त्वरित खुलासे से क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर भरोसा मजबूत हुआ है।

# पेंशनर्स कर्मचारियों को लेकर मुख्य प्रबंधक की अगुवाई में एसबीआई में की गई बैठक

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



रायबरेली स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की मुख्य प्रबंधक आरती चौधरी ने पेंशनर कर्मचारियों को लेकर मीडिया से बातचीत करते हुए बताया महीने में एक दो बार पेंशनर्स कर्मचारी की मीटिंग रखी जाती है लगभग आज हमारे यहां 24 से 25 पेंशनर आए हुए थे जिनकी कुछ समस्याएं थी उन समस्याओं का निवारण किया गया अधिकतर देखा जाता है समय से पेंशन न पहुंचना और एक बड़ी समस्या आ जाती है कि परिवार कैसे चलाया जाए लेकिन मुख्य प्रबंधक आरती चौधरी ने बताया ज्यादातर हम लोग का लक्ष्य होता है जितने भी पेंशनर कर्मचारी हैं उनका समय से उनकी पेंशन मिल जाए बाकी कोई भी समस्या बैंक के द्वारा पेंशनर कर्मचारियों को उनके भविष्य के लिए कोई भी दिक्कतें उत्पन्न नहीं कराती हैं।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

डीएम हर्षिता माथुर व मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता के निर्देशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड हरचन्दपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय टांडा एवं उच्च/प्राथमिक विद्यालय शोरा तथा विकास खण्ड सतांव के सार्वजनिक विद्यालय जूनियर हाईस्कूल स्कूल दरीबा, प्राथमिक विद्यालय /आंगनबाड़ी केंद्र दरीबा एवं प्राथमिक विद्यालय, सोईठा में जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रमों में महिला कल्याण विभाग द्वारा सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए हुए बताया गया कि बाल विवाह करने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पूर्णतया नहीं हो पता है, जिससे बालक एवं बालिकाओं का पूरा जीवन अंधकारमय बीतता है। बाल विवाह बच्चों का बचपन छीन लेता है और उनकी खुशहाली को खतरे में डाल देता है 18 साल से कम उम्र में शादी करने वाली लड़कियों के घरेलू हिंसा का शिकार होने की संभावना ज्यादा होती है और उनके स्कूल में बने रहने की संभावना भी कम होती है।





बाल विवाह करना एक कानून अपराध है यदि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह करता है तब उसको 1 लाख रुपए जुर्माने 2 वर्ष तक का कठोरतम कारावास या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा। परिवार, समाज, समुदाय एवं देश के प्रत्येक नागरिक को बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय सहभागिता के साथ बाल विवाह का अंत करना होगा तभी बाल विवाह मुक्त भारत संभव हो सकेगा। विवाह करने की उम्र लड़की की 18 वर्ष से अधिक तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। इसी दौरान उपस्थित छात्र /छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। इसी दौरान टीम द्वारा सभी को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, 181 महिला हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पति की मृत्यु पर निराश्रित विधवा पेंशन योजना आदि विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

# जिले में शुरू हुआ बालिका प्रीमियर लीग

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद में जिला प्रशासन द्वारा एक अनूठी पहल की गई है। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के निर्देशन में अंडर-14 बालिकाओं के लिए **बालिका प्रीमियर लीग (BPL) 2026** का आयोजन किया जा रहा है। यह टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान कर रहा है।

इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता (Leadership) और खेल भावना को विकसित करना है। इसमें परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (KGBV) और निजी स्कूलों की कुल 16 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

इस टूर्नामेंट का आयोजन तीन तहसीलों में किया जा रहा है। **तुलसीपुर (21 फरवरी):** आदि शक्ति माँ पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में पूल-ए के मैच। **बलरामपुर (22 फरवरी):** स्पोर्ट्स स्टेडियम में पूल-C के मैच। उतरौला (24 फरवरी): एम.वाई. उस्मानी इंटर कॉलेज में पूल-क्र के मैच। प्रत्येक तहसील की विजेता टीमें अगले दौर में अपनी जगह पक्की करेंगी। खिलाड़ियों के उत्साह के लिए **बेसिक वॉरियर्स**, **कस्तूरबा राइडर्स** और **फातिमा फाइटर्स** जैसे प्रेरणादायक नाम दिए गए हैं।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मेगा फाइनल:** इस लीग का सबसे भव्य पड़ाव 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर होगा। स्पोर्ट्स स्टेडियम, बलरामपुर में टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और **मेगा फाइनल** आयोजित किए जाएंगे। यह दिन जनपद की बेटियों की खेल प्रतिभा और उनके सशक्तिकरण के उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी ने बताया कि यह आयोजन बालिकाओं को समान अवसर देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रशासन की इस पहल से न केवल खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति दृष्टिकोण में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।



# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, लखनऊ

## कार्यालय विज्ञप्ति

दिनांक: फरवरी 17, 2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, लखनऊ में 03 रिक्त संविदा कर्मियों की नियुक्ति किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। शासनादेश सं0 1963/सात-न्याय-2-2000-41जी/97, दिनांक 19.10.2000 के साथ पठित शासनादेश सं0 15/2016/1111/सात-न्याय-2-2016-41जी/97, दिनांक 10.08.2018 में निहित शर्तों के अधीन संविदा के आधार पर नियत वेतन रू 8,840/- प्रतिमाह की दर से रिक्त 03 संविदा सफाई कर्मियों की नियुक्ति किये जाने हेतु निम्नानुसार प्रारूप पर इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र **दिनांक 28.02.2026 तक** आमंत्रित किये जाते हैं। शासनादेश सं0 1963/सात-न्याय-2-2000-41जी/97, दिनांक 19.10.2000 में दिये गये दिशा-निर्देशों के अंतर्गत तय किये गये मानकों के अधीन कार्य कराया जाना है। जिसके अंतर्गत एक सफाई कर्मचारी द्वारा कम से कम पांच न्यायालय कक्षों तथा उससे सम्बद्ध कार्यालय/शौचालय आदि के साफ-सफाई के कार्य का निर्वहन भी अपेक्षित है। उपर्युक्त कार्य के अतिरिक्त इन सफाई कर्मचारियों से सम्पूर्ण परिसर/नालियों इत्यादि की भी सफाई का कार्य भी लिया जाना है। चयनित सफाई कर्मचारी पूर्णतया संविदा पर ही होंगे तथा कोई भी संविदा सफाईकर्मी कभी नियमित होने का दावा नहीं कर सकेगा। आवेदन पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार **दिनांक 07.03.2026 को** जनपद न्यायालय, लखनऊ के पुराना उच्च न्यायालय परिसर स्थित मीटिंग कक्ष में होगा जिसमें सभी आवेदकों की उपस्थिति अनिवार्य है। साक्षात्कार में पदों के सापेक्ष पांच गुना अभ्यर्थी सफल घोषित किये जायेंगे, तथा उन्हें प्रायोगिक परीक्षा **दिनांक 16.03.2026 को** जनपद न्यायालय लखनऊ में उपस्थित होना होगा। साक्षात्कार 50 अंकों का होगा तथा प्रायोगिक परीक्षा भी 50 अंकों की होगी। अंतिम चयन सूची साक्षात्कार तथा प्रायोगिक परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर तैयार की जायेगी। उपर्युक्त से संबंधित आवेदन पत्र कार्यालय केंद्रीय नजारत अनुभाग में प्रत्येक कार्य दिवस में **प्रातः 11:00 बजे सायं 05:00 तक** प्राप्त किये जायेंगे।

**आवेदक हेतु नियम व शर्तें :-**

1- अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए।
2- अभ्यर्थी की आयु आवेदन की अंतिम तिथि तक निर्धारित आयु 18 से 40 वर्ष तक होनी चाहिए।
3- अभ्यर्थी शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए तथा सफाई कार्य करने में सक्षम हो।
4- कार्य संतोषजनक न होने पर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
5- किसी भी प्रकार की गलत जानकारी या जाली दस्तावेज पाये जाने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।
6- चयनित अभ्यर्थी को संस्थान के सभी नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।
7- अभ्यर्थी किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कम से कम 5वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। 5वीं से अधिक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में कोई अतिरिक्त वरीयता प्रदान नहीं की जायेगी।
8- प्रायोगिक परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों से सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई करायी जायेगी।

**अध्यक्ष,**
चयन उप-समिति/प्रधान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लखनऊ।

UPID: 246514, Dt.: 18.02.2026
Website: www.up.gov.in



## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने कुएं में कूदकर करी अपनी जीवन लीला समाप्त

**रायबरेली।** जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र मे उस वक्त हड़कम्प गया ज़ब थाना क्षेत्र के चतुर खेड़ा गांव में एक दुखद घटना ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। मामला गुरुवार सुबह का बताया जा रहा है, गांव निवासी रमेश कुमार उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र स्वर्गीय कृष्ण, ने घर के सामने स्थित कुएं में किसी बात से क्षुब्ध होकर कूदकर अपनी जान दे दी। सूत्रों के अनुसार, युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था, जिसके कारण उसने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और तुरंत घटना की सूचना डायल 112 को सूचित किया। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर कुएं से युवक के शव को बाहर निकाला। वही स्थानीय पुलिस को भी डायल 112 ने सूचना दी इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन और ग्रामीण इस घटना से सदमे में हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है वही असालिया टी घटना की क्या है यह तो पोस्टमार्टम की रिपोर्ट और जांच के बाद ही साफ हो पाएगा।

# कैरियर सेमिनार एवं प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग, कैरियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सेल एवं इमार्टिकस लर्निंग संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को कैरियर सेमिनार एवं प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया । जानकारी के अनुसार 19 फरवरी को एमएलके पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग, कैरियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सेल एवं इमार्टिकस लर्निंग संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कैरियर सेमिनार एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम इन्वेस्टमेंट बैंकिंग एवं रिटेल बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को लेकर आयोजित किया गया, इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सेमिनार में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को चयनित होने के पश्चात बैंकिंग एवं फाइनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कौशल सिंह (ह्यह्यद्बह्यह्लड्डठ्ठह्ल ड्डद्बष्द्ग क्चह्मद्बद्धस्रद्दठ्ठह्) रहे, जिन्होंने निवेश बैंकिंग, बीएफएसआई (क्चस्नस्ढ्ठ) सेक्टर, फिनटेक तथा आईटी इंडस्ट्री में उभरते अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



उन्होंने बताया कि भारत में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं का क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है और योग्य युवाओं के लिए इसमें व्यापक संभावनाएं उपलब्ध हैं। सेमिनार में विद्यार्थियों को निवेश बैंकिंग ऑपरेशंस, केवाईसी एएमएल, रिस्क एवं कंप्लायंस, कैश इक्विटीज, डेरिवेटिव्स, एसेट मैनेजमेंट, फॉरेन एक्सचेंज तथा ट्रेड लाइफ साइकिल जैसे प्रमुख जॉब प्रोफाइल्स की जानकारी दी गई। साथ ही, जॉब-ओरिएंटेड प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं 100त्न जॉब एश्योरेंस मॉडल के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को बताया गया कि किस प्रकार कौशल विकास, इंडस्ट्री-विशिष्ट ट्रेनिंग, मॉक इंटरव्यू और रियल-वर्क प्रोजेक्ट्स के माध्यम से वे अकादमिक जीवन से कॉर्पोरेट जगत में सफलतापूर्वक प्रवेश कर सकते हैं।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जे पी पांडेय ने बताया कि यह सेमिनार हमारे महाविद्यालय की उन छात्रों छात्राओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा जो बैंकिंग क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते है।महाविद्यालय में भविष्य में इस प्रकार कैरियर से संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अनेक छात्र- छात्राओं ने बैंकिंग सेवा में जाने के लिए अपनी रुचि व्यक्त की तथा छात्राएं इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करके बहुत लाभान्वित हुईं। इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ एस के त्रिपाठी, डॉक्टर के के सिंह, डॉ पीके श्रीवास्तव, डॉ केपी मिश्रा व डॉ पी एन पाठक सहित करियर एवं काउंसलिंग सेल के कन्वीनर डॉक्टर ऋषि रंजन पांडेय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर श्री प्रकाश मिश्रा, करियर काउंसलिंग के सदस्य डॉक्टर बी एल गुप्ता, लेफ्टिनेंट डॉक्टर देवेंद्र कुमार चौहान, शिवानंद पांडे, सिद्धार्थ मोहंता सहित महाविद्यालय के शिक्षक तथा वाणिज्य विभाग के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# क्यों कविता कौशिक नहीं बनना चाहतीं मां? बताई थी ये बड़ी वजह

बड़े पर्दे से लेकर छोटे पर्दे तक की कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं, जो शादी के कई साल बाद भी मां नहीं बन पाईं. कई हसीनाओं को तो उम्रभर औलाद का सुख नहीं मिल पाया. वहीं एक एक्ट्रेस ऐसी भी है, जो मां ही नहीं बनना चाहती है. यहां बात हो रही है छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री कविता कौशिक की. कविता ने कई शोज में काम किया है, लेकिन उन्हें पहचान मिली थी साल 2006 में शुरू हुए शो 'एफ आई आर' से.

हल्की-फुल्की कॉमेडी के साथ आने वाले इस शो में उन्होंने इंस्पेक्टर चंद्रमुखी चौटाला नाम का किरदार निभाया था. कविता आज 45 साल की हो चुकी हैं. एक्ट्रेस का जन्म 15 फरवरी 1981 को नई दिल्ली में हुआ था. उन्होंने साल 2017 में अपने बेस्ट फ्रेंड और बिजनेसमैन रोनित बिस्वास से शादी की थी. दोनों की शादी को 7 साल हो चुके हैं. हालांकि अभी तक वो पेरेंट्स नहीं बने हैं. लेकिन, आपको बता दें कि एक्ट्रेस ने मां ना बनने का फैसला लिया था. उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई थी.

**'कुटुंब' से किया था एक्टिंग डेब्यू**

कविता ने एकता कपूर के सीरियल 'कुटुंब' से अपना एक्टिंग डेब्यू किया था. लेकिन, एफ आई आर उनके लिए लाइफ बदलने वाला सीरयल रहा. इनके अलावा वो डॉ भानुमति ऑन ड्यूटी और रियलिटी शो नच बलिए में भी नजर आईं. वहीं एक्ट्रेस ने 'बिग बॉस 14' में भी हिस्सा लिया था.

**क्यों मां नहीं बनना चाहतीं कविता ?**

2017 में शादी करने वाली कविता ने साल 2019 में एक इंटरव्यू में मां ना बनने के फैसले को लेकर बात की थी. एक्ट्रेस ने कहा था कि अगर वो 40 की उम्र में मां बनेंगी तो जब उनका बच्चा 20 साल का होगा तब तक वो बूढ़ी हो चुकी होंगी. उन्होंने कहा था कि मैं नहीं चाहती कि वो 20 साल की उम्र में अपने बूढ़े मां-बाप की जिम्मेदारी उठाए.'

**पति संग ऐसा है रिश्ता**

कविता ने अपने पति के साथ अपने मजबूत रिश्ते पर भी बात की थी. एक्ट्रेस ने कहा था कि हम साथ में घूमते-फिरते हैं, एन्जॉय करते हैं और एक दूसरे के साथ काफी वक्त बिताते हैं.

आगे उन्होंने बताया था कि उनके पति ने कम उम्र में ही अपने पेरेंट्स को खो दिया था. कभी वो मेरे लिए एक पिता की तरह बन जाते हैं तो कभी मैं उनके लिए मां की तरह रिएक्ट करने लगती हूं.

## सपना चौधरी का टूटा 'सपना', फिनाले से ठीक पहले पैर में फ्रैक्चर, शो से हुईं बाहर!




कलर्स टीवी और जियो हॉटस्टार का हाई-वोल्टेज रियलिटी शो 'द 50' इन दिनों अपने रोमांच के चरम पर है. जैसे-जैसे फिनाले की घड़ी नजदीक आ रही है, शो में दांव-पेच और लड़ाइयां और भी तीखी होती जा रही हैं. लेकिन इसी बीच एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने फैंस का दिल तोड़ दिया है. शो की सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही सपना चौधरी अचानक शो से बाहर हो गई हैं.

ऑनलाइन पोर्टल फिल्मी विंडो के दावे के मुताबिक एक मुश्किल टास्क के दौरान सपना चौधरी को गंभीर चोट आ गई है. एक टास्क परफॉर्म करते समय सपना के पैर में फ्रैक्चर हो गया है. डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें पूरी तरह से बेड रेस्ट की सलाह दी है. फिलहाल सपना का इलाज चल रहा है और उन्हें ठीक होने में काफी समय लग सकता है. चूंकि 'दे 50' एक ऐसा शो है जहां फिजिकल स्ट्रेंथ (ताकत) और स्टैमिना की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, ऐसे में घायल पैर के साथ सपना का खेल में बने रहना नामुमकिन था उनके साथ हुई इस अनहोनी ने उनकी फिनाले तक की राह में रोड़ा अटका दिया है.

**दिव्या अग्रवाल के साथ लिया था 'पंगा'**

सपना चौधरी इस सीजन की सबसे 'फायर' कंटेस्टेंट रही हैं. उन्होंने न केवल टास्क में अपनी ताकत दिखाई, बल्कि अपनी बेबाकी से सबके पसीने भी छुड़ा दिए. सीजन का सबसे बड़ा धमाका तब हुआ जब सपना और दिव्या अग्रवाल के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई.

**क्यों हुई थी लड़ाई ?**

दरअसल सपना और दिव्या के बीच की ये बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों ने एक-दूसरे पर धोखाधड़ी और एलायंस (गठबंधन) को मैनिपुलेट करने के गंभीर आरोप लगाए. स झगड़े ने पूरे घर को दो गुटों में बांट दिया था और सोशल मीडिया पर भी फैंस के बीच लंबी जंग छिड़ गई थी.

**फिनाले की रेस में मची खलबली**

सपना चौधरी का इस मोड़ पर बाहर होना बाकी कंटेस्टेंट्स के लिए जहां राहत की बात हो सकती है, वहीं शो के लिए यह एक बड़ा नुकसान है. सपना को टॉप-2 या विनर के तौर पर देखा जा रहा था. उनकी गैरहाजिरी से घर के अंदर के समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं. रियलिटी शो की दुनिया में कहा जाता है कि यहां कुछ भी निश्चित नहीं होता, और सपना की ये एग्जिट इसका सबसे बड़ा उदाहरण है. सपना के फैंस सोशल मीडिया पर उनके जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं. अब देखना दिलचस्प होगा कि उनकी कमी का फायदा उठाकर कौन सा खिलाड़ी फिनाले की ट्रॉफी अपने नाम करता है.

## 16 साल के करियर में पहली बार ये काम कर रहे हैं Ranveer Singh, 'धुरंधर' के बाद लिया बड़ा फैसला




बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह इन दिनों अपने करियर के सबसे बेहतरीन दौर से गुजर रहे हैं. हाल ही में उन्होंने न सर्फ अपने करियर की बल्कि बॉलीवुड की सबसे बड़ी और भारत की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म दी है. यहां बात हो रही है 'धुरंधर' की. धुरंधर से बॉक्स ऑफिस पर जमकर तबाही मचा चुके रणवीर सिंह अब इसके सीक्वल से धूम मचाने वाले हैं. इसके बाद वो अपनी एक नई फिल्म पर काम शुरू कर देंगे.

धुरंधर के ऐलान के साथ-साथ धुरंधर के सीक्वल का भी ऐलान हो गया था. धुरंधर के साढ़े तीन महीने बाद ही धुरंधर 2 रिलीज होने जा रही है. अगला पार्ट 19 मार्च को आ रहा है. इससे पहले ही रणवीर सिंह के खाते में एक और बड़ी फिल्म आ गई थी. चाहे उन्होंने फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 से किनारा कर लिया था, लेकिन एक 300 करोड़ी फिल्म से वो बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाएंगे और इसके लिए अभिनेता एक ऐसा काम भी करने जा रहे हैं जो उन्होंने 16 साल के करियर में कभी नहीं किया है.

**300 करोड़ी फिल्म में आएंगे नजर**

धुरंधर की अपार सफलता के बाद ही रणवीर की नई फिल्म का ऐलान हो गया था. उनकी धुरंधर 2 के बाद जो फिल्म आएगी उसका नाम है 'प्रलय'. रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म को 300 करोड़ रुपये के भारी भरकम बजट में बनाया जा रहा है और ये रणवीर के करियर की सबसे महंगी फिल्म साबित होगी.

**पहली बार करेंगे ये काम**

रणवीर सिंह प्रलय के लिए एक नहीं बल्कि दो जिम्मेदारी निभाते हुए नजर आएंगे. दरअसल इस पिक्चर में अहम किरदार निभाने के अलावा वो इसके को-प्रोड्यूसर भी होंगे. ये पहला मौका होगा जब रणवीर किसी फिल्म के लिए बतौर प्रोड्यूसर काम करेंगे. साल 2010 में एक्टिंग डेब्यू करने के बाद उन्होंने अब तक ये जिम्मेदारी नहीं निभाई है.

**कब शुरू होगी शूटिंग ?**

बताया जा रहा है कि धुरंधर 2 की मार्च में रिलीज के बाद अभिनेता अप्रैल से प्रलय पर काम शुरू कर देंगे. इसका डायरेक्शन हंसल मेहता के बेटे जय मेहता करेंगे. रणवीर के साथ-साथ इसके प्रोड्यूसर समीर नायर और हंसल मेहता भी हैं. ये फिल्म रणवीर के प्रोडक्शन हाउस 'मां कसम फिल्म्स' के बैनर तले बनेगी.

## 'द 50' से बाहर होकर भड़कीं डिंपल सिंह

### शिव ठाकरे को बताया धोखेबाज; पवन सिंह पर भी किया बड़ा खुलासा



कलर्स टीवी और जियो हॉटस्टार के रियलिटी शो 'द 50' से बाहर होने के बाद भोजपुरी एक्ट्रेस डिंपल सिंह काफी गुस्से में हैं. उन्होंने शो के कंटेस्टेंट शिव ठाकरे पर धोखेबाजी का आरोप लगाया है, वहीं भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह को लेकर भी एक चौंकाने वाली बात कही है. टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की खास बातचीत में डिंपल ने अपने इविक्शन, गेम प्लान और सलमान खान के प्रति अपनी दीवानगी पर खुलकर चर्चा की.

**आपने शिव ठाकरे का नाम लिया और उन पर धोखे का आरोप लगाया. असल में हुआ क्या था ?**

डिंपल सिंह का जवाब- शिव ने मुझे धोखा दिया है. वहां सब बड़ी-बड़ी बातें करते थे कि 'मैं बाहर चला जाता हूं, मैं खड़ा हो जाऊंगा', लेकिन मौका आने पर सब पलट गए. मेरी सबसे बड़ी गलती ये थी कि मैंने दिल से सोचा और लोगों की बातों पर भरोसा कर लिया. मुझे नहीं पता था कि लोग इतने दोगले और धोखेबाज हो सकते हैं.

शो में दिव्या अग्रवाल और भव्या के बीच काफी अनबन दिखी. आपका इस पर क्या स्टैंड है?

डिंपल सिंह का जवाब- किसी की पर्सनल लाइफ को नेशनल टेलीविजन पर उछालना बहुत गलत बात है. इससे आपकी परवरिश और दिमाग का पता चलता है. दिव्या बहुत स्वीट है. वैसे तो शो के अंदर ज्यादातर लोग गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं. 50 में से मुश्किल से 10 लोग ही अच्छे होंगे, बाकी सब दोगले हैं.

**शो में अब आप किसे विजेता के रूप में देखना चाहती हैं ?**

डिंपल सिंह का जवाब- बेशक, करण पटेल. उनके हाथ में ट्रॉफी देखना मेरा सपना है. करण फालतू की बातें नहीं करते, उनकी पर्सनालिटी बहुत स्ट्रॉन्ग है. वो बिना चिल्लाए भी शो में अपनी जगह बनाना जानते हैं.




**भोजपुरी इंडस्ट्री से आपको कितना सपोर्ट मिला ? पवन सिंह और खेसारी लाल यादव के बारे में क्या कहेंगी ?**

डिंपल सिंह- मुझे दिनेश लाल यादव (निरहुआ), मनोज तिवारी और आम्रपाली दुबे का पूरा सपोर्ट मिला. लेकिन पवन सिंह की तरफ से मुझे 'द 50' के लिए कोई सपोर्ट नहीं मिला. वहीं, खेसारी जी का तो अभी थोड़ी देर पहले ही कॉल आया था.

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# बांग्लादेश सरकार में हिंदु समुदाय के सांसदों को मंत्री बनाने के निहितार्थ

**भारत के खिलाफ अपने मंसूबों को पूरा करने के लिए जिस तरह चीन-पाकिस्तान ने बांग्लादेश के कंधों का इस्तेमाल कर देश को सत्यानाश के रास्ते पर धकेल दिया, उसका अंदाजा नवगठित सरकार के मुखिया को है। बांग्लादेश-भारत संबंध जितने बिगड़ेंगे, दोनों देश मिलकर उतना ही फायदा उठाएंगे। चीन-पाकिस्तान की जुगलबंदी ने पूर्व की कार्यकारी सरकार को कठपुतली की तरह इस्तेमाल किया। पाकिस्तान की शह पर बंगाली और हिंदुओं को खूब लड़ाया गया लेकिन 13वें राष्ट्रीय चुनाव में हिंदू समुदाय के तीन सांसद जीते हैं।**

*पड़ोसी देश बांग्लादेश में तारिक रहमान की अगुवाई में नई सरकार शपथ ले चुकी है। खास बात ये है नयी सरकार में दो हिंदू सांसदों को मंत्री बनाया गया है। समूची दुनिया इस निर्णय को भारत के साथ प्रत्यक्ष रूप से बांग्लादेश के बिगड़े संबंधों को सुधारने की पहल के रूप में देख रही है। इस कदम से चीन-पाकिस्तान चिढ़े भी हैं। यह उनके लिए असहज स्थिति पैदा करता है कि बांग्लादेश, भारत या उसके नजदीकियों को तवज्जो दे। लेकिन, देश के नये प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने ऐसे मंसूबों को धता बताते हुए बड़ी सूझबूझ से कदम आगे बढ़ाया। बीते कुछ महीनों में 11 हिंदुओं की बर्बरता के साथ हुई हत्या ने बांग्लादेश की न सिर्फ थू-थू करवाई बल्कि दशकों से चले आ रहे भारत के साथ उसके मधुर संबंधों को भी पटरी से उतार दिया। इसे लेकर दोनों देशों में तल्खियां बनी हुई थीं। रहमान जानते हैं अगर माहौल ऐसा ही रहा तो रिश्तों की दूरियां घटने वाली नहीं। इसपर गौर करते हुए रहमान ने अपनी कैबिनेट में हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सांसदों को अहम औहदे सौंपे ताकि रिश्तों में फिर से नरमी लाई जा सके। शेख हसीना की सरकार के पतन के साथ ही देश के हिंदु समुदाय को जिस तरह निशाना बनाया गया और बड़ी संख्या में भीड़ की हिंसा की घटनाएं तेजी से बढ़ीं, तारिक रहमान के सामने इन घटनाओं को तत्काल रोकने की बड़ी चुनौती है। हालांकि, इन घटनाओं को रोकने के लिए वह अपने कदम तेजी से बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री रहमान सबसे पहले पूर्व की अंतरिम सरकार के मुखिया रहे मोहम्मद यूनुस के फैसलों की गहन समीक्षा करेंगे। मोहम्मद यूनुस का झुकाव भारत को परेशान करने वाली पाकिस्तान-चीन की संयुक्त खुराफाती नीतियों की ओर ज्यादा रहा था। रहमान अच्छी तरह से समझते हैं कि जबतक मोहम्मद यूनुस कार्यकारी प्रधानमंत्री रहे, उन्होंने भारत के साथ संबंधों को बिगाड़ने की हरसंभव कोशिशे की। कुछ उन्होंने की और कुछ दूसरे देशों ने करवाई। तारिक रहमान अपनी कैबिनेट में अल्पसंख्यक हिंदू मंत्रियों की आमद के साथ बांग्लादेश में अगले पांच सालों तक स्थिर और प्रभावशाली सरकार चलाने की मंशा रखते हैं। इसी को ध्यान में रखकर जब उनकी पार्टी बीएनपी चुनावों में जीती तो सबसे पहले वह अपने धुर विरोधी विपक्षी नेता और जमात-ए-इस्लामी प्रमुख शफीकुर रहमान के बिना बुलाए ढलती शाम के बाद उनके आवास पहुंच गए। चुनावी गुस्सेबाजियों के इतर उनसे नई सरकार में सहयोग की गुजारिश की। विपक्षी नेता ने भी राजनीतिक दुश्मनी छोड़ कर अपने घर पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस तरह की राजनीतिक परंपरा का प्रचार-प्रसार पूरे विश्व में होना चाहिए कि चुनाव बाद विपक्ष से सत्ता पक्ष को कैसे व्यवहार करना चाहिए। ये उन देशों के लिए सीख भी है जहां पक्ष-विपक्ष आपस में अनैतिकता की सभी सीमाएं लांघ रहे हैं। रहमान उस विपक्षी नेता के घर भी पहुंचे जिनकी पार्टी चुनाव में तीसरे स्थान पर रही। नेशनल सिटीजन पार्टी के नाहिद इस्लाम को भी गले लगाया और बांग्लादेश के विकास में उनसे भी सहयोग मांगा। राजनीति में ऐसी तस्वीरों का दिखना दुर्लभ होता है लेकिन बांग्लादेश में दिखी। रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उन्हें भाई बताना और उनकी जीत की खुशी में फूल-मिठाइयां को ढाका भेजना भी खतरे में पड़े संबंधों में रस भरने जैसा कहा जाएगा। साथ ही रहमान के शपथग्रहण समारोह में भारत सरकार की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का पहुंचना भी संबंधों को नए सिरे से गढ़ने जैसा है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**मोदी की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी ठोस काम मध्यप्रदेश में मोहन सरकार के नेतृत्व में होता हुआ इन दिनों बड़े स्तर पर देखा जा सकता है। प्रदेश के एक लाख से अधिक स्वसहायता समूहों को बाजार और तकनीकी सहायता दी जा रही है। उद्योगों में महिलाओं को 48 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है और उनके लिए विशेष औद्योगिक क्षेत्र बनाए जा रहे हैं। वहीं धार्मिक पर्यटन को नई गति देने के लिए होम-स्टे जैसी योजनाओं को बढ़ावा दिया गया है। इससे एक ओर पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिल रही है, तो दूसरी ओर ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि का नया मार्ग खोल रही है।**

# एक ट्रिलियन डॉलर की ओर बढ़ता मध्य प्रदेश



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**पिछले कुछ वर्षों में एक तरह से देखें तो जिस गति से आर्थिक प्रगति की है, वह प्रेरणादायक है। प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय वर्तमान में लगभग 1 लाख 55 हजार रुपये तक पहुंच चुकी है, जिसे अगले 25 वर्षों में 22 लाख 50 हजार रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे व्यापक औद्योगिक निवेश, कृषि उत्पादन और सेवा क्षेत्र के विस्तार से हासिल किया जाएगा।**

मध्यप्रदेश आज एक ऐसे परिवर्तनकारी दौर से गुजर रहा है, जहाँ विकास नारा न होकर धरातल पर उतरती हुई वास्तविकता बन चुका है। राज्य की आर्थिक गति, औद्योगिक विस्तार, कृषि समृद्धि और रोजगार सृजन की दिशा में हो रहे सतत प्रयासों ने इसे देश के तेजी से उभरते राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर दिया है। इस परिवर्तन के केंद्र में हैं डॉ. मोहन यादव, जिनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्पष्ट मानना है कि राज्य का विकास देश के समग्र विकास से जुड़ा हुआ है। वे अक्सर कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊँचाइयों को छू रहा है और इसी दिशा में मध्यप्रदेश भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। विकसित भारतञ्च2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राज्य ने एक व्यापक दृष्टिपत्र तैयार किया है, जिसमें आने वाले 25 वर्षों में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया गया है।

**आर्थिक विकास की नई कहानी:** पिछले कुछ वर्षों में एक तरह से देखें तो जिस गति से आर्थिक प्रगति की है, वह प्रेरणादायक है। प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय वर्तमान में लगभग 1 लाख 55 हजार रुपये तक पहुंच चुकी है, जिसे अगले 25 वर्षों में 22 लाख 50 हजार रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे व्यापक औद्योगिक निवेश, कृषि उत्पादन और सेवा क्षेत्र के विस्तार से हासिल किया जाएगा। राज्य सरकार ने औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए 18 नई औद्योगिक नीतियां लागू की हैं। इन नीतियों का उद्देश्य बड़े शहरों के साथ ही छोटे और दूरस्थ क्षेत्रों तक उद्योगों को पहुँचाना है। इसके लिए संभागीय स्तर पर अलग-अलग सेक्टरों पर केंद्रित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगा है।

**रोजगार सृजन और युवाओं में नया उत्साह:** मप्र में तेजी से बढ़ते उद्योगों और निवेश के कारण रोजगार के नए अवसर लगातार पैदा हो रहे हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का युवा रोजगार देने वाला बने। इसी उद्देश्य से स्वरोजगार और युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। यही कारण है कि वर्तमान में प्रदेश की बेरोजगारी दर मात्र 1 से 1.5 प्रतिशत के बीच रह गई है, जोकि देश के कई राज्यों की तुलना में काफी कम है। इसका सीधा संबंध उद्योगों के विस्तार, एमएसएमई सेक्टर की मजबूती और कृषि आधारित रोजगार से है। वस्तुतः यहां देखने में यह भी आ रहा है, जैसा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्पष्ट मानना भी है कि एमएसएमई क्षेत्र राज्य के औद्योगिक विकास की बैकबोन है। छोटे और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देकर ही व्यापक स्तर पर रोजगार सृजित किया जा सकता है। यही कारण है कि राज्य सरकार एमएसएमई और लघु उद्योगों को



**राज्य सरकार ने औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए 18 नई औद्योगिक नीतियां लागू की हैं। इन नीतियों का उद्देश्य बड़े शहरों के साथ ही छोटे और दूरस्थ क्षेत्रों तक उद्योगों को पहुँचाना है। इसके लिए संभागीय स्तर पर अलग-अलग सेक्टरों पर केंद्रित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए जा रहे हैं।**

विशेष अनुदान, कर में रियायत और आसान ऋण सुविधा उपलब्ध करा रही है। औद्योगिकरण को विशेष रूप से जनजाति और पिछड़े क्षेत्रों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कटनी और शहडोल जैसे क्षेत्रों में माइनिंग सेक्टर में निवेश बढ़ा है, वहीं नर्मदापुरम के बाबई-मोहासा क्षेत्र में इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स के निर्माण के लिए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। यही कारण है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों में से करीब 8 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि निवेशकों का भरोसा मध्यप्रदेश की नीतियों और वातावरण पर लगातार बढ़ रहा है।

**कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती:** मध्यप्रदेश लंबे समय से कृषि क्षेत्र में अग्रणी रहा है और सरकार इसे और सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। कृषक कल्याण वर्ष के तहत किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया गया है। कृषि उत्पादन के साथ-साथ फूड प्रोसेसिंग और पशुपालन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। सिंचाई के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पिछले डेढ़ साल में ही 7.5 लाख हेक्टेयर सिंचाई रकबा बढ़ाया गया है और इसे 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नर्मदा का जल क्षिप्रा नदी में पहुंचने से मालवा क्षेत्र के किसानों को विशेष लाभ मिला है। इसके साथ ही नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य देश में तीसरे स्थान पर पहुंच चुका है। मुरैना में उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर एक बड़ा सोलर प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है, जिससे दोनों राज्यों को बिजली का लाभ मिलेगा। किसानों को सोलर पंप देकर ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मंदसौर के गांधी सागर बांध में पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट की स्थापना भी राज्य की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह सब प्रयास पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक विकास को भी गति दे रहे हैं।

**कौशल विकास और तकनीकी सशक्तिकरण:** औद्योगिक गतिविधियों के बढ़ने के साथ भविष्य में कुशल श्रमिकों की मांग भी बढ़ेगी। इसे ध्यान में रखते हुए शिक्षा नीति 2020 के तहत युवाओं के कौशल उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इंजीनियरिंग कॉलेजों में आईटी सेंटर खोले जा रहे हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। सरकार तकनीक को चुनौती नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देख रही है और युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**महिला सशक्तिकरण और सामाजिक विकास:** प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी ठोस काम मध्यप्रदेश में मोहन सरकार के नेतृत्व में होता हुआ इन दिनों बड़े स्तर पर देखा जा सकता है। प्रदेश के एक लाख से अधिक स्वसहायता समूहों को बाजार और तकनीकी सहायता दी जा रही है। उद्योगों में महिलाओं को 48 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है और उनके लिए विशेष औद्योगिक क्षेत्र बनाए जा रहे हैं। वहीं धार्मिक पर्यटन को नई गति देने के लिए होम-स्टे जैसी योजनाओं को बढ़ावा दिया गया है। इससे एक ओर पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिल रही है, तो दूसरी ओर ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि का नया मार्ग खोल रही है, महिला सशक्तिकरण की इसमें बड़ी भूमिका है।

**सुरक्षा और विकास का संतुलन:** राज्य ने विकास के साथ-साथ सुरक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अमित शाह के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश नक्सलवाद से लगभग मुक्त होने वाला राज्य बन गया है। यह उपलब्धि विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में अहम भूमिका निभा रही है। ऐसे में कहना यही होगा कि आज डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने यह दिखा दिया है कि सही नीतियों, स्पष्ट दृष्टि और मजबूत इच्छाशक्ति के साथ किसी भी राज्य को विकास के नए शिखर तक पहुंचाया जा सकता है। जब विदेशी कंपनियां भी यहां निवेश करने के लिए उत्साहित हैं, युवा उद्यमिता की ओर बढ़ रहे हैं और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास सफल हो रहे हैं।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 14:38 तक |
| नक्षत्रः | उत्तरभाद्रपदा 20:07 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | साध्य, 18:23 |
| सूर्योदयः | 06:59 |
| सूर्यास्तः | 18:21 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 11:15-12:40 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:17-13:03 |

## जन एक्सप्रेस

**हुआ क्रमशः ह्रास !**

*मौके की तलाश में।*
*बन जाए सरकार ।।*
*कर लेते अभी गठबंधन।*
*चुनाव बाद प्रहार ।।*
*मर्यादा जो लोकतांत्रिक।*
*हुआ क्रमशः ह्रास ।।*
*हथकंडे है अपनाना।*
*बनने खातिर खास ।।*
*मौकापरस्त हो गये।*
*जैसे जो मन भाया ।।*
*इसलिए तो धीरे धीरे।*
*होता भी सफाया ।।*
*जनता भी टटोलती है।*
*भांपती भी चाल ।।*
*ना फिर भी बदलाव है।*
*बड़ा है सवाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बच्चों के पेट में ठंड लगते ही खिलाएं ये चीजें



**मौसम** बदलते ही बच्चों की सेहत पर सबसे पहले असर होता है और इसका सीधा असर उनके पेट पर दिखता है। कभी अचानक पेट दर्द, कभी ढीला पेट तो कभी उल्टी, ये सभी समस्याएं अक्सर इस बात का संकेत होती हैं कि बच्चे के पेट में ठंड लग गई है। खासकर बारिश और सर्दियों के मौसम में यह परेशानी बच्चों में बेहद आम हो जाती है। माता-पिता के लिए सबसे मुश्किल सवाल यही होता है कि ऐसे समय में बच्चे को क्या खिलाएं और क्या बिल्कुल नहीं। अक्सर देखा जाता है कि बच्चे आइसक्रीम, ठंडा दूध, कोल्ड ड्रिंक या बाहर का खाना खाने के बाद पेट की शिकायत करने लगते हैं। खासकर ठंड के मौसम में पेट में ठंड लगने की समस्या और बढ़ जाती है। छोटे बच्चों का पाचन तंत्र पूरी तरह मजबूत नहीं होता, इसलिए उनका पेट जल्दी रिएक्ट करता है।

**बच्चों के पेट में ठंड लगने पर क्या खिलाएं?:** डाइटिशियन अर्चना जैन के अनुसार, बच्चों के पेट में ठंडलगना कोई बड़ी बीमारी नहीं है, लेकिन अगर सही समय पर खानपान पर ध्यान न दिया जाए तो यह समस्या बढ़ सकती है। सही डाइट से न सिर्फ पेट को आराम मिलता है, बल्कि पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। डाइटिशियन अर्चना जैन बताती हैं कि बच्चों के पेट में ठंड लगने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। ज्यादा ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, फ्रिज का पानी या बाहर का स्ट्रीट फूड इसका बड़ा कारण बनता है। इसके अलावा सर्दियों में ठंड का मौसम, गीले कपड़ों में ज्यादा देर रहना, बारिश में भीग जाना या रात में पेट खुला रहना भी पेट में ठंड लगने की वजह बन सकता है। छोटे बच्चों का पाचन तंत्र पूरी तरह विकसित नहीं होता, इसलिए वे जल्दी प्रभावित हो जाते हैं।

**किन चीजों से रखें दूरी?:** जब बच्चों के पेट में ठंड लगी हो, तो कुछ चीजों से पूरी तरह परहेज जरूरी है। आइसक्रीम, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक, फ्रिज का पानी, तला-भुना खाना और बाहर का फास्ट फूड बच्चों की परेशानी बढ़ा सकता है। इसके अलावा बहुत ज्यादा फाइबर युक्त कच्ची सब्जियां और फल भी इस दौरान न दें।

**डाइटिशियन की सलाह:** अगर बच्चों को बार-बार पेट में ठंड लग रही है, लगातार दस्त, उल्टी, तेज पेट दर्द या बुखार बना हुआ है, तो इसे नजरअंदाज न करें। ऐसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। लंबे समय तक पेट खराब रहना किसी और समस्या का संकेत भी हो सकता है।

**निष्कर्ष:** बच्चों के पेट में ठंड लगना आम समस्या है, लेकिन सही डाइट और देखभाल से इसे जल्दी ठीक किया जा सकता है। डाइटिशियन अर्चना जैन के अनुसार, हल्का, गर्म और पौष्टिक भोजन बच्चों के पाचन तंत्र को मजबूत करता है और उन्हें जल्दी राहत देता है। समय पर खानपान में बदलाव करके बच्चों को पेट की परेशानी से बचाया जा सकता है।

**पेट खराब होने पर बच्चों को दूध देना चाहिए?:** अगर बच्चे को दस्त या गैस की समस्या हो रही है, तो दूध कुछ समय के लिए बंद करना बेहतर होता है, क्योंकि यह पेट की परेशानी बढ़ा सकता है। डॉक्टर की सलाह से ही दोबारा शुरू करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# मौत का कारण बनते ऑनलाइन गेम



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**परिजनों को निरंतर निगरानी रखने, मोबाइल देखने की समय सीमा तय करने, किसी और रचनात्मक कार्य में लगाने, सामाजिक गतिविधियों में अधिक सक्रिय करने और परंपरागत आउट डोर गेम्स के प्रति रुचि पैदा करने के ठोस प्रयास करने ही होंगे।**

**कुंठा, आक्रोश, संवेदनहीनता, तनाव आम होते जा रहे हैं। समय आ गया है जब ऑनलाइन गेमिंग की समस्या का हल खोजा ही जाना चाहिए। अन्यथा हालात दिन-प्रतिदिन बद से बदतर ही होंगे। ऑनलाइन गेमिंग बनाने वालों को तो एक मात्र उद्देश्य अधिक से अधिक पैसा कमाना है उन्हें इसके दुष्प्रभावों से कोई लेना-देना नहीं होता। हालांकि भारत सहित कुछ देशों की सरकारें सक्रिय हुई है।**

**कोरियन** लवर गेम के चलते गाजियाबाद की तीन बहनों की खुदकुशी ने आज के हालात और बच्चों की बदलती मानसिकता को लेकर झकझोर कर रख दिया है। अभी तीन बहनों की चिता की आग ठंडी भी नहीं हुई कि ऑनलाइन गेम के चलते मेरठ का 22 वर्षीय युवक मोहम्मद कैफ हेडफोन लगाकार गेम खेलते खेलते ही बेहोश होकर गिर गया और ब्रेन हेमरेज होने से मौत के आगोश में समा गया। इसे इंटरनेट गेमिंग डिसआर्डर के रुप में देखा व समझा जा सकता है। इस तरह की घटनाएं देश-दुनिया में आये दिन हो रही है और इनमें से कुछ ही घटनाएं हमारे सामने आ पाती है। ऐसा नहीं है कि ऑनलाइन गेम की गिरफ्त में हमारे देश के बच्चे या युवा आ रहे हों अपितु दुनिया के अधिकांश देश इस समस्या से दो-चार हो रहे हैं। इस तरह की घटनाओं को हत्या के रुप में ही देखा जाना चाहिए। आत्महत्या कहकर इसे हल्का किया जा रहा है। हालात यहां तक है कि बच्चे या ऑनलाइन गेम खेलने वाले रात को सोने की स्थिति में गेम में चल रहे टास्क से संबंधित बातें बोलते हुए देखे जा सकते हैं। पिछले दिनों ऑनलाइन गेम से ग्रसित बच्चे द्वारा नींद में फायर-फायर चिल्लाने का समाचार आम होता देखा गया। दरअसल, ऑनलाइन गेम मनोस्थिति को इस कदर प्रभावित कर देते हैं कि उठते-बैठते टास्क ही टास्क दिमाग में घूमता रहा है। इसी कारण से दुनिया के कई देशों में बच्चों के लिए इंटरनेट के उपयोग को लेकर सख्ती या रोक जैसे कदम उठाने शुरु किये हैं। आस्ट्रेलिया, फ्रांस, ब्रिट्रेन, सिंगापुर दक्षिण कोरिया आदि देश इस दिषा में सक्रिय हुए हैं। दरअसल, देखा जाएं तो आनलाइन गेम की लत अन्य नशों से भी अधिक गंभीर होती जा रही है। माना जाता है कि दुनिया के देशों में 1982 में आनलाइन गेमिंग के चलते पहली मौत का मामला सामने आया था जबकि उस समय तो इंटरनेट की पहुंच एक प्रतिशत तक भी नहीं थी। 2022 के बाद ऑनलाइन गेमों की बाढ़ सी आ गई और भारत ही नहीं दुनिया के देशों में गेमिंग के चलते होने वाले दुष्प्रभावों से हिला कर रख दिया है। देखा जाए तो जहां तक बच्चों में ऑनलाइन गेमिंग के चस्के का प्रमुख कारण माना जाए तो इसे कोविड के साइड इफेक्ट के रुप में देखा जा सकता है। कोविड के चलते बच्चों की जिस तरह से ऑनलाइन कक्षाएं शुरु हुई और जिस तरह से आज भी इसे देखा जा सकता है तो बच्चों के हाथों में एंड्रायड़ फोन आने और ऑनलाइन कक्षाओं के बाद स्क्रिन की अवधि बढ़ने और आकर्षक भ्रमित करने वाले गेमों से बच्चों के जुड़ने से हालात दिन-प्रतिदिन खराब ही हुए हैं। इस लत में बच्चे ही नहीं अपितु युवा भी आते जा रहे हैं। ब्लू व्हेल चैलेंज, पबजी, चोकिंग गेम, फार्टनाइट, फ्री फायर, पपी प्ले टाइम, द बेबी इन येलो, एविल नन, आइसक्रीम आदि गेम ने सर्वाधिक प्रभावित किया है। ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया मुख्यतौर से दो दिशाओं में चलती है। एक टास्कबेस्ड गेम है तो दूसरे इमर्सिव गेम है। टास्कबेस्ड गेम में लगातार नए नए टास्क दिए जाते हैं। यहां तक कि ऐसा भी गया है कि इस तरह के गेम में कई बार तो खेलने वाले को स्वयं को नुकसान पहुंचाने वाले टास्क दे दिए जाते हैं। वाइल्ड हंट, विचर 3, होरिजोन जैसे इस तरह के अनेक गेम है। यह तो केवल उदाहरण मात्र है। इसी तरह से इमर्सिंग गेमों में तकनीक और ग्राफिक्स के माध्यम से यर्थाथ दुनिया जैसे हालात दिखाते हैं। जीरो डॉन, रेड डेड, फॉलआउट और इसी तरह के अनेक गेम उपलब्ध है। खतरनाक तथ्य यह है कि 10-12 से लेकर 40 वर्ष तक के लोग इनके ज्यादा शिकार हो रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया की बात करें तो यह अपने आप में बड़ा व्यापार है। 2024 में 3.7 बिलियन के कारोबार को माना जा रहा है। साल 2029 तक इसके 9.1 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। यानी 2029 तक लगभग तीन गुणा बढ़ जाएगा। सबसे बड़ी चिंतनीय बात यह है कि ऑनलाइन गेम के कारण भले ही मौत के समाचार कभी कभार ही सामने आते हो पर इससे ज्यादा गंभीरता यह है कि मनोवैज्ञानिक असर अधिक दिखाई देने लगा है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# पीलीभीत में सपा का उग्र प्रदर्शन

## जिला उपाध्यक्ष मखदूम खां की गिरफ्तारी पर सियासी भूचाल, कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर सौंपा ज्ञापन

### धारा 170 बीएनएसएस के दुरुपयोग का आरोप

वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सपा नेता सुधीर तिवारी ने कहा कि पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस का सहारा लेकर जेल भेजने की प्रक्रिया अपनाई, जबकि यह धारा मूल प्राथमिकी में शामिल नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह कानून की आत्मा के साथ खिलवाड़ है और जमानत प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि न्याय नहीं मिला तो पार्टी उच्च न्यायालय तक कानूनी लड़ाई लड़ेगी।





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद की राजनीति गुरुवार को उस समय गरमा गई जब समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मखदूम खां की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। सपा नेताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार देते हुए प्रशासन पर सत्ता के दबाव में कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक गूंजे नारे, भारी संख्या में जुटे कार्यकर्ता दोपहर में सपा जिला कार्यालय पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' के नेतृत्व में जुलूस कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ा। 'लोकतंत्र बचाओ ', 'दमनकारी नीति बंद करो' जैसे नारों से पूरा मार्ग गूंज उठा।

कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने अपर जिलाधिकारी को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि 18 फरवरी की रात की गई गिरफ्तारी पूर्णतः नियम विरुद्ध और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है।

### 'सात वर्ष से कम सजा वाले मामलों में गिरफ्तारी अंतिम विकल्प'

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि मखदूम खां पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की जिन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, उनमें अधिकतम सजा सात वर्ष तक है। ऐसे मामलों में सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश हैं कि गिरफ्तारी अंतिम विकल्प होनी चाहिए, न कि प्रथम कदम।जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने कहा कि 'माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अनदेखी करते हुए प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर सीधा आघात है। '

### 'राजनीतिक प्रतिशोध की पराकाष्ठा'- पूर्व मंत्री

प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां 'फूल बाबू' ने कहा कि निर्दोष कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजना राजनीतिक प्रतिशोध की पराकाष्ठा है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की।

### प्रशासन पर राजनीतिक दबाव में काम करने का आरोप

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि अमरिया तहसील प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस भाजपा नेताओं के दबाव में काम कर रही है। सपा नेताओं का कहना है कि विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो 'जेल भरो आंदोलन' शुरू किया जाएगा।

### बड़ी संख्या में रहे पदाधिकारी मौजूद

प्रदर्शन के दौरान जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर तिवारी एडवोकेट, यूसुफ कादरी, बालकराम सागर, काशीराम सरोज, इम्तियाज अल्वी, प्रदीप सोनकर, गयासुद्दीन मंसूरी, शाहिद खान (संजय खान), ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, धनपति वर्मा एडवोकेट, मुक्तदिर हयात खां, रमेश राजा, हरगोविंद गंगवार, नाबिर अली मंसूरी, सतेंद्र मौर्य, हाजी शीबू मलिक, अरशद ताहिर, मेंहदी रजा, शराफत यार खां एडवोकेट, मलखान सिंह वर्मा, केके पाल, नरेंद्र गोस्वामी, आशीष सक्सेना एडवोकेट, शिशिर यादव एडवोकेट, प्रशांत यादव एडवोकेट, राशिद अल्वी, हरसिमरन सिंह, अदील अहमद, मोहम्मद हसन खां, मोहसिन खां, कायम खान एडवोकेट, शादाब खान, इमरान खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र बनाम दमन सियासी टकराव तेज

यह पूरा घटनाक्रम जनपद की राजनीति में नए सियासी मोड़ का संकेत दे रहा है। एक ओर सपा प्रशासन पर दमनात्मक कार्रवाई का आरोप लगा रही है, वहीं प्रशासनिक पक्ष इसे विधिसम्मत कार्रवाई बता रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह मामला और तूल पकड़ सकता है। यदि न्यायिक स्तर पर हस्तक्षेप होता है तो यह प्रकरण प्रदेश की राजनीति में भी चर्चा का विषय बन सकता है। सपा ने स्पष्ट किया है कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी हर वैधानिक और संवैधानिक कदम उठाएगी। पार्टी नेताओं ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी का मुद्दा नहीं, बल्कि विपक्ष की आवाज को दबाने के प्रयास के खिलाफ संघर्ष है।जनपद में फिलहाल राजनीतिक तापमान बढ़ा हुआ है और सभी की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई और न्यायिक प्रक्रिया पर टिकी हैं।

# पूरनपुर रोड के ब्लैक स्पॉट प्वाइंट्स का निरीक्षण, सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश



■ संकेतक, रिफ्लेक्टर व प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा; अवैध पार्किंग और अतिक्रमण पर कार्रवाई के आदेश



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने एआरटीओ पीलीभीत के साथ पूरनपुर रोड स्थित चिन्हित ब्लैक स्पॉट प्वाइंट्स का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुर्घटना संभावित स्थलों की बारीकी से पड़ताल करते हुए सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय सड़क पर लगे चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, बैरिकेडिंग, स्पीड लिमिट बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था तथा यातायात नियंत्रण से जुड़ी व्यवस्थाओं का मौके पर परीक्षण किया गया। जिन स्थानों पर संकेतक अपर्याप्त या क्षतिग्रस्त पाए गए, वहां तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ब्लैक स्पॉट प्वाइंट्स पर दुर्घटनाएं अक्सर तेज गति, अपर्याप्त संकेतक और लापरवाही के कारण होती हैं। ऐसे में इन स्थानों पर समुचित चेतावनी बोर्ड, फ्लैश लाइट संकेतक और स्पष्ट रोड मार्किंग कराई जाए। साथ ही सड़क किनारे होने वाली अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे यातायात बाधित न हो और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके। क्षेत्राधिकारी यातायात को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए तथा नियमित चेकिंग अभियान चलाकर हेलमेट, सीट बेल्ट और ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। एआरटीओ विभाग को भी सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण कराने को कहा गया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे। प्रशासन का मानना है कि ब्लैक स्पॉट स्थलों पर त्वरित सुधारात्मक कदम उठाए जाने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी और आमजन को सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध होगी।

# पीलीभीत में 20-21 फरवरी को लगेगा परिवहन मेला

■ एकमुश्त कर व्यवस्था लागू, वाहन स्वामियों को बार-बार कर भुगतान से मिलेगी राहत

■ आरटीओ बोले नई व्यवस्था से बढ़ेगी पारदर्शिता और राजस्व संग्रह होगा सुदृढ़

> एकमुश्त कर प्रणाली लागू होने से वाहन स्वामियों को बार-बार कर जमा करने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। इससे समय और संसाधनों की बचत होगी तथा विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक वाहन स्वामी परिवहन मेले में आकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।
>
> वीरेंद्र सिंह
> एआरटीओ पीलीभीत।

## विभिन्न श्रेणियों पर निर्धारित एकमुश्त कर दरें

### नई व्यवस्था के तहत भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित वाहनों के लिए निम्नलिखित एकबारीय कर दरें निर्धारित की गई हैं।

- दोपहिया मोटरसाइकिल (भाड़े पर संचालित) – वाहन मूल्य का 12.5 प्रतिशत
- तिपहिया मोटर कैब – वाहन मूल्य का 7 प्रतिशत
- 10 लाख रुपये तक के मोटर कैब (तिपहिया को छोड़कर) एवं मैक्सी कैब – वाहन मूल्य का 10.5 प्रतिशत
- 10 लाख रुपये से अधिक के मोटर कैब (तिपहिया को छोड़कर) एवं मैक्सी कैब – वाहन मूल्य का 12.5 प्रतिशत
- संनिर्माण उपस्कर/विशेष प्रयोजन यान (जैसे जेसीबी) – वाहन मूल्य का 6 प्रतिशत
- 3000 किलोग्राम तक के मालवाहन (पिकअप आदि) – वाहन मूल्य का 3 प्रतिशत
- 3000 किलोग्राम से अधिक एवं 7500 किलोग्राम तक के मालवाहन (मिनी ट्रक आदि) – वाहन मूल्य का 6 प्रतिशत।

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद के वाहन स्वामियों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य सरकार ने परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार करते हुए एकमुश्त (वन टाइम) कर व्यवस्था लागू कर दी है। यह नई व्यवस्था 30 जनवरी 2026 की अधिसूचना के तहत लागू की गई है और तकनीकी रूप से वाहन पोर्टल पर लाइव हो चुकी है।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश ने उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम 1997 की धारा-4 की उपधारा (1-क) एवं (2) में संशोधन करते हुए परिवहन कर की एकबारीय व्यवस्था लागू की है। इसका उद्देश्य वाहन स्वामियों को बार-बार कर जमा करने की जटिल प्रक्रिया से राहत देना, प्रशासनिक प्रक्रिया को सरल बनाना तथा राजस्व प्रणाली को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाना है।

### पहले से पंजीकृत वाहनों को विशेष छूट

पहले से पंजीकृत वाहनों पर एकमुश्त कर की गणना के दौरान पूर्व अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए देय कर राशि में 8 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। हालांकि यह छूट अधिकतम 75 प्रतिशत तक सीमित रहेगी। इससे पुराने बकाया मामलों के निस्तारण में तेजी आने की उम्मीद है।

नई व्यवस्था के प्रचार-प्रसार और वाहन स्वामियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 20 एवं 21 फरवरी 2026 को प्रदेश के सभी जनपदीय परिवहन कार्यालयों में परिवहन मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उप संभागीय परिवहन कार्यालय, पीलीभीत परिसर में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विशेष परिवहन मेले का आयोजन होगा। मेले में कर निर्धारण, बकाया निस्तारण, वाहन श्रेणी परिवर्तन, परमिट संबंधी जानकारी तथा ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।


सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि यह व्यवस्था प्रदेश सरकार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि विभाग का प्रयास है कि जनपद के सभी पात्र वाहन स्वामी इस योजना के अंतर्गत अपना कर निस्तारण कराएं।

इससे न केवल व्यक्तिगत स्तर पर सुविधा मिलेगी बल्कि प्रदेश के राजस्व में भी वृद्धि होगी। अंत में उन्होंने वाहन स्वामियों से अपील की कि वे निर्धारित तिथियों पर परिवहन कार्यालय पहुंचकर नई कर व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करें और सरकार की इस जनहितकारी योजना का अधिकतम लाभ उठाएं। यह नई पहल परिवहन व्यवस्था में सुगमता, पारदर्शिता और आर्थिक अनुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# गजरौला में रफ्तार का कहर

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत

### आदर्श इंटर कॉलेज के सामने हादसा, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस; ग्रामीणों ने उठाई सुरक्षा इंतजाम की मांग




**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

थाना गजरौला क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने क्षेत्र को झकझोर दिया। ग्राम कैंच स्थित आदर्श इंटर कॉलेज के सामने अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह लगभग 10:30 बजे विजय शुक्ला (लगभग 35 वर्ष) पुत्र श्री राम रघुवीर शुक्ला, निवासी मोहल्ला ट्रांसपोर्ट नगर, काशीराम कॉलोनी, अपने किसी निजी कार्य से ग्राम लौकहा से शहर की ओर लौट रहे थे। जैसे ही वह ग्राम कैंच स्थित आदर्श इंटर कॉलेज के सामने पहुंचे, पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विजय शुक्ला सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोट लगने से उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही थाना गजरौला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मोर्चरी भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा सके।

### लगातार हो रही दुर्घटनाओं से बढ़ा आक्रोश

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्कूल और आबादी क्षेत्र होने के बावजूद यहां न तो स्पीड ब्रेकर हैं और न ही पर्याप्त चेतावनी संकेत। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं, चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। क्षेत्र में यातायात सामान्य है, लेकिन युवक की असमय मौत से परिवार और मोहल्ले में शोक का माहौल है।

# विधानसभा में गूंजा पीलीभीत का विकास एजेंडा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

प्रदेश की विधानसभा में बजट सत्र के दौरान पीलीभीत जनपद से जुड़े विकासात्मक मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने संबोधन में जनपद में विश्वविद्यालय की स्थापना की जोरदार मांग करते हुए इसे समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड एवं नेपाल सीमा से सटे पीलीभीत में उच्च शिक्षा के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। यहां के छात्रों, विशेषकर छात्राओं को स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए बरेली, लखनऊ अथवा अन्य दूरस्थ शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे आर्थिक बोझ बढ़ता है और सामाजिक चुनौतियां भी सामने आती हैं। ऐसे में पीलीभीत में विश्वविद्यालय की स्थापना जनपद के शैक्षिक और सामाजिक विकास की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। मंत्री ने अपने भाषण में भगा मोहम्मद पुल के निर्माण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। सदन में जानकारी दी गई कि पुल निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और शीघ्र ही इसके लिए बजट जारी किया जाएगा। पुल बनने से क्षेत्रीय आवागमन में सुगमता आएगी और ग्रामीण अंचलों को सीधा लाभ मिलेगा। लंबे समय से इस पुल की मांग स्थानीय जनता द्वारा की जा रही थी। राज्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास की नई धारा बह रही है और पीलीभीत भी उससे अछूता नहीं है। उन्होंने भारत पचपेड़ा क्षेत्र में स्थापित एशिया के सबसे बड़े एथेनॉल प्लांट का उल्लेख करते हुए बताया कि शीघ्र ही वहां उत्पादन प्रारंभ होने की संभावना है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। मंत्री ने यह भी कहा कि अन्य उद्योगों के निवेश को लेकर उद्योगपतियों से लगातार वार्ता चल रही है। आने वाले समय में पीलीभीत औद्योगिक नक्शे पर और अधिक मजबूती से उभरेगा। राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि विश्वविद्यालय स्थापना, पुल निर्माण और औद्योगिक विस्तार जैसे मुद्दों को विधानसभा में उठाए जाने से जनपद की विकास संबंधी मांगों को प्रदेश स्तर पर नई मजबूती मिली है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि विश्वविद्यालय स्थापना की प्रक्रिया कितनी शीघ्र गति पकड़ती है और प्रस्तावित परियोजनाएं धरातल पर कब तक उतरती हैं। जनपदवासियों को उम्मीद है कि बजट सत्र में उठे इन मुद्दों का सकारात्मक परिणाम जल्द देखने को मिलेगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कार्यक्रम में महिलाओं से छेड़छाड़

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत पर कार्रवाई न होने के बाद पीड़ित पक्ष ने न्यायालय की शरण ली, जिसके आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला पूरनपुर क्षेत्र का है। खीरी जनपद के थाना भीरा क्षेत्र के एक युवक ने तहरीर में बताया कि 19 दिसंबर 2025 को वह अपनी पत्नी और भाभी के साथ बहन के घर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने नगर के एक मोहल्ले में आया था। आरोप है कि शाम के समय दरवाजे पर खड़ी उसकी पत्नी और भाभी के साथ मोहल्ले के बसीम और उसके भाई आमिर ने गलत नीयत से हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने कथित रूप से महिलाओं के कपड़े फाड़ दिए और शोर मचाने पर डंडों से मारपीट की। इस दौरान महिलाओं के बुंदे और कुंडल भी छीन लिए गए। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि प्रारंभिक शिकायत के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। बाद में न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पूरनपुर के प्राचार्य ने पढ़ा शोधपत्र

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने छत्तीसगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शोधपत्र प्रस्तुत कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। यह कॉन्फ्रेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में एसोसिएशन सोशल इकोनॉमिक डेवलपमेंट स्टडीज के तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीएन बाजपेई, कुलपति अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा किया गया।कॉन्फ्रेंस में नेपाल के प्रो. वीर बहादुर महतो, इथोपिया के प्रो. मनोज मिश्रा, पूर्व कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा सहित देश-विदेश के अनेक शिक्षाविदों ने भाग लिया। डॉ. शर्मा के साथ डॉ. अरविंद कुमार दीक्षित, डॉ. जय नारायण, डॉ. सोनू, राहुल मिश्रा और ऋषभ वाजपेई ने भी प्रतिभाग किया। कॉन्फ्रेंस के दौरान एसोसिएशन की जनरल बॉडी बैठक में डॉ. सुधीर कुमार शर्मा को कार्यकारी समिति (ईसी) का सदस्य नामित किया गया। उनके चयन पर शिक्षाविदों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### होली से पहले गन्ना भुगतान की मांग

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** गन्ना किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। भाकियू जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को ज्ञापन दिया। किसानों का आरोप है कि पूरनपुर चीनी मिल द्वारा गन्ना मूल्य का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है। इसके चलते किसानों को बैंक ऋण, स्कूल फीस और नई फसल की बुवाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में घटतौली और अवैध वसूली की शिकायत भी की गई। किसानों ने मांग की कि होली से पहले बकाया भुगतान किया जाए। साथ ही चीनी मिल गेट पर भारी वाहनों से लगने वाले जाम की समस्या के समाधान की भी मांग की गई। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में किसान एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** जनपद की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित क्राइम ब्रांच एवं डायल-112 शाखा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यप्रणाली, अनुशासन और तकनीकी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। एसपी ने सबसे पहले क्राइम ब्रांच कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं की स्थिति जानी और स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वांछित एवं इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाने, सक्रिय निगरानी रखने और जांच में आधुनिक तकनीकी साक्ष्यों का अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने डायल-112 शाखा का निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, कॉल रिस्पांस सिस्टम और मौके पर पहुंचने की समय-सीमा की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राप्त हर सूचना पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए तथा शिकायतकर्ता के साथ शालीन और संवेदनशील व्यवहार रखा जाए। एसपी ने कहा कि आपातकालीन सेवाओं की विश्वसनीयता और त्वरित प्रतिक्रिया ही पुलिस की छवि को मजबूत बनाती है। इसलिए प्रत्येक कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ करे।निरीक्षण के दौरान परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव और उपस्थिति रजिस्टर की भी जांच की गई। अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा और टीमवर्क के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# विधायक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, रखीं क्षेत्रीय विकास की मांगें

## शारदा नदी तटबंध व चीनी मिल नवीनीकरण का उठाया मुद्दा



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर विधायक बाबूराम पासवान ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विभिन्न मांगें रखीं।विधानमंडल भवन में हुई भेंट के दौरान विधायक ने योगी आदित्यनाथ से शारदा नदी के दाएं एवं बाएं तट पर बाढ़ और कटान से प्रभावित गांवों के लिए परियोजनाओं की स्वीकृति का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि हर वर्ष क्षेत्र के कई ग्राम बाढ़ और कटान से प्रभावित होते हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए धनराशि शीघ्र स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त विधायक ने पूरनपुर स्थित किसान सहकारी चीनी मिल के नवीनीकरण का मुद्दा भी उठाया, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# पीलीभीत में सौंदर्यीकरण की नई पहल: पार्कों के कायाकल्प से बदली शहर की तस्वीर

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

नगर पालिका परिषद द्वारा चलाया जा रहा '28 दिन 28 लोकार्पण' अभियान अब शहर के स्वरूप में स्पष्ट बदलाव के रूप में दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में स्टेशन चौराहा स्थित नेहरू पार्क और गैस चौराहा स्थित शहीद दामोदर दास पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद उनका लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा किया गया। दोनों पार्कों का नवीनीकरण केवल रंग-रोगन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्हें आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर शहरवासियों के लिए अधिक उपयोगी और आकर्षक बनाया गया है। गैस चौराहा स्थित शहीद दामोदर दास पार्क में संगमरमर का आकर्षक फव्वारा स्थापित किया गया है, जो शाम के समय प्रकाश व्यवस्था के साथ मिलकर मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करता है। आधुनिक लाइटिंग सिस्टम से पार्क की सुरक्षा और उपयोगिता दोनों में वृद्धि हुई है।वहीं, स्टेशन चौराहा स्थित नेहरू पार्क में नई लाइटें लगाई गईं, रंगाई-पुताई कर परिसर को सुव्यवस्थित किया गया। यह पार्क लंबे समय से शहर के प्रमुख मिलन स्थलों में गिना जाता रहा है, ऐसे में उसका नवीनीकरण स्थानीय नागरिकों के लिए राहत और संतोष का विषय है। लोकार्पण के अवसर पर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि शहर के प्रमुख स्थलों का विकास केवल सौंदर्य बढ़ाने का प्रयास नहीं, बल्कि नगर की पहचान को सशक्त करने की दिशा में उठाया गया कदम है। स्वच्छ, व्यवस्थित और आकर्षक सार्वजनिक स्थल किसी भी शहर की छवि को मजबूत करते हैं। दरअसल, किसी भी नगर का विकास केवल सड़क और भवन निर्माण तक सीमित नहीं होता, बल्कि सार्वजनिक स्थानों की गुणवत्ता से भी उसकी पहचान बनती है। पार्क जैसे स्थल नागरिकों के सामाजिक, सांस्कृतिक और मानसिक स्वास्थ्य से सीधे जुड़े होते हैं। ऐसे में उनका सुव्यवस्थित और सुंदर होना शहर की समग्र प्रगति का संकेत देता है।

### जनसहभागिता से साकार हो रहा विकास

लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित सभासदों और नगरवासियों ने कार्यों की सराहना करते हुए नगर पालिका का आभार व्यक्त किया। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि विकास कार्यों को लेकर लोगों में सकारात्मक भावनाएँ हैं। स्पष्ट है कि नगर पालिका परिषद द्वारा चलाया जा रहा अभियान शहर को नया रूप देने की दिशा में सक्रिय है।

यदि इसी प्रकार योजनाबद्ध ढंग से सार्वजनिक स्थलों का विकास होता रहा, तो आने वाले समय में पीलीभीत एक स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित नगर के रूप में नई पहचान स्थापित कर सकता है।

### रूस में नौकरी के नाम पर ठगी: चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज


**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** रूस में अच्छी नौकरी दिलाने का लालच देकर छह लोगों से लाखों रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बरखेड़ा थाना पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच बीसलपुर की पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान को सौंपी गई है। पीड़ितों द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, अनन्या ट्रेवल्स, भरतनगर नई दिल्ली से जुड़े एजेंट दलाल हरनारायन निवासी ग्राम चन्दुआपुर थाना बंडा जनपद शाहजहांपुर तथा उसके सहयोगी आकाश, नागेंद्र और प्रशांत (निवासी दिल्ली) ने तीन वर्ष के वर्क वीजा पर रूस भेजने का झांसा दिया। आरोप है कि प्रत्येक व्यक्ति से ढाई-ढाई लाख रुपये लेकर उन्हें टूरिस्ट वीजा पर रूस भेज दिया गया, जहां उन्हें न तो नौकरी मिली और न ही वादा की गई सुविधाएं। सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर लगाई वतन वापसी की गुहाररूस में फंसे पीड़ितों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपने परिवारों से मदद की अपील की थी। इसके बाद परिजनों ने किसान नेता देवस्वरूप पटेल के माध्यम से केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद से संपर्क साधा।बताया गया कि केंद्रीय राज्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विदेश मंत्रालय से समन्वय किया, जिसके बाद सभी छह लोगों की सकुशल स्वदेश वापसी संभव हो सकी। भारत लौटने के बाद पीड़ितों ने दोबारा किसान नेता देवस्वरूप पटेल से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद देवस्वरूप पटेल ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर पूरे प्रकरण से अवगत कराया।मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस अधीक्षक ने बरखेड़ा पुलिस को तत्काल मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुपालन में पुलिस ने हरनारायन सहित चारों आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी और ठगी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। मामले की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान द्वारा की जा रही है।

# नकाबपोश बदमाशों ने फौजी परिवार को बंधक बना 25 लाख के जेवर लूटे

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

सदर कोतवाली क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगो का कहना है कि चोरियों के खुलासे में फिसड्डी साबित हो रही उरई कोतवाली पुलिस बड़े साहब के सुस्त रवैये ने चोरों के हौसले बुलंद कर दिए है और इससे आसपास के क्षेत्र में यह प्रचार लगभग हो ही गया है कि साहब पस्त चोर मस्त नजर आ रहे हैं।

बीती रात्रि का ताजा मामला सुशील नगर क्षेत्र का है जहां देर रात 8 से 10 नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर करीब 20 से 25 लाख रुपये के जेवर और नकदी लूट ली। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है वहीं पुलिस की निष्क्रियता को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुशील नगर निवासी सुरजीत सिंह पुत्र मान सिंह जो आईटीबीपी भटिंडा में देश सेवा में



तैनात हैं उनके घर पर कल देर रात यह वारदात हुई। घर में उनकी पत्नी पिंकी देवी और दो बच्चे मौजूद थे। पीड़िता के अनुसार देर रात करीब 2 बजे 8 से 10 नकाबपोश बदमाश घर की पीछे की दीवार पर सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते घर में घुस आए। पिंकी ने बताया कि बदमाशों ने घर में घुसते ही उन्हें और बच्चों को जगा दिया और सोने-चांदी के जेवरों के बारे में पूंछतांछ करने लगे। जानकारी न देने पर बदमाशों ने उनसे और उनके बेटे के साथ मारपीट की। पीड़िता द्वारा बताया गया कि बदमाशों में से एक के हाथ में लोहे की रॉड और दूसरे के हाथ में कट्टा था जिसे बेटे की कनपटी पर लगाकर जान से मारने की धमकी दी गई। भयभीत होकर पीड़िता ने जेवरों की जानकारी दी जिसके बाद बदमाशों ने उन्हें कमरे में बंदकर के उनका मोबाइल अपने पास रख लिया करीब 20 से 25 लाख रुपए के जेवर और 20 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। घटना के दौरान बदमाश करीब 45 मिनट तक घर में रहे और सभी कमरों का सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। जाते समय बदमाशों ने पीड़िता को धमकी दी कि यदि पुलिस को सूचना दी तो वे वापस आकर जान से मार देंगे। बदमाश पीड़िता के कमरे को बाहर से कुंडी बंद कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन खबर लिखे जाने तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। लगातार हो रही चोरी और लूट की घटनाओं से क्षेत्रीय जनता में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उरई कोतवाली पुलिस अपराधों के खुलासे में पूरी तरह विफल साबित हो रही है जिससे चोरों और बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। नगर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। तो वहीं नगरवासी अब कहते सुने गये कि रहम करो कोतवाली के बड़े साहब क्या शहर को लुटवाकर ही मानोगे।

## बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर रविवार को ही होगा शट डाउन :एसडीओ

**कालपी (जालौन)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुये कार्यदाई संस्था को शट डाउन देने के लिए अब बिजली विभाग ने व्यवस्था की है। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी कालपी धर्मेंद्र सिंह सचान ने बताया कि अब बिजली की हाईटेंशन लाइन का शट डाउन केवल रविवार को ही किया जायेगा। ताकि आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित न हो सके। एसडीओ के मुताबिक 400 केवी फरूखाबाद-महेवा डीसी लाइन के स्ट्रिंग कार्यो (तार खींचने) के कारण बिजली की आपूर्ति बंद करना पड़ती है। उन्होंने अवगत कराया है कि विद्युत पारेषण केंद्र उरई के द्वारा भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर -2 के अधीन विधुत विभाग का निर्माण कार्य ग्राम गोरा में चल रहा है। डीसी लाइन में तार खींचने के कार्य की वजह से न्यामतपुर व सरसेला में आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है। इधर 18 फरवरी से हाईस्कूल तथा इंटर मीडिएट की परीक्षा प्रारम्भ हो गई है। हाईटेंशन लाइन का शट डाउन होने से आपूर्ति बंद हो जाती है। इस वजह से पढ़ाई प्रभावित होती है।

# प्रत्येक ग्रामीण अपने अधिकारों के प्रति रहें जागरूक : तिवारी

**जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)**



विकासखंड कदौरा के ग्राम उकासा में स्थित परिषदीय विद्यालय के परिसर में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं के हितों के लेकर चर्चा की तथा ग्रामीणों को शासन की योजनाओं तथा कानून की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

राजस्व विभाग तथा न्याय विभाग के तत्वावधान में आयोजित विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर में कालपी के तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने बताया कि महिलाओं के हितों तथा संरक्षण के लिये कानून में व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि महिलाओं का उत्पीडन कराना कानूनी अपराध है। तहसीलदार ने कहा कि किशोरियों तथा महिलाओं का शोषण करने पर पास्को एक्ट के अंतर्गत कारवाई की जाती है।इसी तरह ट्रांसजेंडर के हितों में कानून में व्यवस्था की गई है। उन्होंने जमीनों के दाखिल खारिज, बिरासत तथा राजस्व विभाग के द्वारा चलाई जा योजनाओ को बतलाया। उन्होंने आव्हान किया है कि सभी ग्रामीणों को अपने अधिकारों की प्रति जागरूक रहना चाहिए।

शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी हासिल करते रहना चाहिए। क्षेत्रीय लेखपाल शिव मंगल पाठक ने महिला हेल्पलाइन, एम्बुलेंस सेवा 108, 102 तथा अन्य जानकारियां दी। नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम आदि विषयों पर चर्चा की। शिविर में ग्राम प्रधान अनूप कुमार, राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर, पीएलवी अरविंद कुमार, पंचायत अधिकारी शिवम कौशिक, स्वयं सेविका, सहित कई विभागों के अधिकारी तथा आसपास गांव के ग्रामीणों ने सहभागिता की।

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । जगम्मनपुर (जालौन)**

तेज गति और लापरवाही से चल रही लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रामपुरा क्षेत्र के ग्राम जगम्मनपुर निवासी विकास (19 वर्ष) पुत्र नरेश सिंह उर्फ लालू चंदेल गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे रामपुरा से अपनी नीले रंग की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (यूपी 92 के 2199) से फूल लेकर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह जगम्मनपुर मार्ग पर मई मोड़ के पास पहुंचा, सामने से आ रही तेज रफ्तार लोडर (यूपी 92 एटी 9383) ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विकास के सिर में गंभीर चोट आई और पैर बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही एंबुलेंस पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की असामयिक मृत्यु की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया। विकास तीन भाइयों में सबसे छोटा था और परिवार का लाडला था।

# कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**



गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूलेख अनुभाग, संग्रह अनुभाग, नजारत अनुभाग, शस्त्र अनुभाग, अभिलेखागार तथा माल फौजदारी अनुभाग सहित अन्य पटलों का क्रमवार मुआयना किया।

जिलाधिकारी ने कार्यालयों में अभिलेखों के संधारण, पत्रावलियों के रख-रखाव, लंबित प्रकरणों की स्थिति तथा निस्तारण की गति का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों को अद्यावधिक रखते हुए समयबद्ध रूप से निस्तारित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं, जीपीएफ संबंधी अभिलेख एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का भी अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त अभिलेख सुव्यवस्थित, अद्यतन एवं पारदर्शी तरीके से संधारित किए जाएं तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना प्राथमिकता है।

सभी अधिकारी एवं कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए जनहित को सर्वोपरि रखें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड की बेटियों की शिक्षा के लिये एमएलसी ने की आवाज बुलंद

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्र में बालिकाओं की शिक्षा को मजबूती दिलाने की मंशा से विधान परिषद सदस्य बाबूलाल तिवारी ने प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर महत्वपूर्ण मांग उठाई है। उन्होंने झांसी और जालौन जिलों में नवीन जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय खोले जाने का आग्रह किया है।

एमएलसी ने सरकार को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र आधारभूत संरचनाओं की कमी के कारण आज भी पिछड़ा माना जाता है, जिससे यहां बालिकाओं की शिक्षा प्रभावित हो रही है। विधान परिषद सदस्य ने बताया कि झांसी और जालौन जैसे जिलों में आज भी कई क्षेत्रों में शिक्षा की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। विशेषकर ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में छात्राओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बुंदेलखंड को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

बाबूलाल तिवारी ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय आवासीय और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का सशक्त माध्यम हैं। यदि झांसी और जालौन में इनकी स्थापना होती है, तो क्षेत्र की हजारों बेटियों को बेहतर भविष्य मिलेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि इन विद्यालयों की स्वीकृति देकर एक सार्थक और दूरगामी पहल की जाए।

# ससुर की हत्या करने वाले दामाद सहित दो गिरफ्तार, आला-कत्ल बरामद

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई के पचदेवरा थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व हाकी से हमला कर ससुर की हत्या के मामले में आरोपी दामाद सहित दो लोगो को पचदेवरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया,गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हॉकी स्टिक बरामद करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद शाहजहांपुर के अल्हागंज थाना क्षेत्र स्थित इस्लामनगर निवासी कृष्ण कुमार ने थाना पचदेवरा में तहरीर देकर बताया था कि बीती 17 फरवरी की सुबह करीब 8 बजे उसके भाई अशोक बाबू पर हथौड़ा रोड पर उस समय हमला कर दिया गया, जब वह बहन के साथ रामताल मंदिर में प्रसाद चढ़ाने जा रहे थे। आरोप है कि हथौड़ा गांव निवासी मनमोहक उर्फ मन्नू तथा अभिषेक सोमवंशी निवासी ग्राम खण्डौली थाना राजेपुर जनपद फर्रुखाबाद ने हॉकी स्टिक से अशोक के सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, अस्पताल ले जाने पर अशोक बाबू को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। आरोपी मनमोहन उर्फ मन्नू मृतक अशोक बाबू का दामाद है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। गुरुवार सुबह थाने की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के मान नगला अंडर पास से उपरोक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया और उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हॉकी स्टिक को हथौड़ा नहर के पास झाड़ियों से बरामद कर लिया गया। थानाध्यक्ष शिव नारायण सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस ने बलेहरा हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।** बेहटा गोकुल थाना के ग्राम बलेहरा में प्रेम प्रसंग की रंजिश में युवक की भाला से गोदकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीन नामजद आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। 10 फ़रवरी को अक्षय सिंह पुत्र कृष्ण कुमार सिंह उर्फ छोटकन्नू निवासी ग्राम बलेहरा की उसके गांव के ही अजीत सिंह उर्फ पिंकू सिंह, जगदीश पुत्र मुलायम सिंह, पुष्पा पत्नी जगदीश, सुधीर सिंह पुत्र जागेश्वर व 01 अन्य ने पेट में भाले से वार कर हत्या कर दी थी। इस संबंध में मृतक के भाई सूरज सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। बेहटा गोकुल के प्रभारी धर्मेन्द्र गिरी और पुलिस बल द्वारा नामजद वांछित सुधीर सिंह पुत्र जागेश्वर को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 12 फ़रवरी को अजीत सिंह उर्फ पिंकू सिंह,जगदीश पुत्रगण मुलायम सिंह और पुष्पा पत्नी जगदीश को पुलिस गिरफ्तार का न्यायालय के समक्ष पेश कर चुकी है।

# भाकियू दशहरी ने तहसील परिसर में किया धरना प्रदर्शन

## किसानों ने एसडीएम को सौपा समस्याओं का पुलिंदा

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी गुट के जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह यादव के नेतृत्व में गुरुवार को सवायजपुर तहसील मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर किसानो की समस्याओं को लेकर एसडीएम सवायजपुर मयंक कुंडू को ज्ञापन सौपा गया है। एसडीएम सवायजपुर को दिए गए ज्ञापन में जिला अध्यक्ष श्री यादव ने बताया चियासर घाट गंगा नदी में पैंटून पुल चालू कराया जाए।

जिससे कन्नौज फर्रुखाबाद की मंडियो तक किसानों का आवागमन सुगम हो सके तथा बेहथर गांव के पास नाले में पक्की पुलिया तथा बंधा निर्माण कराए जाने की मांग की गई है। सांडी ब्लाक के चौंसार गांव में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनकर तैयार हो गया है। जिसमें शीघ्र ही मेडिकल स्टाफ तैनात कर अस्पताल का संचालन शुरू कराया जाए।आवारा गोवांशो की निजात के लिए प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर नंदी गौशाला का निर्माण कराया जाए। करीब 2 साल से पलिया, हरपालपुर तथा ककरा ग्राम पंचायत में पानी की टंकियों की सप्लाई बंद है। जिसे सही कराकर पेयजल आपूर्ति बहाल की जाए। उन्होंने कहा यदि एक सप्ताह के अंदर किसानों से जुड़ी समस्याओं का समाधान न किया गया तो शीघ्र ही बड़े स्तर पर तहसील मुख्यालय पर महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान सतेंद्र सिंह पिंटू, मुन्नू सिंह, मुकेश कुमार, राधेश्याम कश्यप, धीरेंद्र सिंह, सुखराम यादव, राजेश कुमार, छेदालाल सक्सेना आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने मल्लावां कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** हरदोई।एसपी अशोक कुमार मीणा द्वारा गुरुवार की शाम मल्लावां कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने कार्यालय में रखे अभिलेखों का रखरखाव व परिसर की साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओ को बारीकी से चेक किया और जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुरुवार की शाम 4 बजे पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया सर्वप्रथम गॉड ऑफ़ आनर्र दिया गया, उसके बाद में मेश को चेक किया और उसके बाद कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया और महिला हेल्प डेस्क सीसीटीवी कैमरे, हवालात की साफ सफाई एवं रजिस्टरों के रखरखाव हेतु बारीकी से निरीक्षण किया और बेरेक को सही कराने के निर्देश दिए। करीब एक घंटे तक कोतवाली में रुक कर उन्होंने हर चीज को बारीकी से देखा और साफ - सफाई व्यवस्था को लेकर खुशी जहिर की। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह कोतवाल शिवाकांत पांडे सहित कोतवाली का स्टाफ मौजूद रहा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत, हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



पिहानी कोतवाली के मोहल्ला मिश्राना में बुधवार की रात 10 बजे एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान छोटे लाल उर्फ तन्नू पुत्र रामाधार निवासी मोहल्ला मिश्राना के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वृद्ध की मौत सामान्य नहीं है।

परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि किसी व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नीयत से घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और सीओ हरियावां मौके पर पहुचे और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।घटना के बाद मोहल्ले में चर्चा का माहौल बना हुआ है, वहीं परिजन दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। गुरुवार को दोपहर 1:00 बजे प्रभारी निरीक्षक ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ साण्डी इकाई ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**




राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई साण्डी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह को शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान की माँग को लेकर ज्ञापन सौंपा।संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से कई महत्वपूर्ण मामलों का निस्तारण नहीं हो सका है, जिससे शिक्षकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में 72,825 बैच के शिक्षकों का चयनित वेतनमान लागू करने, साण्डी ब्लॉक के डी.ए. अवशेष की लंबित धनराशि का भुगतान करने तथा वर्ष 2025-26 के एफ.एल.एन. प्रशिक्षण की आनुषंगिक धनराशि जारी करने की माँग की गई।पदाधिकारियों ने कहा कि समस्याओं का शीघ्र समाधान होने से शिक्षकों को राहत मिलेगी और शैक्षणिक कार्य प्रभावित नहीं होंगे।

इस दौरान संरक्षक अजीत शुक्ल, अध्यक्ष सर्वदमन सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेरपाल, महामंत्री दुर्गेश तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर मिश्र, संयुक्त मंत्री नीलम देवी, अनुराग तिवारी, अवधेश कुमार, नवनीत कुमार, अभिषेक सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

# सण्डीला क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के मामले में कार्रवाई, वाहन सीज

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई। थाना सण्डीला क्षेत्र के अंतर्गत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित एक वीडियो के संबंध में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन को सीज कर दिया। मामला उन गतिविधियों से जुड़ा है, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीड़ एकत्र कर केक काटना, प्रतिबंधित काली फिल्म का उपयोग करना, हूटर-सायरन बजाना तथा गलत तरीके से वाहनों के काफिले का नेतृत्व करना शामिल बताया गया।

पुलिस के अनुसार, बीते दिनों सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में एक वाहन द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर अशोभनीय व यातायात नियमों के विपरीत कार्य किए जाने की जानकारी सामने आई थी, जिससे आमजन में भय और असुविधा की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए थाना सण्डीला में अभियोग पंजीकृत किया गया।19 फरवरी को सण्डीला बस स्टैंड चौराहे पर संबंधित वाहन की ब्लैक फिल्म उतरवाते हुए सरकारी वाहन संख्या यूपी 32 सीएफ 8387 को नियमानुसार सीज कर दिया गया। यह कार्रवाई सण्डीला पुलिस द्वारा विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत की गई।हरदोई पुलिस ने जनपदवासियों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति ऐसा कृत्य न करे जो कानून के विरुद्ध हो। यातायात नियमों का उल्लंघन करने अथवा सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# महोबा में दो दिवसीय किसान मेला/गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद महोबा में संचालित एकीकृत बागवानी विकास योजना वर्ष 2025-26 अन्तर्गत राजकीय बहुउद्देशीय औद्यानिक इकाई, छतरपुर रोड, महोबा में दो दिवसीय किसान मेला/गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान मेला का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फीता काटकर व माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया गया। किसान मेला में जनपद महोबा में शाकभाजी फसलों की खेती करने वाले कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

किसान मेला के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद महोबा में बागवानी क्षेत्र के बढ़ते पायदान की प्रशंसा करते हुये कृषकों को उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। किसान मेला में उपस्थित कृषि विज्ञान केन्द्र, बेलाताल के अध्यक्ष डॉ0 रजनीश मिश्रा द्वारा कृषि जैविक उत्पादों, बागवानी फसलों के नियंत्रण तथा फसलों में आने वाले कीट प्रबन्धन की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा पशुपालन तथा कृषि के मध्य सम्बन्ध स्थापित करते हुये बागवानी फसलों के विकास के विषय में जानकारी प्रदान की गई। उप कृषि निदेशक द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुये सूक्ष्म सिचाई संयंत्रों के उपयोग व रख-रखाव की जानकारी देते हुये जैविक कृषि अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। जितेन्द्र शुक्ल प्रभारी मृदा परीक्षण द्वारा फसलों की खेती से पूर्व मृदा परीक्षण तथा मिटटी में उत्पन्न होने वाले रोगों व उनके नियंत्रण की जानकारी दी गई। किसान मेला के आयोजनकर्ता सुरेश कुमार जिला उद्यान अधिकारी द्वारा सूक्ष्म खाद्य उद्योगों के उन्नयन हेतु उद्यान विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की जानकारी देते हुये बताया गया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना व उन्नयन पर अधिकतम इकाई लागत रू0-35.00 लाख की सीमा तक उद्यान विभाग द्वारा बैंक लिंक्ड सब्सिडी के रुप में 35 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत ड्रिप / स्प्रिंकलर संयंत्रों की स्थापना व क्रय अधिकतम 80-90 प्रतिशत तक अनुदान देय है। नवीन उद्यान रोपण करने वाले कृषकों को बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र में औद्यानिक विकास की योजनान्तर्गत क्षेत्रफल 1.0 हे0 में फलदार पौधों का रोपण करने पर प्रतिमाह रू0-3000 की दर से तीन वर्ष तक अनुदान दिया जा रहा है।

शाकभाजी / मसाला की खेती करने वाले कृषकों को एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत उन्नत किस्म के बीजों का वितरण किया जा रहा है। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, बेलाताल में हाईटेक नर्सरी का निर्माण किया गया है, जिसमें कृषकों को सोलेनियस एवं क्रूसीफेरी पौधों को निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराते हुये जनपद में शाकभाजी फसलों के क्षेत्र उत्पादन में वृद्धि हुई है। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि हाईटेक नर्सरी में उत्पादित पौध जनपद महोबा के अतिरिक्त जनपद हमीरपुर, झांसी, बांदा के साथ-साथ मध्य प्रदेश के कृषकों द्वारा भी खूब पसन्द की जा रही है।

उद्यान विभाग द्वारा आयोजित उपरोक्त किसान मेला में उद्यान विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, अरूणोदय सेवा संस्थान, आशियाना बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर लि0, जैन इरीगेशन, रिव्यूलस इरीगेशन, नीर ग्रीन प्रा0लिए, सम्वर्द्धन एग्रोटेक, तिरूपति स्ट्रक्चरल्स सहित अनेक विभाग व सूक्ष्म सिंचाई निर्माता कम्पनियों द्वारा अपने प्रदर्शों का स्टाल लगाया गया।

जनपद महोबा में बागवानी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृक्षकों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। किसान मेला में किसान मेला का संचालन डॉ0 हरीप्रकाश नामदेव द्वारा किया गया। किसान मेला में देवीचरन कुशवाहा उद्यान निरीक्षक, सुश्री अमिता सिंह-सहायक उद्यान निरीक्षक सहित जनपद के 400 से अधिक कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# कुलपहाड़ में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, कई वाहन सीज



**जन एक्सप्रेस । कुलपहाड़**

एसडीएम कुलपहाड़ के दिशा-निर्देशानुसार एंटी इलीगल माइनिंग अभियान के तहत पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान अवैध बालू का परिवहन कर रहे वाहनों को पकड़कर थाना कोतवाली कुलपहाड़ लाया गया, जहां उन्हें सीज करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही अवैध बालू धुलाई सेंटर पर भी छापेमारी कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। यह संपूर्ण कार्रवाई नायब तहसीलदार पंकज गौतम के नेतृत्व में संपन्न हुई।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# अवैध देशी शराब के साथ चार गिरफ्तार, 40 लीटर अवैध देशी शराब बरामद



**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में गुरुवार को लालगंज कोतवाली थाने की पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आबकारी टीम के साथ थाना इलाके के पूरे रामन मेंढावा गांव में दबिश दी गई। इस दौरान चार प्लास्टिक की पिपिया में कुल चालीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा के पर्यवेक्षण में लालगंज थाने की पुलिस व आबकारी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गुरुवार को थाना इलाके के पूरे रामन मेंढावा में छापा मारकर चालीस लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया। साथ ही मौके से बरामद कुल तीन सौ किग्रा लहन को नष्ट कराया गया। जिसके बाद टीम द्वारा रेखा, रीता, अंतिमा व परवीना के खिलाफ अवैध शराब बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

## छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट लाइन, युवक की मौत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** विकास खंड पनवाड़ी अंतर्गत ग्राम कोटरा में मकान की छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन विद्युत लाइन को लेकर ग्रामीण ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। आरोप है कि पूर्व में हादसे में एक युवक की मौत हो चुकी है, इसके बावजूद विभाग ने लाइन हटाने या सुरक्षित करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया। ग्राम कोटरा निवासी देवकीनंदन पुत्र नंदराम ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके मकान की छत के ऊपर से 11000 वोल्ट की हाई टेंशन लाइन निकली हुई है। यह लाइन बेहद खतरनाक स्थिति में है और छत पर आने-जाने में हमेशा जान का जोखिम बना रहता है। कुछ वर्ष पूर्व उसके भाई की इसी लाइन की चपेट में आने से मौत हो चुकी है। शिकायतकर्ता का कहना है कि कई बार संबंधित विद्युत विभाग को लिखित रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण ने मांग की है कि मकान के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन को तत्काल हटाया जाए या उसे केबल में परिवर्तित किया जाए। साथ ही तार को प्लास्टिक पाइप अथवा अन्य सुरक्षा कवर से ढंकने की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। मामले को लेकर ग्रामीणों में भी आक्रोश है। उनका कहना है कि जब एक हादसा हो चुका है तो विभाग को गंभीरता दिखानी चाहिए। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

# युवती का अपहरण कर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले की मानिकपुर थाने की पुलिस ने गुरुवार को एक युवक को युवती के अपहरण व आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज था जिसमें वो वांछित था।

बता दें कि बीते 6 फरवरी को मानिकपुर थाना इलाके के एक गांव की महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री सिलाई सीखने के लिए मानिकपुर जाने की बात कहकर घर से निकली, परन्तु वापस नहीं लौटी। जानकारी मिली कि वह अभिषेक उर्फ छोटू के साथ गई थी और गंगा पुल पर घटना के दौरान अभिषेक के नदी में कूदने के बाद से मृतका का कोई पता नहीं चल रहा है। जिसके बाद पुलिस महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय एवं सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में मानिकपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी अभिषेक उर्फ छोटू को मानिकपुर थाना इलाके के मिलिट्री ग्राउण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त प्रयागराज जिले के नवाबगंज थाना इलाके के अटरामपुर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वो मृतका के साथ प्रेम करता था। मृतका के परिजनों द्वारा शादी से इनकार करने पर उसने मृतका को आत्मघाती कदम उठाने के लिए राजी किया था। 6 फरवरी को वो मृतका के साथ लेहदरी पुल पर गया, जहाँ उसके उकसाने पर मृतका ने गंगा नदी में छलांग लगा दी, जिसके पीछे वो भी कूद गया। तेज बहाव के कारण मृतका डूब गई, जबकि वो लकड़ी के एक टुकड़े के सहारे तैरता रहा और मल्लाहों द्वारा बचा लिया गया। आज वो किसी काम से मानिकपुर गया था कि पुलिस ने पकड लिया। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# एसपी ने किया पैदल गश्त व अतिक्रमण अभियान का सफल संचालन

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में गुरुवार को एसपी दीपक भूकर ने लालगंज थाना इलाके में जनसुरक्षा, शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण को और सुदृढ़ बनाए रखने के मद्देनजर सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा व लालगंज पुलिस के साथ लालगंज बाजार में पैदल गश्त, चेकिंग एवं अतिक्रमण अभियान का संचालन किया गया। अभियान के दौरान बाजार क्षेत्र, मुख्य मार्गों, बैंक व एटीएम परिसरों तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों का गहन निरीक्षण किया गया। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं राहगीरों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनकी समस्याओं को सुना गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियों को कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने, असामाजिक तत्वों व अवांछित गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। अभियान के दौरान पुलिस बल द्वारा सक्रियता, तत्परता एवं सजगता का प्रभावी प्रदर्शन किया गया।

## जयहिंद और कुमारी सीमा ओवरऑल चैंपियन

**देवरिया।** राजकीय महाविद्यालय इंदूपुर में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन बुधवार को महाविद्यालय परिसर में आयोजित एक सादे समारोह के दौरान किया गया। इसमें रिले दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्र एवं भाला प्रक्षेपण, रस्साकशी आदि विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंकों के आधार पर इस खेल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में जयहिंद तथा बालिका वर्ग में कुमारी सीमा ओवरऑल चैंपियन बनीं। बालक वर्ग के 400 मीटर रिले दौड़ में जय हिंद, रवि, पिंटू, संगम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि नवनीत, चंचल, सुनील और आलोक स्थान प्राप्त हुआ। सोनू, आकाश, विकास और आर्यन तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में सीमा, अर्चना, अनुष्का तथा सुषमा ने पहला स्थान हासिल किया। शीतल, नेहा, दीपा एवं प्रियंका दूसरे स्थान पर रहीं। सुधा, पायल, निरुपमा तथा संध्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में छात्र वर्ग में सोनू निषाद ने पहला, चंचल पासवान को दूसरा तथा रवि निषाद को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

# ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन पसानाबाद गांव में लगाया गया शिविर

**जन एक्सप्रेस । अजनर (महोबा)**




शासन के निर्देश पर ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के अधीक्षक डॉ. पी.के. सिंह द्वारा गठित स्वास्थ्य टीम ने पसानाबाद गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

शिविर में कुल 129 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में पहुंचे दंत चिकित्सक डॉ. अभिषेक सिंह ने ग्रामीणों के मुंह एवं दांतों की जांच कर दांतों से संबंधित बीमारियों और उनकी रोकथाम के बारे में जानकारी दी। वहीं टीम के सदस्य डॉ. रामकुमार ने संक्रामक बीमारियों के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. रामकुमार, सीएचओ पूनम, एएनएम रानी नामदेव, संगिनी देवकुमारी एवं आशा कार्यकर्ता सुषमा उपस्थित रहीं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया और नियमित जांच कराते रहने की अपील की गई।

# गुमशुदा युवक का गांव के पास तालाब में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के संग्रामगढ़ थाना इलाके में महाशिवरात्रि के दिन लापता हुए 27 वर्षीय युवक सौरभ मिश्रा का शव चार दिन बाद एक तालाब में मिला। मिली जानकारी के अनुसार संग्रामगढ़ थाना इलाके के मकसूदन का पुरवा ( बाबागंज ) गांव के रहने वाले पारसनाथ मिश्र का इकलौता बेटा महाशिवरात्रि के दिन घर से निकला था। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और किसी अनहोनी की आशंका जताई। जिसके बाद स्थानीय पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर युवक की तलाश कर रही थी। इसी बीच गुरुवार सुबह गांव के कुछ लोग तालाब की ओर गए जहां उन्होंने पानी में एक शव उतराता देखा। थोड़ी ही देर में मौके पर काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वहीं सूचना मिलते ही संग्रामगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। शव की पहचान सौरभ मिश्रा के रूप में हुई, जिसके बाद परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। युवक का शव देखते ही परिजनों में रोना पिटना मच गया। मृतक सौरभ के पिता पारसनाथ किसान हैं। सौरभ स्वयं वैवाहिक समारोहों में डेकोरेशन का काम करता था। उसके परिवार में माता-पिता और दो बहनें हैं। थानाध्यक्ष संग्रामगढ़ मनोज तोमर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। जिसके बाद कार्रवाई की जायेगी।

## एक को किया जिला बदर व तीन के शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले में गुरुवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी ने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने और शस्त्र अनुज्ञा पत्र के उल्लंघन पर तीन शस्त्र लाइसेंस धारकों का लाइसेंस निरस्त कर दिया। जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है ऐसे ही एक व्यक्ति थाना फतनपुर ग्राम तुलैया का पुरवा मेडुआडीह के अमृत लाल पुत्र बुधई को जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिले की सीमा से छ माह के लिये निष्कासित कर दिया है। इसके अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने जिले के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रिया-कलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शर्तो का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये उन तीन व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त कर दिया है। जिला मजिस्टेट ने थाना पट्टी ग्राम समोगरा के राजेश सिंह पुत्र लाल साहब सिंह के शस्त्र एसबीबीएल 12 बोर व ग्राम महोखरी के रवीन्द्र कुमार दूबे पुत्र स्व. रामचन्द्र दूबे के शस्त्र एसबीबीएल 12 बोर तथा थाना देल्हूपुर ग्राम नूरपुर के आजाद अली पुत्र यार मोहम्मद के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त कर दिया है।

# मोबाइल छिनैती के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की थाना पट्टी कोतवाली पुलिस ने मोबाइल छिनैती की घटना का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद किया है।

बता दें कि बीते आठ फरवरी को पट्टी थाना इलाके के उमरडीहा निवासी कन्हैया लाल ने थाने पर सूचना देते हुए बताया कि उसके बेटे से ग्राम कुंदनपुर के आगे नहर पुलिया के पास दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रेडमी मोबाइल फोन छीन लिया गया। जिसके बाद पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से मोबाइल छिनैती करने वालों की तलाश कर रही थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल एवं सीओ पट्टी मनोज कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पट्टी आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को एसआई सचिन यादव व उनकी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर केसरी नंदन मंदिर, भरोखन तालाब पट्टी के पास घेराबंदी कर एक मोटरसाइकिल पर खड़े दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम चन्द्रसेन सिंह उर्फ हैप्पी एवं दूसरे ने उत्तम सिंह बताया। दोनों जौनपुर जिले के महराजगंज थाना इलाके के बनकट बरथी गांव के रहने वाले हैं। तलाशी के दौरान अभियुक्त चन्द्रसेन सिंह के कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुआ, जिसे दोनों अभियुक्तों ने कुंदनपुर नहर पुलिया के पास एक युवक से झपट्टा मारकर छीनना स्वीकार किया।

# डीएलएड 2023 और 2024 बैच के परिणाम प्रतीक्षित, प्रशिक्षु इंतजार में

## मूल्यांकन प्रक्रिया अंतिम चरण में, परिणाम जल्द जारी होने की तैयारी: पीएनपी सचिव

जन एक्सप्रेस। बस्ती/प्रयागराज

डीएलएड 2023 और 2024 बैच के प्रशिक्षु अपने-अपने सेमेस्टर परिणामों की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। शैक्षणिक सत्र आगे बढ़ चुका है, लेकिन परिणाम घोषित न होने से दोनों बैच के अभ्यर्थी आधिकारिक सूचना की राह देख रहे हैं। सेमेस्टर प्रणाली की व्यवस्था के तहत निर्धारित समय में परीक्षा और परिणाम जारी किया जाना अपेक्षित होता है, ताकि प्रशिक्षण की प्रक्रिया क्रमबद्ध और सुव्यवस्थित बनी रहे। परीक्षा संपन्न हुए पर्याप्त समय बीत जाने के बावजूद परिणाम घोषित न होने से प्रशिक्षुओं में उत्सुकता बनी हुई है और परिषद स्तर से शीघ्र घोषणा की उम्मीद की जा रही है।



"कुछ जनपदों से मूल्यांकन कार्य समय पर पूर्ण न होने के कारण परिणाम घोषित करने में विलंब हुआ है। शेष मूल्यांकन अंतिम चरण में है। सभी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और प्रयास है कि एक सप्ताह के भीतर परिणाम घोषित कर दिया जाए।

**अनिल भूषण चतुर्वेदी, सचिव, परीक्षा नियामक**

जानकारी के अनुसार 2024 बैच के प्रथम सेमेस्टर तथा 2023 बैच के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 27 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच आयोजित हुई थी। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बावजूद अब तक परिणाम जारी नहीं हुआ है। इससे दोनों बैच के प्रशिक्षु आधिकारिक घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

सेमेस्टर प्रणाली के तहत प्रत्येक छह माह में पाठ्यक्रम, परीक्षा और परिणाम की प्रक्रिया पूरी की जानी होती है। परिणाम लंबित रहने से शैक्षणिक औपचारिकताओं की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। प्रशिक्षुओं का कहना है कि परिणाम घोषित होने के बाद ही प्रमाणन, अंकपत्र वितरण और अन्य आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जा सकेगी।

### दूसरे सेमेस्टर की समयावधि पूरी, इंटर्नशिप अभी भी अधूरी

डायट बस्ती के डीएलएड 2024 बैच के प्रशिक्षुओं का द्वितीय सेमेस्टर की निर्धारित समयावधि पूरी हो चुकी है, लेकिन 30 दिन की अनिवार्य टीचिंग इंटर्नशिप अभी तक पूर्ण नहीं हो सकी है।

सेमेस्टर प्रणाली के तहत प्रत्येक छह माह में पाठ्यक्रम के साथ विद्यालयीय प्रशिक्षण भी पूरा किया जाना अनिवार्य होता है, किंतु वर्तमान सत्र में इंटर्नशिप की प्रक्रिया निर्धारित समय से पीछे चल रही है। जानकारी के अनुसार 30 दिन की इंटर्नशिप में से 15 दिन का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष 15 दिन अभी कराए जाने बाकी हैं। यह इंटर्नशिप अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है,

क्योंकि इसी के आधार पर विद्यालय स्तर पर 100 अंकों का मूल्यांकन प्रदान किया जाता है। प्रधानाध्यापक के स्तर से विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, कक्षा संचालन और सहभागिता के आधार पर अंक दिए जाते हैं।

डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ला ने स्पष्ट किया कि द्वितीय सेमेस्टर की शेष 15 दिन की अनिवार्य इंटर्नशिप शीघ्र पूर्ण कराई जाएगी।

# बार एसोसिएशन तहसील इकाई हर्रैया का चुनाव संपन्न

## माधव प्रसाद तिवारी अध्यक्ष व बलदेव प्रसाद पाठक मंत्री निर्वाचित

जन एक्सप्रेस। बस्ती



हर्रैया। गुरुवार को बार एसोसिएशन तहसील इकाई हर्रैया का वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर माधव प्रसाद तिवारी व मंत्री पद पर बलदेव प्रसाद पाठक ने जीत दर्ज किया। अधिवक्ताओं ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से स्वागत किया है। जानकारी के अनुसार अधिवक्ता हॉल में गुरुवार की सुबह 10:00 से चुनाव अधिकारी कृपा शंकर यादव तथा सहायक चुनाव अधिकारी उमा शंकर दूबे एवं प्रेम कुमार वर्मा की देखरेख में मतदान शुरू हुआ जो तीन बजे तक चला। कुल 148 में से 143 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद मतों की मतगणना शुरू हुई। अध्यक्ष पद के त्रिकोणीय लड़ाई में माधव प्रसाद तिवारी ने अपने प्रतिद्वंदी इंद्रजीत सिंह को 25 मतों से पराजित किया है। श्री तिवारी को कुल 75 मत मिले जबकि प्रतिद्वंदी को 50 वोटों से संतोष करना पड़ा। वहीं महिनाथ त्रिपाठी 17 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। एक मत अवेध पाया गया। मंत्री पद के लिए बलदेव प्रसाद पाठक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राम चंद्र यादव को 28 मतों से हराया है। श्री पाठक को कुल 75 मत मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी को 47 मत मिला। राजमणि पांडेय 15 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे जबकि बासदेव यादव को मात्र 5 मतों से संतोष करना पड़ा। एक मत अवैध पाया गया। संयुक्त मंत्री के तीन पद के लिए हुए कांटे की टक्कर मदन चंद्र गोस्वामी 117, अजेय गौतम 100 तथा रणजीत भट्ट 93 मत पाकर विजयी रहे जबकि रामकेश को 91 मत पाकर हार का सामना करना पड़ा। उपाध्यक्ष पद पर रामसूरत पाण्डेय, कोषाध्यक्ष पद पर विजय कुमार श्रीवास्तव तथा कनिष्क उपाध्यक्ष पद पर सूर्य कुमार यादव एवं अशोक वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। निवर्तमान अध्यक्ष उमाकांत तिवारी, निवर्तमान मंत्री अमरनाथ पाण्डेय, शुभनंदन पांडेय, काली प्रसाद शुक्ल, हृदय राम, तुलसीराम चौहान, पवन वर्मा राम जनक पाण्डेय, महावीर दूबे सहित तमाम अधिवक्ताओ ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्था पर डीएम सख्त: सादनपुर में निरीक्षण, हरे चारे की व्यवस्था के निर्देश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र ने विकास खंड बक्शा अंतर्गत अस्थायी गो-आश्रय स्थल सादनपुर का औचक स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों के लिए उपलब्ध भूसा, चोकर एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों की सराहना की।

डीएम ने विशेष रूप से गोवंशों के लिए की गई नैपियर घास की बुवाई का अवलोकन किया। हरे चारे की उपलब्धता देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और निर्देश दिया कि जनपद के सभी गो-आश्रय स्थलों में इसी प्रकार हरे चारे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गोवंशों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे और पोषण स्तर में सुधार हो। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं गोवंशों को गुड़ खिलाया और उनकी देखरेख की व्यवस्था पर संतोष जताया। इस अवसर पर उन्होंने गो-आश्रय स्थल के केयरटेकरों को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके कार्य की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि गोवंशों के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जाए और किसी भी बीमारी की स्थिति में त्वरित उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# साइबर टीम ने व्यापारी के 99 हजार वापस दिलाए

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर खुटहन चौराहे के बगल जिला मुख्यालय मार्ग पर संचालित किराने की दुकान के संचालक से गोल मिर्च मंगाने के नाम पर जालसाज द्वारा फर्जी फर्म के खाते में 92 हजार रुपए मंगा लेने के मामले में साइबर टीम की सक्रियता से महीनों बाद ब्यापारी के सारे पैसे उसके खाते में वापस आ गए।

ब्यापारी दिनेश गुप्ता केरल प्रांत से काली मिर्च मंगाते हैं। वह मोबाइल बैंकिंग से वहां की फर्म यमुना ट्रेड लिंक कंपनी में पैसा भेज देते थे। ट्रांसपोर्ट के द्वारा उन्हें जिला मुख्यालय पर सामान मिल जाता था। गत दिसंबर माह में उन्होंने डेढ़ क्विंटल काली मिर्च मंगाने के लिए के उक्त फर्म में बात की। दूसरे दिन वह पैसा भेजने की सोच रहे थे कि उन्हें दिल्ली से एक व्यक्ति का फोन आया। उसने अपना नाम नरेंद्र सिंह बताया। वह भी उसी नाम से अर्थात यमुना ट्रेड लिंक के नाम से फर्म बना रखा है। कहा कि आप इसी फर्म के खाते में पैसा भेज दो। आपका सामान 48 घंटे में जौनपुर पहुंच जायेगा। दिनेश गुप्ता ने उसी के खाते में 92 हजार रुपए भेज दिया।

तीन दिनों बाद भी सामान न आने पर दिनेश ने फोन किया तो उसने कहा कि चिंता मत कीजिए दो-तीन दिन में पहुंच जायेगा। ऐसे ही एक पखवाड़ा बीत गया, वह दिनेश का फोन भी उठाना बंद कर दिया तो उन्होंने इसकी शिकायत जिले के साइबर थाने में किया। ट्रान्जेक्सन आईडी,खाते का स्टेटमेंट आदि लेकर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की तो बैंक द्वारा दिनेश के द्वारा भेजा हुआ पैसा होल्ड कर दिया गया।

तब दिनेश ने कुछ राहत की सांस लिया। साइबर पुलिस के निर्देश पर पीड़ित के द्वारा दिवानी न्यायालय में केस दर्ज कराया गया। न्यायालय के आदेश पर दिनेश को सारा पैसा बैंक से वापस मिल गया।

### नेवढ़िया थाना क्षेत्र में ग्राम प्रधान पर लगा ज़बरदस्ती ज़मीन कब्ज़ा करने आरोप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। ग्राम सभा जेठपुरा बिशुनपुर गुतवन में ज़मीन विवाद को लेकर भारी हंगामा। पीड़ित धर्मराज यादव ने ग्राम प्रधान अनुराग सिंह 'अन्नू' व तुसार सिंह पर ज़बरदस्ती ज़मीन कब्ज़ा करने का गंभीर आरोप लगाया है। वीडियो में साफ़ देखा जा सकता है कि प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी (छ्ष्टक्च) मशीन से खुदाई की जा रही है। विवाद के दौरान पीड़ित की झोपड़ी (मड़ई) में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि ग्राम प्रधान के दबाव में उनकी झोपड़ी में आग लगवाई गई है पीड़ित ने खुद लगाया था आग। घटना स्थल पर पुलिस बल मौजूद है, लेकिन ग्रामीणों ने प्रशासन पर मूकदर्शक बने रहने का आरोप लगाया है। वीडियो में महिलाएं और पुरुष प्रशासन के सामने गुहार लगाते और प्रधान के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आ रहे हैं। पुलिस कर्मी आग बुझाने और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी पुश्तैनी ज़मीन को प्रशासन के बल पर छीनने की कोशिश हो रही

# पंचायत मतदाता सूची का वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**15 अप्रैल को अंतिम प्रकाशन**

जौनपुर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) डॉ0 दिनेश चन्द्र ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा 19 फरवरी 2026 की संशोधित अधिसूचना जारी कर त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम घोषित किया गया है।

जारी समय-सारिणी के अनुसार 07 जनवरी 2026 से 16 मार्च 2026 तक दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत हस्तलिखित पाण्डुलिपियां तैयार कर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी कार्यालय में जमा की जाएंगी। साथ ही संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन एवं निस्तारण की कार्यवाही भी इसी अवधि में की जाएगी।

21 फरवरी 2026 से 16 मार्च 2026 तक दावे-आपत्तियों के निस्तारण के बाद पूरक सूचियों का कम्प्यूटरीकरण एवं उन्हें मूल सूची में समाहित करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आवश्यकतानुसार मतदान केन्द्रों/ स्थलों के निर्धारण की कार्यवाही भी की जाएगी।

17 मार्च 2026 से 13 अप्रैल 2026 तक मतदाता सूचियों के कम्प्यूटरीकरण उपरांत मतदान केन्द्रों का क्रमांकन, वार्ड मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन एवं सूची की फोटो प्रतियां तैयार की जाएंगी।

15 अप्रैल 2026 को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। पुनरीक्षण अवधि में सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे तथा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा।

# यूजीसी के नये नियमों को वापस लिये जाने को लेकर मेधा पार्टी का धरना जारी

जन एक्सप्रेस। बस्ती




यूजीसी के नये नियमों को वापस लिये जाने की मांग को लेकर मेधा पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष रूद्र आदर्श पाण्डेय के नेतृत्व में गांधी कला भवन के स्थित बापू प्रतिमा के निकट अनिश्चितकालीन धरना पिछले 9 दिनों से जारी है। मेधा के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीन दयाल त्रिपाठी ने कहा कि जब तक यूजीसी का भेदभाव पैदा करने वाला कानून वापस नहीं लिया जाता मेधा का चरणबद्ध आन्दोलन जारी रहेगा। चुनावी लाभ के लिये छात्रों को जाति, वर्ग में बांट देने का षड़यंत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे मेधा पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष रूद्र आदर्श पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा उच्च शिक्षा परिसरों में समानता को बढ़ावा देने संबंधी नए नियमों के विरोध में अनिश्चित कालीन धरना बापू प्रतिमा के समक्ष लगातार 9 दिनों से जारी है। यूजीसी का यह निर्णय छात्रों को जातियों में बांटने वाला है जो खतरनाक है। सरकार इसे वापस ले। उन्होने धरने को समर्थन देने वाले सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, संगठनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि लगातार मिल रहे जन समर्थन से उनका हौसला बढा है।

बापू प्रतिमा के निकट अनिश्चितकालीन धरना के 9 वे दिन मुख्य रूप से अभयदेव शुक्ल, रवि शुक्ला, वैभव शुक्ला, सन्तोष प्रधान, वृजेश द्विवेदी, रामरीका पाण्डेय, चन्द्रेश प्रताप सिह, राम प्रताप सिंह, हरिगोविन्द द्विवेदी, सुभाष मिश्र, सुयश प्रताप सिंह, महेन्द्र प्रताप पाण्डेय, कृपाशंकर सिंह, शिवेन्द्र मिश्र, शुभम यादव, प्रमोद पाण्डेय, अंशू चौरसिया, सुभाष मिश्र, संजयमणि त्रिपाठी, शिवकुमार चौरसिया, रामजी पाण्डेय, प्रतीक मिश्र आदि शामिल रहे।

# साइबर ठगी पर खुटहन पुलिस की बड़ी सफलता: पीड़ित के 99,280 रूपये वापस

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जनपद में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना खुटहन पुलिस टीम ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए फ्रॉड का शिकार हुए एक व्यक्ति की संपूर्ण 99,280/- धनराशि वापस कराई। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से आवेदक दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व. रामजीत गुप्ता, निवासी ग्राम खुटहन बाजार, थाना खुटहन, जनपद जौनपुर द्वारा 99,280/- की ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत मिलते ही थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के नेतृत्व में साइबर टीम ने तत्परता दिखाते हुए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संबंधित बैंकिंग चैनलों से संपर्क कर पूरी धनराशि को होल्ड कराया।

लगातार प्रयासों एवं विधिक प्रक्रिया के अनुपालन के पश्चात माननीय न्यायालय के आदेश से होल्ड की गई संपूर्ण राशि रू99,280/- आवेदक के खाते में वापस करा दी गई। पीड़ित ने धनराशि प्राप्त होने पर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्यवाही में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, उ0नि0 प्रेम शंकर सिंह, का0 आशीष यादव, का0 संजय चौरसिया एवं म0का0 श्वेता सिंह शामिल रहे।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन या एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते धनराशि सुरक्षित कराई जा सके।

# जीरो फेटलिटी डिस्ट्रिक्ट' लक्ष्य को लेकर जौनपुर में अहम बैठक



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जनपद को 'द्गह्न्य स्न्ड्डह्लड्डद्यद्बह्ल4 ष्ठद्बह्यह्लह्म्द्बष्ह्ल ('स्नष्ठ) बनाने की दिशा में यातायात पुलिस ने गुरुवार को बड़ी पहल करते हुए संबंधित विभागों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक में परिवहन विभाग, एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग (क्वङ्घष्ठ) और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और संभावित दुर्घटना स्थलों को चिन्हित कर त्वरित सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान जनपद के चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर विशेष फोकस करते हुए उनके सुधार, आवश्यक साइन बोर्ड और चेतावनी संकेतकों की सुदृढ़ व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सड़क मरम्मत कार्यों में तेजी लाई जाए और जहां भी संकेतक, रिफ्लेक्टर या बैरिकेडिंग की कमी है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। साथ ही, दुर्घटना की स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग को आपातकालीन व्यवस्थाओं को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि निदेशालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए।

सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और समयबद्ध प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर विशेष बल दिया गया।

यातायात पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और 'जीरो फेटलिटी डिस्ट्रिक्ट' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

# पुलिस कार्यालय में SSP की जनसुनवाई

## फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश




जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, कुँवर अनुपम सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी शिकायतें एवं समस्याएं प्रस्तुत कीं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद तथा अन्य आपराधिक प्रकरणों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।

सभी मामलों में संबंधित थाना प्रभारियों को त्वरित एवं प्रभावी विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

एसएसपी ने कहा कि जनसुनवाई व्यवस्था जनता और पुलिस के बीच विश्वास मजबूत करने का सशक्त माध्यम है तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ही पुलिस की कार्यशैली का आधार है।

# बेबी अभिषेक गुप्ता ने पेश किये प्रस्ताव तो सीएम ने खैराबाद नपाप के लिये खोल दिया खजाना

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

खैराबाद। 51 सालों बाद नगर पालिका परिषद खैराबाद पर भाजपा ने अपना झण्डा फहराने के लिये बेबी अभिषेक गुप्ता को चुनाव मैदान में उतारा था और बेबी अभिषेक गुप्ता ने कड़ी मेहनत करते हुए नगर पालिका खैराबाद पर कब्जा किया और जनता के सपनों को पूरा करने के लिये बेबी गुप्ता और उनके प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने खैराबाद में विकास का पहिया इतनी तेजी के साथ दौड़ाया कि विकास की आवाज सीएम आवास से लेकर कार्यालय में सुनाई देने लगी। इसी क्रम में बेबी गुप्ता व उनके प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता अपनी पुत्री के साथ विगत दिनों सीएम आदित्यनाथ योगी से मुलाकात कर स्मृति चिन्ह देते हुए ढाई सालों से खैराबाद में दौड़ रहे विकास कार्यो की दास्तान और अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई अरबो रूपये की बेसकीमती जमीन की हकीकत और प्रस्ताव रखे। मुलाकात के बाद नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने जानकारी दी कि नगर पालिका क्षेत्र में अब तक के कराये गये विकास कार्यो की जानकारी व भविष्य के जनहित में प्रस्ताव को देखने के बाद मुख्यमंत्री ने सराहना करते हुए कहा कि जो भी प्रस्ताव है वह सभी जनकल्याणकारी और सामाजिक है इस कारण इन सभी प्रस्तावों को मंजूर किये जाने का आश्वासन देते हुए कहा कि खैराबाद को जनता के सपनों का शहर बना दो खैराबाद में हर मूलभूत सुविधा मुहैया कराने के लिये जो जरूरी हो उसका विकास कराया जाये। उन्होने चेयरमैन से आश्वासन दिया कि विकास कार्यो में बजट की कमी नही होने दी जायेगी। जिससे लगता है कि खैराबाद के चहुंमुखी विकास के लिये सीएम ने अपने खजाने का रूख खैराबाद नगर पालिका की तरफ कर दिया है। अब खैराबाद में अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई नजूल भूमि पर जमीन चिन्हित तक नगर वासियों के हेतु एक पार्क, सहित अन्य जनहित के लिये निर्माण कराये जायेगे। खैराबाद कस्बे के चार प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर जो जनता की आस्था से जुड़े हुए है। जहां पर हर रोज हजारों की सख्या में भक्त आकर पूजा अर्चना कर मन्नते मांगते है। इन मंदिरों का सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है। मंदिरों को गरिमामई और सुन्दर बनाने के साथ ही भक्तों के लिये ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास चेयरमैन द्वारा किया जा रहा है तथा प्राचीन मां शीतला देवी के मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में घोषित किये जाने की मांग चेयरमैन व उनके प्रतिनिधि द्वारा सीएम से मुलाकात के दौरान की गई है। नगर के इन मंदिरों को मुख्यमार्गो से जोड़ने का प्रयास निरन्तर जारी है और मार्ग चैड़ा व अच्छा हो इस पर गम्भीरता के साथ विचार कर कार्य किया जा रहा है। खैराबाद नगर पालिका परिषद में विकास का पहिया तेजी के साथ दौड़ रहा है। जिसमें अमृत सरोसर, गौशाला पशुचिकित्सालय सहित अन्य निर्माण कार्य जारी है। चेयर मैन व उनके प्रतिनिधि का प्रयास है कि खैराबाद के निवासियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इस बात को ध्यान मे रखकर निर्माण कराया जा रहा है।

खैराबाद का सबसे मुख्य चैराहा कहा जाने वाला डिग्री कालेज चैराहा जहां से चार क्षेत्रों के लिये मुख्य मार्ग निकले है लेकिन यहां पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नही है इसका प्रस्ताव चेयर मैन व उनके प्रतिनिधि ने सीएम के सामने रखा। प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने बताया कि इस चैराहे पर आवश्यकतानुसार लाइटे लगवाकर रात में बेहतर प्रकाश की व्यवस्था की जायेगी तथा खैराबाद में एक बस स्टाप प्रस्ताव में है यह बस स्टाफ आधुनिक होगा और हर सुविधा से लैश करने का प्रयास किया जायेगा।

खैराबाद नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता तथा उनके प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने नगर विकास मंत्री राकेश राठौर की सराहना करते हुए कहा कि हमने जो खैराबाद का विकास कराया। चैराहो का सौन्दर्यीकरण कराया, नाले नालियों का निर्माण हुआ खैराबाद में जिन जिन स्थानों पर जली भराव होता था उन मार्गो को दुरूस्त कराकर खैराबाद की जनता को जल भराव से निजात दिलाई गई।इन सभी मामले में नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरू का हमे विशेष सयोग मिला।

# परीक्षा एवं त्योहारों को लेकर जौनपुर में धारा 144 लागू

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि शासन द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्र एवं संकलन केन्द्र के आस-पास 100 मीटर की परिधि में बीएनएस की धारा-189/सीआरपीसी की धारा-144 लागू करने की अपेक्षा की गयी है। उक्त के आसन्न पर्व 2 मार्च को होलिका दहन, 3/4 मार्च को होली, 13 मार्च को जमात-उल-विदा (अलविदा) रमजान का अन्तिम शुक्रवार, 19 मार्च को महावीर जयंती, 3 अप्रैल गुड फ्राइडे, 4 अप्रैल को ईस्टर सटरडे, 5 अप्रैल को महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषादराज जयंती, 6 अप्रैल को ईस्टर मन्डे, 14 अप्रैल को भीमराव अम्बेडकर जयंती, 17 अप्रैल को चन्द्रशेखर आजाद जयंती एवं 19 अप्रैल को महर्षि परशुराम जयंती का पर्व मनाया जायेगा। उक्त के दृष्टिगत जनपद में आयोजित होने वाली परीक्षाओं तथा पर्वो को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु शान्ति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाये रखना आवश्यक है। साथ ही असामाजिक एवं अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों व उनके समाज विरोधी क्रिया-कलापों पर अंकुश लगाये जाने हेतु।

# मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया पर सीएचओ का सेंसिटाइजेशन प्रशिक्षण आयोजित

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी




स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, टीबी एवं अन्य संचारी रोगों को लेकर एक सेंसिटाइजेशन वर्कशॉप का आयोजन सीएमओ ऑफिस सभागार में किया गया। इस कार्यशाला में जनपद के तीन ब्लॉकों में कार्यरत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा की गई।उन्होंने ने बताया कि जनपद के सभी 15 ब्लॉकों के सीएचओ को चरणबद्ध रूप से संबंधित विषयों पर सेंसिटाइज किया जाना है। पहले चरण में पलिया, मितौली एवं रमियाबेहड़ ब्लॉक के सीएचओ इस प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण सत्रों में वेक्टर बॉर्न डिजीज पर विशेष फोकस रखते हुए मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम, पहचान और उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई।

सीएमओ ने उपचार प्रक्रिया, आवश्यक दवाओं एवं सामग्री के स्टॉक प्रबंधन, मलेरिया प्रोटोकॉल, समय पर जांच तथा सही उपचार पद्धति पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक सीएचओ के पास मलेरिया जांच किट (आरडीटी) की उपलब्धता अनिवार्य है, ताकि त्वरित जांच व उपचार सुनिश्चित किया जा सके।यह प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग एवं पाथ-सीएचआरआई के संयुक्त सहयोग से आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर, मलेरिया विभाग की टीम तथा पाथ-सीएचआरआई के जिला समन्वयक जुबेर आलम उपस्थित रहे। एलटी हेमंत गुप्ता द्वारा आरडीटी के माध्यम से मलेरिया जांच की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया।

कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ एसपी मिश्रा, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद रावत, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद वर्मा, डीसीपीएम कुलदीप सिंह, लाला सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। आगामी तिथियों में शेष ब्लॉकों के सीएचओ को भी इसी प्रकार प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

## 19 फरवरी को गांधी पार्क में कांग्रेस का धरना व विरोध प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। गुरुवार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस ने कम्पनी बाग में एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन व धरना किया। 17 फरवरी को लखनऊ में हुए विधान सभा घेराव के दौरान कार्य कर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में सुबह 11 बजे से सायंकाल 4 बजे तक धरना-प्रदर्शन व विरोध प्रदर्शित किया गया।इस धरना-प्रदर्शन व विरोध कार्य क्रम में मुख्य रूप से मोहन चंद्र उपरेती, राम पाल शाक्य, राजेंद्र प्रसाद गुप्त, हरगोविंद उजार गूम, लतीफ आजम खान, डा0रईस अहमद उस्मानी, प्रह्लाद पटेल वर्मा, के.के.मिश्रा, जमील अहमद कुरैशी, अकील खान आदि तमाम कांग्रेस जन अन्त तक उपस्थित रहे।

# 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा ग्राम-बिशनापुर में नि:शुल्क 'पशु चिकित्सा शिविर' का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



सीमांत क्षेत्र के ग्रामीणों एवं पशुपालकों के कल्याण हेतु श्री राजन कुमार श्रीवास्तव, कमांडेंट 70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, के दिशा निर्देश में 'एफ' समवाय द्वारा आज दिनांक 19.02.2026 को ,हक्र ग्राम विशुनापुर में नि:शुल्क पशुचिकित्सा शिविर (ड्डष्ट) का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर ग्रामीणों की आजीविका के प्रमुख साधन पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित किया गया ।उक्त शिविर का संचालन डॉ. बिपिन बिहारी, पशुचिकित्सा अधिकारी, सुजौली (जनपद बहराइच) के सहयोग से किया गया। शिविर के दौरान कुल 89 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया, जिनमें गौवंश, भैंस, बकरी आदि पशु शामिल रहे। 19 लाभार्थी पशुपालकों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया। पशुओं को आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क प्रदान की गई तथा गंभीर बीमारियों की पहचान कर उचित परामर्श दिया गया कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों के बीच 02 प्रेरणात्मक एवं जागरूकता वार्ताएं आयोजित की गई, जिनमें पशुओं के नियमित टीकाकरण, संतुलित आहार, स्वच्छता, संक्रामक रोगों की रोकथाम तथा दुग्ध उत्पादन वृद्धि संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पशुपालकों को यह भी बताया गया कि समय-समय पर पशु स्वास्थ्य जांच कराना आर्थिक हानि से बचने के लिए अत्यंत आवश्यक है। शिविर के दौरान 13 स्थानीय नागरिकों के मोबाइल नंबर संकलित किए गए, जिससे भविष्य में भी समन्वय एवं त्वरित सूचना आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही 01 आवर्त गांव में जनसंपर्क कर ग्रामीणों को पशु स्वास्थ्य सेवाओं एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। 70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमांत क्षेत्रों में सुरक्षा के साथ-साथ नागरिक कल्याण कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय जनता के साथ विश्वास, सहयोग एवं समन्वय को सुदृढ़ किया जा रहा है। इस प्रकार के शिविर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने एवं पशुधन संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए वाहिनी एवं पशुचिकित्सा विभाग का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

# रमजान महीने के आगाज पर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में दिखाई पड़ी खासी रौनक

जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी



रमजान के महीने का गुरुवार से आगाज होने पर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में खासी रौनक दिखाई दी। सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ देखने को मिली। मुस्लिमों में पहले रोजे और तरावीह की नमाज को लेकर उत्साह देखा गया।

रमजान के पाक महीने में गुरुवार को पहले रोजे पर मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह सेहरी करने के साथ पहला रोजा रखा और शाम की इफ्तार की तैयारी के लिए बाजार में फलों और रमजान के शरबत, पकौड़ी, व्यंजनों की खरीदारी की। इस दौरान रोजेदारों ने पांच वक्त की नमाज पढ़ी। नगर पंचायत की तरफ से रमजान को देखते हुए कस्बे में साफ सफाई कराई गई। रमजान का महीना शुरू होते ही बाजार में खजूर व फलों की मांग बढ़ गई। नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और मस्जिदों के आसपास क्षेत्रों में रमजान के दौरान विशेष सफाई रखने की सफाई कर्मियों को हिदायत दी।

### हर मुसलमान का फर्ज है कि रमजान के दिनों में खूब दुआ करें

मदीना मस्जिद के इमाम मौलाना इमामत हुसैन ने बताया कि ईस्लाम की बुनियाद पांच चीजों पर है, इनमें से एक रमजान के रोजे पुरुष पर फर्ज है। हदीस-ए-पाक से जन्नत के आठ दरवाजे हैं, इनसे से एक दरवाजे का नाम रय्यान है। इसमें वही दाखिल होंगे जो रोजा रखते हैं। हर चीज की एक जकात है, बदन की जकात रोजा है। रमजान का तीन अशरा है इसका पहला अशरा रहमत का, दूसरा अशरा मगफिरत का और तीसरा अशरा जहन्नम से निजात का है। रोजा सिर्फ पेट का ही नही आंख, कान दिमाग हाथों का है। मालदारों के लिए नसीहत है कि उन पर अपने माल (दौलत) की ढाई प्रतिशत जकात देना फर्ज है। उन्होंने बताया कि रमजान के दिनों में खूब दुआ करें। रमजान के दिनों में तरावीह खास नमाज है। इसका खास एहतराम करें क्योंकि तरावीह की नमाज साल में एक बार आती है। तरावीह की नमाज के बाद सीधे घर पर जाकर आराम करें और अगले रोजे की तैयारी करें। बेवजह घूमने की इस्लाम इजाजत नही देता। और दिखावे से परहेज करना भी जरूरी है।

# हैदराबाद पुलिस ने शान्तिभंग में चार लोगो को किया गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में दिनांक 19.02.2026 को थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा शान्ति भंग करने वाले 04 अभि0गण प्रदीप कुमार पुत्र रामऔतार उम्र करीब 30 वर्ष 2.प्रेम कुमार पुत्र नत्थू उम्र करीब 50 वर्ष निवासीगण ग्राम परसेडिया थाना हैदराबाद जिला खीरी 3.दिलीप कुमार पुत्र विरेन्द्र कुमार उम्र करीब 22 वर्ष 4. रवि कुमार पुत्र विरेन्द्र कुमार उम्र करीब 28 वर्ष निवासीगण ग्राम परसेडिया थाना हैदराबाद जिला खीरी को अन्तर्गत धारा 170/126/135 बी0एन0एस0एस0 में वास्ते विधिक कार्यवाही मा0 न्यायालय गोला के समक्ष भेजा गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरिक्षक अशोक कुमार सिंह चौकी प्र0 अजान आरक्षी राजू वर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा थाना हैदराबाद जनपद खीरी प्रमुख रूप से सामिल रहे।

**8 करोड़ से संवरेगा बेटियों का भविष्य, एएनडी और काकादेव कॉलेज बनेंगे हाईटेक**

# सीएम वैश्विक नगरोदय योजना के तहत बदला जाएगा कॉलेज का स्वरूप, बुनियादी ढांचे को मिलेगा नया विस्तार

- मिशन शक्ति के तहत बालिका शिक्षा को प्राथमिकता; स्मार्ट क्लासेस और आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा परिसर

### ये है री-डिजाइन का मॉडल

- 1-12 स्मार्ट क्लासरूम: कॉलेज में 12 अत्याधुनिक स्मार्ट क्लासरूम बनाए जाएंगे।
- 2- हाईटेक इंफ्रास्ट्रक्चर: बिल्डिंग का सुदृढ़ीकरण और आधुनिक लैब की स्थापना होगी।

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में बेटियों की शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी क्रम में नगर निगम द्वारा संचालित आचार्य नरेंद्र देव (एएनडी) महिला महाविद्यालय और काकादेव स्थित नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज का कायाकल्प होगा। नगर निगम की ओर से सीएम वैश्विक नगरोदय योजना के तहत एएनडी कॉलेज के लिए 5 करोड़ रुपये और नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज, काकादेव के लिए 3 करोड़ रुपये की धनराशि की मांग की गई है। अब तक नगर निगम द्वारा संचालित होने के बावजूद एएनडी कॉलेज बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। कक्षाओं का इंफ्रास्ट्रक्चर पुराना हो चुका है, जिससे छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती है, लेकिन योगी सरकार के इस 'बड़े मास्टरप्लान' के बाद, कॉलेज के स्वरूप को पूरी तरह री-डिजाइन किया जाएगा।

### काकादेव के गर्ल्स कॉलेज का भी कायाकल्प

काकादेव स्थित नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज के लिए भी 3 करोड़ रुपये मांगे गए हैं, जिससे माध्यमिक स्तर पर भी छात्राओं को बेहतर माहौल मिले। इस धनराशि से स्कूल का इंफ्रास्ट्रक्चर ठीक किया जाएगा। पढ़ाई को स्मार्ट बनाया जाएगा।

नगर निगम के अधिशाषी अभियंता कैलाश पति ने प्रोजेक्ट की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता नगर निगम के स्कूलों और कॉलेजों को निजी संस्थानों से भी बेहतर बनाना है। दो कॉलेजों के लिए 8 करोड़ का फंड मांगा गया है। फंड मिलते ही जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करेंगे ताकि कक्षाओं को हाईटेक इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस किया जा सके। एएनडी कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. ऋतंभरा ने कहा कि बेटियों की बेहतर और प्रतिस्पर्धी शिक्षा के लिए हमें 'हाईटेक संसाधनों' की सख्त जरूरत है। पुरानी और खस्ताहाल कक्षाओं के कारण चुनौतियां बहुत हैं, लेकिन अब डिजिटल बोर्ड और स्मार्ट सुविधाओं से हमारी छात्राएं देश के बड़े कॉलेजों के साथ कंधे से कंधा मिला सकेंगी। यह योगी सरकार का बेटियों के भविष्य के प्रति अटूट विश्वास है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सीतापुर जाने के लिए निकले युवक का शव ट्रैक किनारे मिला

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। जनपद में एक युवक का शव रेलवे ट्रैक किनारे मिला है। सदर कोतवाली क्षेत्र के डीसी रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी ब्लॉक नंबर 20 निवासी 23 वर्षीय अमित का शव लखीमपुर रेलवे स्टेशन के आगे ओवरब्रिज के पास रेलवे ट्रैक किनारे बरामद हुआ। अमित 18 फरवरी की शाम करीब 5 बजे घर से सीतापुर जाने की बात कहकर निकला था।परिजनों के अनुसार, अमित अविवाहित था और मजदूरी कर परिवार के भरण-पोषण में सहयोग करता था। वह चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था। उसकी दो बड़ी बहनें ज्योति और खुशबू विवाहित हैं, जबकि छोटा भाई शिवम अविवाहित है। पिता राजेश भी मजदूरी करते हैं।मृतक के पिता राजेश ने बताया कि अमित के घर से निकलने के बाद रात लगभग 7 बजे उसका शव रेलवे ट्रैक किनारे मिला। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस घटना से क्षेत्र में दुख का माहौल है।

### पलिया हाईवे पर कार और बाइक की भिड़ंत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। फरधान क्षेत्र में बुधवार की रात पलिया हाईवे पर हादसा हो गया। गोपालापुर गांव के समीप हाईवे पर बाइक और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार में सवार तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बच्ची के माता-पिता मामूली चोटिल हुए हैं। फरधान थाना क्षेत्र के मोहम्मद उमर अपनी पत्नी और तीन वर्षीय बेटी अशरा के साथ कार से बुधवार को कोतवाली सदर के गांव शिवालापुरवा रिश्तेदार में गए थे। वहां से वापसी में रात हो गई। रात नौ बजे घर जा रहे थे। पलिया हाईवे पर गोपालापुर गांव के निकट सामने से आ रही बाइक से कार टकरा गई। टक्कर लगने से अनियंत्रित हुई कार के एयर बैग खुल गए। कार चालक मोहम्मद उमर अगली सीट पर बैठी मां की गोद में बैठी मासूम अशरा घायल हो गई बाइक चालक अतुल वर्मा (20 वर्ष) विजय वर्मा निवासी सहनियापुर (क्योंटीकलां )सीतापुर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने देखते ही मासूम अशरा को मृत घोषित कर दिया। फूलबेहड़ प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गोपालापुर गांव के पास सड़क हादसे में तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। घायल बाइक चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लिया है।

### बच्ची की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग आया एक्शन में

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कानपुर के चौबेपुर कस्बे में एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान आठ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घटना से नाराज परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर लौटे परिजनों ने अस्पताल के बाहर बच्ची का शव रखकर जमकर प्रदर्शन किया। हंगामे के बाद एसीएमओ डॉ रमित रस्तोगी मौके पर पहुंचे और जांच की। खामियां मिलने पर प्रकाश नर्सिंग होम और उसमें संचालित मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया। सूत्रों के मुताबिक भट्ठा कोठी, चौबेपुर निवासी जितेंद्र ने बताया कि उनकी बेटी शिवानी को सोमवार को तेज बुखार आया था। वह उसे कस्बा स्थित प्रकाश नर्सिंग होम में इलाज के लिए ले गए। जांच के बाद डॉक्टरों ने बच्ची के प्लेटलेट्स कम होने की जानकारी दी और उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया। परिजनों का आरोप है कि मंगलवार सुबह अस्पताल स्टाफ ने बच्ची की हालत सामान्य बताते हुए उसे छुट्टी दे दी और शाम को इंजेक्शन लगवाने के लिए दोबारा आने को कहा। शाम को परिजन शिवानी को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर अमित विश्वकर्मा और डॉक्टर अखिलेश विश्वकर्मा की निगरानी में इंजेक्शन लगाया गया। इंजेक्शन लगने के करीब 10 मिनट बाद ही बच्ची की हालत अचानक बिगड़ गई। घबराए परिजनों को अस्पताल स्टाफ ने रामा मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दी। परिजनों का आरोप है कि तब तक शिवानी की मौत हो चुकी थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बच्ची की मौत के बाद अस्पताल कर्मियों ने उन्हें शव घर ले जाने के लिए दबाव डाला। बुधवार को परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। गुरुवार को कार्रवाई न होने से नाराज परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया। थाना प्रभारी दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बसन्तकालीन गन्ना बुवाई अभियान के तहत गोला चीनी मिल ने निकाली किसान जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला गोकर्णनाथ द्वारा बसन्तकालीन गन्ना बुवाई को बढ़ावा देने हेतु किसान जागरूकता रैली चीनी मिल गेट से निकाली गई, रैली को ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने फीता काटकर एवं इकाई प्रमुख राकेश यादव, डिस्टिलरी हेड सहदेव त्यागी, वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पी एस चतुर्वेदी, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति गोला बलवंत चौधरी, इंजीनियरिंग हेड के के तिवारी, प्रोडक्शन हेड पी सी गुप्ता एवं आई टी हेड संदीप कटियार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली के सम्बंध में जानकारी देते हुए इकाई प्रमुख ने बताया कि यह रैली चीनी मिल परिक्षेत्र के सैकड़ो गांव से होकर गुजरेगी तथा किसानों को बसन्तकालीन गन्ना बुवाई एवं पेड़ी प्रबन्धन के सम्बन्ध में जागरूक करेगी उन्होंने यह भी बताया की रैली के साथ चीनी मिल प्रबन्धन एवं गन्ना विभाग के तमाम अधिकारी गण किसानों को उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को0 0118, को015023, कोलख014201, कोशा0 13235 एवं जलभराव वाले क्षेत्र में को0 98014, कोलख0 94184 की बुवाई करने के सम्बन्ध में जागरूक करेंगे। वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना ने किसानों से प्रतिबंधित एवं अनामित गन्ना प्रजातियां न बोने की अपील की। रैली में सहायक महाप्रबंधक गन्ना, प्रबन्धक सत्येन्द्र कुमार मिश्र, संजीव चौधरी, अपर प्रबन्धक गन्ना सुनील सिंह सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### पनकी में निर्माण कार्य के दौरान मारपीट, वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। पनकी में निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई है। इस दौरान वहाँ खड़े लोगों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है। पनकी थाना क्षेत्र के गोपालपुर में युवती के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर हो गया। युवती ने पनकी थाने के गोपालपुर चौकी में तहरीर देते हुए बताया कि वह बटवारे में मिली जगह पर युवती व उसका भाई खड़े होकर निर्माण कार्य करा रहा था तभी सिपाही लाल के बेटे ने युवती व उसके भाई के साथ मारपीट करने लगा। मारपीट का वहाँ खड़े लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना बीते 17 फ़रवरी कि बताई जा रही है। घटना के बाद पीड़ित ने 112 नंबर डायल कर सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि पुलिस के आने से पहले वह मौके से भाग निकले। जिसके बाद युवती पिता ने गोपालपुर पुलिस चौकी में तहरीर देते हुए कार्रवाई मांग की है। पनकी थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया ने बताया की घटना उनके संज्ञान में नहीं है और ना कोई तहरीर उनके पास में आई है। अगर कोई तहरीर उनके मिलेगी तो मुकदमा दर्जकर कार्रवाई की जायेगी।

# 'टाटा कंपनी के साथ हो चुका है एमओयू, कुल 121 सेंटर्स खुलने हैं'

> ये सेंटर्स छात्रों को नई स्किल्स देंगे, उद्योग की जरूरत के मुताबिक तैयार करेंगे और रोजगार के रास्ते खोलेंगे।
> -अजीज अहमद, निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर

### ये सेंटर्स क्यों खास हैं?

- 1- छात्रों को किताब से ज्यादा हाथों-हाथ काम सिखाया जाएगा - असली मशीनों पर प्रैक्टिस
- 2- आज की सबसे ज्यादा डिमांड वाली स्किल्स - जैसे एआई रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल, फैक्ट्री टेक्नोलॉजी
- 3- पढ़ाई पूरी होते ही कंपनी में काम शुरू करने लायक बनेंगे, अलग से ट्रेनिंग की जरूरत नहीं

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार अब पॉलिटेक्निक छात्रों के लिए बड़ा कदम उठा रही है। मकसद साफ है- बच्चों को सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि नौकरी लायक स्किल भी देना। इसी प्लान के तहत पॉलीटेक्निक के छात्रों के लिए इस साल 45 नए टाटा एक्सीलेंस सेंटर खोले जाएंगे। अब हर जिले में अच्छी स्किल ट्रेनिंग मिलेगी। फिलहाल, पहले से 45 टाटा एक्सीलेंस सेंटर चल रहे हैं, और कुल मिलाकर 121 सेंटर खोलने का लक्ष्य रखा गया है।

इन सेंटर्स में पढ़ाई का तरीका अलग होगा। यहां बच्चों को सिर्फ क्लास में बैठाकर पढ़ाया नहीं जाएगा, बल्कि स्किल डेवलपमेंट के तहत सीधे काम सिखाया जाएगा। छात्रों को मशीनों और उपकरणों पर काम करना सिखाया जाएगा, ताकि उन्हें इंडस्ट्री में जाकर दिक्कत न हो। सरकार का प्लान है कि पॉलिटेक्निक पढ़ाई पूरी होते ही छात्र सीधे नौकरी करने लायक बन जाएं, उन्हें बाहर अलग से ट्रेनिंग के लिए न भटकना पड़े। इसके लिए स्मार्ट क्लासेस चल रही हैं, इस साल इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। कानपुर जैसे शहर में पहले से फैक्ट्रियां और इंडस्ट्री ज्यादा हैं। ऐसे में अगर स्थानीय युवाओं को सही स्किल मिल गई, तो उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और लोकल लेवल पर जॉब के मौके बढ़ेंगे। इन एक्सीलेंस सेंटर्स में पढ़ाई सिर्फ पुराने तरीके से नहीं होगी। यहां स्मार्ट क्लासरूम, नई लैब और डिजिटल ट्रेनिंग पर भी खास ध्यान रहेगा।

# बिल्हौर में आलू संकट पर सपा का बिगुल

### उद्योग नहीं, तो कैसे बढ़े आय?

बिल्हौर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग-34 और रेलवे मार्ग से जुड़ा होने के बावजूद यहां आलू आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का अभाव है।

### यदि चिप्स, स्टार्च और फ्रोजन उत्पाद इकाइयां स्थापित हों तो:

- किसानों को स्थानीय बाजार मिलेगा
- रोजगार के अवसर बढ़ेंगे
- फसल की बर्बादी रुकेगी



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

आलू उत्पादन के लिए पहचान रखने वाला बिल्हौर इन दिनों गहरे कृषि संकट से जूझ रहा है। किसानों का कहना है कि खेत से मंडी तक की कुल लागत 500 रुपये प्रति कुंतल से ऊपर पहुंच चुकी है, लेकिन बाजार में उन्हें लागत का भी पूरा दाम नहीं मिल पा रहा। इसी मुद्दे को लेकर समाजवादी पार्टी ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 1000 रुपये प्रति कुंतल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करने की मांग की है।

'खून-पसीने की कमाई भी नहीं निकल रही' किसानों के मुताबिक बीज, खाद, सिंचाई, कीटनाशक, मजदूरी, खुदाई और शीतगृह भंडारण तक पहुंचाने में खर्च लगातार बढ़ा है। कई किसानों ने कर्ज लेकर फसल तैयार की, लेकिन भुगतान अटकने से परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। एक किसान ने कहा, 'मेहनत हमारी, मुनाफा बिचौलियों का-हमें तो लागत भी नहीं मिल रही। '

भंडारण शुल्क अलग से बोझ बन रहा है, जिससे घाटा और बढ़ रहा है।

### 1000 रुपये रूस्क्ककी मांग

बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि आलू की खरीद कम से कम 1000 रुपये प्रति कुंतल रूस्क्क पर सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि बिल्हौर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था बड़े पैमाने पर आलू पर निर्भर है। उचित मूल्य न मिलने पर किसानों की आर्थिक रीढ़ टूट जाएगी।

### मंडी और किसान रेल की मांग

सपा ने बिल्हौर में प्रमुख कृषि मंडी की स्थापना और किसान रेल सुविधा शुरू करने की मांग भी उठाई है, ताकि किसान सीधे बड़े बाजारों तक अपनी उपज पहुंचा सकें और बिचौलियों पर निर्भरता कम हो। आंदोलन की चेतावनी, विनय यादव ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो पार्टी किसान हित में बड़ा धरना-प्रदर्शन करेगी।उन्होंने कहा, 'देश का असली विकास गांव और किसान को मजबूत किए बिना संभव नहीं है। आय दोगुनी करने के दावे तभी सार्थक होंगे, जब किसान को उसकी फसल का वाजिब मूल्य मिलेगा। 'बिल्हौर के किसानों की नजर अब सरकार के अगले कदम पर टिकी है-क्या उन्हें उनकी मेहनत का सही मूल्य मिलेगा, या संघर्ष की राह और लंबी होगी?

# कारोबारी से फर्में बनाने के नाम पर करोड़ों की ठगी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

साइबर ठगों ने शहर में फर्जी फर्में बनाकर मध्य यूरोप के चेक गणराज्य के कारोबारी गिरि जनजीला से करीब दो करोड़ रुपये (लगभग दो लाख डॉलर) ठग लिए। कारोबारी की शिकायत पुलिस आयुक्त को ई-मेल से मिलने के बाद जांच शुरू हुई। मामले में पनकी थाने के एक दरोगा ने खुद मुकदमा दर्ज कराया। जांच में सामने आया कि पनकी के अपट्रान इस्टेट स्थित वर्धमान इंडस्ट्रीज के नाम से संपर्क कर सस्ते दाम पर सरिया बेचने का झांसा दिया गया। पीड़ित ने रकम केनरा बैंक में वर्धमान इंडस्ट्रीज और इंडियन बैंक के खातों में ट्रांसफर की। खाताधारकों का पता नौबस्ता के पशुपति नगर मछरिया रोड दर्शाया गया। बाद में पूरी रकम विभिन्न फर्मों के नाम पर मुंबई के बैंकों में स्थानांतरित कर दी गई। विदेशी नागरिक से साइबर धोखाधड़ी के इस मामले में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। पनकी पुलिस व साइबर सेल पश्चिम जोन की संयुक्त कार्रवाई में अपस्ट्रॉन स्टेट, पनकी से अमित ओम प्रकाश शर्मा (46) निवासी झांसी और आकाश कुमार (30) निवासी मछरिया, नौबस्ता को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने ?20,150 नकद, एक टाटा हैरियर कार (एमएच 47 बीके 4078), लैपटॉप, चार मोबाइल, 13 चेकबुक, आठ पासबुक, नौ एटीएम कार्ड समेत विभिन्न दस्तावेज बरामद किए हैं। इसके अलावा साइबर फ्रॉड से जुड़े खातों में लगभग 1.30 करोड़ की रकम सीज कराई गई है। कार्रवाई की आमजन में सराहना हो रही है।

# एआई समिट में भारत के डिजिटल सिस्टम की गूंज, मैक्रों ने कहा
# दुनिया में कहीं नहीं है ऐसा मॉडल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपने संबोधन की शुरुआत - नमस्ते शब्द के साथ की। इस दौरान उन्होंने कहा- इस शानदार शहर में, इस शानदार देश में हमारा स्वागत करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। प्रधानमंत्री जी, आपके द्वारा होस्ट किए गए इस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इम्पैक्ट समिट में आकर बहुत अच्छा लग रहा है।'



### इमैनुएल मैक्रों ने की यूपीआई की तारीफ

अपने संबोधन में भारत की तारीफ करते हुए फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा, 'दस साल पहले मुंबई में एक सड़क विक्रेता बैंक खाता नहीं खोल सकता था। न पता, न कागजात, न ही पहुंच। और आज वही विक्रेता अपने फोन पर भुगतान स्वीकार करता है।'फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस दौरान कहा कि भारत ने ऐसा डिजिटल सिस्टम बनाया है, जो दुनिया में किसी और देश ने नहीं बनाया। उन्होंने बताया कि भारत ने 140 करोड़ लोगों के लिए डिजिटल पहचान (आईडी) बनाई है। भारत का डिजिटल पेमेंट सिस्टम हर महीने करीब 20 अरब लेन-देन करता है। इसके साथ ही भारत ने 50 करोड़ लोगों को डिजिटल हेल्थ आईडी भी जारी की है। मैक्रों ने कहा कि इन सबको मिलाकर एक व्यवस्था बनी है। यह एक खुला और जुड़ा हुआ डिजिटल सिस्टम है और यही इस सम्मेलन का मुख्य विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया अब डिजिटल क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ने के नए दौर की शुरुआत पर खड़ी है।

### पेरिस एआई एक्शन समिट का भी किया जिक्र

उन्होंने आगे कहा कि, 'पिछले साल जब फ्रांस और भारत ने पेरिस में एआई एक्शन समिट की सह-मेजबानी की थी, तब हमने उन तकनीकों के लिए एक वैश्विक मार्गदर्शक सिद्धांत निर्धारित किया था जो हमारे समाजों और अर्थव्यवस्थाओं को बदल देंगी। हमारा मानना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानवता को तेजी से नवाचार करने, स्वास्थ्य सेवा, ऊर्जा, परिवहन, कृषि और सार्वजनिक सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने में सक्षम बनाएगी, जो मानव जाति के हित में होगा। हम दोनों इस क्रांति में विश्वास करते हैं। एआई रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का एक प्रमुख क्षेत्र बन गया है, और बड़ी तकनीकी कंपनियां और भी बड़ी हो गई हैं।'

# मुफ्त की योजनाओं पर सुप्रीम टिप्पणी
## रेवड़ी नहीं रोजगार के अवसर पैदा करें, सबको फ्री सुविधाएं बांटना गलत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। दरअसल, राज्य सरकार ने कुछ समुदायों के लिए बिजली टैरिफ में सब्सिडी स्कीम की घोषणा की थी। इससे पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी पर फाइनेंशियल दबाव पड़ा। राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राज्यों में अपनाई गई मुफ्त सुविधाओं की संस्कृति आर्थिक विकास में बाधा डालती है।



### कोर्ट ने क्या-क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत समेत जजों ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा ज्यादातर राज्य पहले से ही घाटे में हैं, फिर भी विकास को छोड़कर मुफ्त सुविधाएं बांट रहे हैं। कोर्ट ने साफ कहा- जो लोग भुगतान नहीं कर सकते, उन्हें सहायता देना समझ में आता है। लेकिन अमीर-गरीब में फर्क किए बिना सबको मुफ्त देना गलत नीति है। इस दौरान कोर्ट ने चेतावनी दी और कहा अगर सुबह से शाम तक मुफ्त खाना, साइकिल और बिजली मिलती रही तो लोगों में काम करने की भावना कम हो जाएगी।

### 'विकास के कामों के लिए पैसा कहां से आएगा?'

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'कई राज्य सरकारें भारी कर्ज और घाटे के बावजूद मुफ्त योजनाएं बांट रही हैं। अगर सरकारें मुफ्त पैसे, बिजली या दूसरी सुविधाएं देती रहेंगी, तो आखिर इनका खर्च कौन उठाएगा? अगर सरकारें मुफ्त खाना, साइकिल और बिजली जैसी सुविधाएं देती रहेंगी, तो विकास के कामों के लिए पैसा कहां से आएगा?' सीजेआई ने कहा कि कई राज्य पहले से ही घाटे में हैं, फिर भी वे नई-नई कल्याण योजनाएं शुरू कर रहे हैं। कोर्ट ने कैश ट्रांसफर व मुफ्त सुविधाओं की घोषणा करने की वित्तीय समझदारी पर सवाल उठाया और कहा कि राज्यों को मदद बढ़ाने के बजाय रोजगार पैदा करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### कोर्ट का राज्यों को दी सलाह और पूछा सवाल

वहीं कोर्ट ने राज्यों को सलाह दी कि मुफ्त चीजें बांटने के बजाय, रोजगार के अवसर पैदा करने पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पूछा, भारत में हम कैसी संस्कृति बना रहे हैं? क्या यह वोट पाने की नीति नहीं बन जाएगी? फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। अब अगली सुनवाई में तय होगा कि ऐसे मुफ्त बिजली योजनाओं पर क्या नियम लागू होंगे।

### क्यों महत्वपूर्ण है यह मुद्दा?

यह मामला इसलिए बड़ा है क्योंकि कई राज्यों में चुनाव से पहले मुफ्त योजनाएं घोषित होती हैं और इससे सरकारी खर्च बढ़ता है, जिससे आर्थिक संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ संदेश दिया है कि गरीबों की मदद जरूरी है, लेकिन बिना सोच-समझ सबको मुफ्त सुविधाएं देना देश के विकास के लिए सही नहीं है।

# कराची में सिलेंडर धमाके से गिरी इमारत
## मलबे में दबकर 16 लोगों की मौत और कई घायल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान के कराची में एक बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल सिलेंडर धमाके के चलते कराची में एक रिहायशी इमारत गिर गई। इसके मलबे में दबकर 16 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। स्थानीय मीडिया ने पुलिस और स्थानीय बचाव दल के हवाले से यह जानकारी दी है। घटना कराची के सोल्जर बाजार के गुल राणा कॉलोनी इलाके स्थित एक घर में हुई।

### सुबह 4 बजे हुआ हादसा

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह धमाका गैस सिलेंडर लीक की वजह से हुआ था। यह घटना सुबह करीब 4:15 बजे, सहरी के समय हुई और गैस धमाका बिल्डिंग के पहले फ्लोर पर हुआ। आपात सेवा ने मलबे से कई लोगों को बचाया है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। हादसे में छह महिलाओं और 4 बच्चों समेत कुल 16 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। हादसे में 14 लोग घायल हैं। सिविल हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर के डायरेक्टर, डॉ. मोहम्मद साबिर मेमन के अनुसार, 13 शव उनके अस्पताल में लाए गए थे। तलाशी और बचाव ऑपरेशन जारी है। भीड़भाड़ वाला इलाका होने की वजह से प्रशासन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इमारत के काफी छोटे कमरे होने की वजह से बचाव दल को काफी परेशानियां उठानी पड़ीं। अधिकारियों का कहना है कि यह वैध बिल्डिंग नहीं थी, और अलग-अलग कमरों को जोड़ कर इमारत खड़ी कर दी गई थी। इसके पास मौजूद अन्य घरों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने भी इलाके को घेरकर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी है।

### पाकिस्तान ईरान सीमा पर गैस प्लांट में भी धमाका

पाकिस्तान में एक अन्य घटना में ईरान-पाकिस्तान बॉर्डर के पास बलूचिस्तान के ताफ्तान में एक गैस प्लांट में जबरदस्त धमाके की घटना सामने आई है। धमाके की आवाज 10 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। बताया जा रहा है कि धमाके के बाद 100 से ज्यादा लोग गैस प्लांट के अंदर फंस गए हैं। पाकिस्तान में दो दिन पहले भी धमाके और गोलीबारी की जानकारी सामने आई थी, जिसमें दर्जनों घायल हो गए। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में दो बम हमलों और पुलिस और विद्रोही लड़ाकों के बीच गोलीबारी में एक दर्जन से ज्यादा लोग मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले में हुए हमले में एक बच्चे और 11 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। इस घटना में महिलाओं और बच्चों समेत सात अन्य घायल हो गए। बाजौर में एक सिक्योरिटी चेकपॉइंट की ओर ले जाते समय विस्फोटक से लदी एक गाड़ी में धमाका हो गया। धमाके की वजह से पास की एक बिल्डिंग गिर गई, जिसमें एक लड़की की मौत हो गई।

# नाइजीरिया के खदान में जहरीली गैस का रिसाव, पुलिस बोली, 37 लोगों के मौत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अबुजा**

नाइजीरिया के एक खदान में जहरीली गैस के रिसाव के कारण कई लोगों के हताहत होने की सूचना है। इस घटना को लेकर नाइजीरियाई पुलिस ने बताया है कि जहरीली गैस के रिसाव के कारण 37 लोगों के मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक, गैस रिसाव के कारण प्रभावित हुए 26 लोगों को अस्पताल में भर्ती भी कराया गया है।

### कम्पानी जुराक समुदाय में घटना

पुलिस के मुताबिक, उत्तर-मध्य नाइजीरिया की एक खदान में जहरीली गैस के रिसाव हुआ है। पुलिस प्रवक्ता अल्फ्रेड अलाबो ने एक बयान में बताया कि यह घटना मंगलवार तड़के पठार राज्य के वासे क्षेत्र में स्थित कम्पानी जुराक समुदाय में हुई। उन्होंने कहा, 'प्रारंभिक जांच से पता चला है कि खनिक सीसा ऑक्साइड और सल्फर और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी अन्य संबंधित गैसों के अचानक रिसाव से प्रभावित हुए, जो मनुष्यों के लिए जहरीली और हानिकारक हैं, खासकर बंद या कम हवादार वातावरण में।'

### खदान को किया गया बंद, रिसाव की जांच जारी

उन्होंने आगे कहा, 'मृत पीड़ितों के शव उनके परिवारों को उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिए गए हैं।' फिलहाल, नाइजीरियाई सरकार ने खनन स्थल को बंद कर दिया है और रिसाव की जांच जारी है। नाइजीरिया के ठोस खनिज विकास मंत्री डेले अलाके ने एक बयान में कहा कि खनिक उत्सर्जन की जहरीली प्रकृति से अनजान थे और उन्होंने अपना काम जारी रखा।

### खदान के कानूनी रूप से संचालित होने पर संदेह

यह स्पष्ट नहीं है कि साइट पर क्या खनन किया जा रहा था और क्या खदान कानूनी रूप से संचालित हो रही थी। नाइजीरिया देश भर में अवैध सोने के खनन कार्यों पर लगाम लगाने की कोशिश कर रहा है, जिसके कारण पिछले कई वर्षों में सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है।

# बंगाल में चुनाव की आहट के साथ फिर 'सेटिंग' की चर्चा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की राजनीति में 'सेटिंग' ऐसा शब्द है, जो बहुत सुनने को मिलता है और यह शब्द रहस्य और आरोप-दोनों का पर्याय बन चुका है। 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले यह शब्द एक बार फिर सियासी बहस के केंद्र में लौट आया है। प्रतिद्वंद्वी दलों के बीच गुप्त समझौते (सेटिंग) के आरोप लग रहे हैं। राज्य की सत्ताधारी टीएमसी, मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा और वाम मोर्चा सभी एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं।

### बंगाल की राजनीति में क्या है ये 'सेटिंग' शब्द

बंगाल की राजनीति में अक्सर सीपीमूल (सीपीआईएम और तृणमूल), बिजेमूल (भाजपा और तृणमूल) और राम-बाम (भाजपा और वाम मोर्चा) जैसे शब्द सुनाई देते हैं। टीएमसी लंबे समय से 'राम-बाम की थ्योरी पेश करती रही है, जिसके अनुसार 2019 के बाद वाम दलों के वोट धीरे-धीरे भाजपा की ओर स्थानांतरित हुए, जिससे भाजपा को मजबूती मिली। वहीं सीपीआई(एम) दोनों प्रमुख दलों पर एक-दूसरे के अस्तित्व से लाभ उठाने का आरोप लगाती है। भाजपा नेताओं का कहना है कि जब भी चुनावी समीकरण बनते हैं, टीएमसी और वाम दलों के बीच 'रणनीतिक सहयोग' दिखता है। चुनाव नजदीक आते ही यह बयानबाजी और तीखी हो गई है। शासन और विकास के मुद्दों से ध्यान हटकर कथित गुप्त गठबंधनों की चर्चा प्रमुख हो गई है।

### आरोप-प्रत्यारोप तेज

- टीएमसी नेता कुनाल घोष ने 'सेटिंग' (गुप्त समझौते) के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि जो राजनीतिक रूप से चुनौती नहीं दे पाते, वही ऐसी बातें गढ़ते हैं।
- राज्य भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य का कहना है कि कई महत्वपूर्ण सीटों पर विपक्षी वोटों का बिखराव सत्तारूढ़ दल को फायदा पहुंचाता है। उनका आरोप है कि वाम दल और कांग्रेस अप्रत्यक्ष रूप से टीएमसी को लाभ पहुंचाते रहे हैं।
- सीपीआईएम नेता सुजन चक्रवर्ती ने भाजपा और टीएमसी के बीच 'डर की राजनीति' करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का कहना है कि जब राजनीति व्यक्तिकेंद्रित हो जाती है, तो वैचारिक बहस की जगह अफवाहें ले लेती हैं।
- निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर की नई पार्टी 'जनता उन्नयन पार्टी' ने भी नई चर्चाओं को जन्म दिया है। इसने इन आशंकाओं को हवा दी है कि नए दल वोट समीकरण बदलने के लिए खड़े किए जा रहे हैं।
- टीएमसी नेताओं का आरोप है कि उभरते छोटे दल भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए वोट काटने का काम कर रहे हैं। इसी तरह आईएसएफ और एआईएमआईएम पर भी ऐसे आरोप लगाए गए हैं। हालांकि इन दलों ने आरोपों को खारिज किया है।
- विश्लेषकों के अनुसार, बंगाल में 'सेटिंग' की राजनीति नई नहीं है। 1967 में पहली गैर-कांग्रेसी सरकार के गठन और संयुक्त मोर्चा के दौरान भी गुप्त समझौतों के आरोप लगे थे।
- वाम मोर्चा शासनकाल में टीएमसी ने कांग्रेस और सीपीआईएम की नजदीकी के आरोप लगाए थे।
- राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे आरोपों को ठोस सबूत की जरूरत नहीं होती। जांच में देरी, केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई या राजनीतिक चुप्पी—सब अटकलों को जन्म देती हैं।
- बंगाल में 'सेटिंग' अब महज चुनावी स्टंट नहीं है, बल्कि चुनावी हकीकत बन चुकी है, जिसे सभी दल सार्वजनिक रूप से नकारते हैं, लेकिन मतदाता उत्सुकता से सुनते हैं।

# मार्शल लॉ लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को उम्रकैद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सियोल**

जज जी कुई-योन ने कहा कि यून विद्रोह के दोषी पाए गए हैं। उन्होंने सैन्य और पुलिस बलों को इकट्ठा कर नेशनल असेंबली पर अवैध रूप से कब्जा करने, राजनेताओं को गिरफ्तार करने और निरंकुश सत्ता स्थापित करने की कोशिश की। यून इस फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील कर सकते हैं।



### अभियोजन पक्ष ने की थी मौत की सजा देने की मांग

विशेष अभियोजक ने पूर्व राष्ट्रपति यून के लिए मौत की सजा की मांग की थी। उनका कहना था कि यह कदम देश के लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा था और इसके लिए सबसे कड़ी सजा दी जानी चाहिए। हालांकि अधिकांश विश्लेषकों का मानना था कि यह सत्ता हथियाने की कोशिश थी और इससे कोई जनहानि नहीं हुई, इसलिए उम्रकैद की सजा काफी है। दक्षिण कोरिया में 1997 के बाद से किसी भी दोषी को फांसी नहीं दी गई है।

### पूर्व रक्षा मंत्री को भी 30 साल की सजा सुनाई गई

पूर्व राष्ट्रपति को अदालत लाने के दौरान उनके समर्थकों ने न्यायिक परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान सैकड़ों पुलिसकर्मी हालात को संभालने के लिए तैनात रहे। अदालत ने मार्शल लॉ लागू करने में शामिल कई पूर्व सैन्य और पुलिस अधिकारियों को भी दोषी ठहराया। इनमें पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्यून को 30 साल की सजा सुनाई गई।

### दिसंबर 2024 में देश में मार्शल लॉ लागू करने के दोषी

पूर्व राष्ट्रपति यून ने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा था कि मार्शल लॉ लागू करने का कदम राष्ट्र-विरोधी ताकतों को रोकने के लिए जरूरी था। मार्शल लॉ का आदेश लगभग छह घंटे तक प्रभावी रहा। बाद में विधायकों ने सैन्य घेराबंदी को तोड़ते हुए सदन में प्रवेश किया और सर्वसम्मति से इसे निरस्त करने के पक्ष में मतदान किया। 14 दिसंबर 2024 को सांसदों द्वारा महाभियोग पारित किए जाने के बाद यून को पद से हटा दिया गया था। अप्रैल 2025 में कोरिया के सांविधानिक अदालत ने उन्हें औपचारिक रूप से पद से हटा दिया। जुलाई से वे कई आपराधिक मामलों में गिरफ्तारी के बाद हिरासत में हैं। पिछले महीने उन्हें गिरफ्तारी का विरोध करने, मार्शल लॉ की घोषणा में फर्जीवाड़ा करने और कानूनी रूप से अनिवार्य पूर्ण कैबिनेट बैठक बुलाए बिना आदेश जारी करने के मामले में पांच साल की सजा भी सुनाई गई थी। सियोल सेंट्रल कोर्ट ने यून की कैबिनेट के दो अन्य सदस्यों को भी अलग-अलग मामलों में दोषी ठहराया है। इनमें प्रधानमंत्री हान डक सू को 23 वर्ष की सजा सुनाई गई। उन पर कैबिनेट परिषद की बैठक के जरिए आदेश को वैध ठहराने की कोशिश, रिकॉर्ड में हेरफेर और शपथ के तहत झूठ बोलने का आरोप था। हान ने इस फैसले के खिलाफ अपील की है।

# सीआरपीएफ महानिदेशक बोले, अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है नक्सलवाद, मार्च तक देश से हो जाएगा खत्म

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री ने पिछले साल एलान किया था कि मार्च 2026 तक देश से नकस्लवाद खत्म हो जाएगा। इसी बीच सीआरपीएफ के महानिदेशक जीपी सिंह का एक बयान सामने आया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के घोषणा के अनुसार मार्च तक देश से इस खतरे का उन्मूलन कर दिया जाएगा।

**नक्सलवाद ने अंतिम चरण में है:** गुवाहाटी में बल की डीजी परेड को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ ने पिछले साल अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियानों में नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, 'नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है। जैसा कि हमारे केंद्रीय गृह मंत्री ने घोषणा की है, मार्च 2026 तक इसका पूरी तरह से उन्मूलन हो जाएगा।' सिंह ने कहा कि सीआरपीएफ के जवान मणिपुर में सराहनीय काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी सेना एक निष्पक्ष एजेंसी के रूप में इस क्षेत्र के लोगों का विश्वास जीतने में सक्षम रही है। 'सीआरपीएफ की वर्षगांठ परेड से पहले डीजी की परेड का आयोजन किया गया, जिसमें शाह शनिवार को शामिल होंगे।

# दिल्ली, मुंबई समेत देश के कई हवाई अड्डों पर सेवाएं हुईं बाधित, करीब 40 मिनट तक यात्री रहे हलकान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गुरुवार सुबह देश के कई हवाई अड्डों पर हवाई सेवाएं कुछ देर के लिए बाधित हुईं। जानकारी के मुताबिक, सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण एयरपोर्ट पर यात्रियों को चेक-इन में परेशानी का सामना करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, गुरुवार सुबह कई हवाई अड्डों पर 40 मिनट से अधिक समय तक चली सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण यात्री चेक-इन में आई दिक्कत के कारण हलकान होते रहे।

### किन-किन एयरलाइंस की सेवाएं हुई प्रभावित?

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली, मुंबई और अन्य हवाई अड्डों पर इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट और अकासा एयर की सेवाएं प्रभावित हुईं। जानकारी के मुताबिक, सॉफ्टवेयर में खराबी के कारण चेक-इन सिस्टम सुबह लगभग 6.45 बजे से 7.28 बजे तक ठप्प रहा। एक सूत्र ने बताया कि समस्या का समाधान कर लिया गया है और सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहा है। सूत्रों ने यह भी बताया कि सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण एयरलाइंस कंपनियों को ज्यादा परेशानी नहीं हुई। फिलहाल, इस मामले में एयरलाइंस कंपनियों की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

### पहले भी आ चुकी हैं ऐसी दिक्कतें

यह पहली बार नहीं है कि देश के कई हवाई अड्डों पर इस तरह की दिक्कत का सामना यात्रियों को करना पड़ा हो। इससे पहले पिछले साल दिसबंर महीने में भी इस तरह की समस्या के कारण हवाई अड्डों पर यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। उस समय थर्ड-पार्टी सिस्टम में आई खराबी के कारण एयरपोर्ट पर यात्रियों की लंबी-लंबी कतार लग गई थी और उन्हें अपनी यात्रा के लिए कई घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ा था।

# 'विज्ञान-चिकित्सा में आएगी क्रांति, 5-8 साल में एजीआई बनेगा हकीकत'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गूगल डीपमाइंड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डेमिस हसाबिस ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विज्ञान और चिकित्सा में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। हालांकि, इसके सामाजिक प्रभावों से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग और संवाद जरूरी है। हसाबिस ने एआई सम्मेलन में कहा, दुनिया निर्णायक मोड़ पर है और आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) अगले पांच से आठ वर्षों में वास्तविकता बन सकती है। उन्होंने कहा, एआई आधारित कई कंपनियां, टूल्स और उत्पाद विकसित हो रहे हैं, जो चिकित्सा, दवाओं की खोज, मैटेरियल साइंस और जलवायु संबंधी तकनीक में नई संभावनाएं खोलेंगे।



### सामाजिक चुनौतियों में सतर्क रहने की नसीहत

हसाबिस ने 'अल्फाफोल्ड' जैसे सिस्टम्स का जिक्र करते हुए कहा कि एआई का प्रभाव वैश्विक होगा। इस मामले में सतर्क आशावाद जरूरी है- तकनीकी जोखिम समय के साथ सुलझ सकते हैं, लेकिन एआई से जुड़ी सामाजिक चुनौतियां जटिल हैं और उनसे निपटने के लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन से शुरू होकर पेरिस, सियोल और अब भारत तक हो रहे वैश्विक सम्मेलन वैश्विक नेताओं और तकनीकी विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर एआई के फायदे व्यापक रूप से साझा करने और जोखिम कम करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। मौजूदा एआई तकनीक आज कुछ खास कामों - जैसे अनुवाद, चैटबॉट या फोटो पहचान - में विशेषज्ञ होती है।

# चुनाव: असम भाजपा को जीत की हैट्रिक के लिए संघ का मंत्र, घुसपैठ-जनसांख्यिकीय बदलाव के मुद्दे पर फोकस की सलाह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

असम में भाजपा को जीत की हैट्रिक लगाने के लिए संघ ने राज्य इकाई को सांप्रदायिक मामलों को अतिरंजित करने से बचने और बीते दो कार्यकाल के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास को विधानसभा चुनाव के केंद्र में रखने की सलाह दी है। संघ ने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में पार्टी की चुनावी तैयारियों और प्रबंधन पर नाखुशी जाहिर करते हुए इन क्षेत्रों में सीधा संवाद शुरू करने की भी जरूरत बताई है। गौरतलब है कि ये सलाह बीते दिनों सह सरकार्यवाह अरुण कुमार की संघ की अनुषांगिक संगठनों के साथ हुई मैराथन बैठक के बाद दी गई है। इस बैठक में भाजपा की चुनावी तैयारियों और प्रबंधन पर अनुषांगिक संगठनों का फीड बैक लिया गया। इसमें ये तथ्य उभर कर आए कि लगातार सत्ता के दो कार्यकाल मिलने के बावजूद राज्य में सरकार की उपलब्धियों पर अवैध घुसपैठ और जनसांख्यिकी बदलाव पूरी तरह से हावी हो रहे हैं। संघ का मानना है कि पूर्वोत्तर के सबसे अहम राज्य असम में ये दोनों मुद्दे महत्वपूर्ण हैं, इन पर निरंतरता में बात होनी चाहिए, मगर इसका मतलब यह नहीं है कि सरकार के दो कार्यकाल की उपलब्धियां ही गौण हो जाएं। वह भी इस स्थिति में जब असम समेत पूरे पूर्वोत्तर ने बीते एक दशक में विकास के नए आयाम गढ़े हैं।



### एंटी इन्कम्बेंसी से निपटने की योजना

चूंकि राज्य में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार बीते दस साल से सत्ता में है, ऐसे में पार्टी के सामने एंटी इन्कम्बेंसी भी बड़ी चुनौती है। इसके लिए ढाई दर्जन जीती हुई सीटों की पहचान की गई है, जहां उम्मीदवार बदले जाने हैं। इसके अलावा हिमंता सरकार ने महिला वर्ग को साधने के लिए पहले ही नकद भुगतान योजना चला रखी है। असम में मार्च के पहले सप्ताह में चुनाव कार्यक्रम घोषित होंगे। योजना अप्रैल महीने में एक ही फेज में कराने की है।

### शहर केंद्रित प्रचार और प्रबंधन पर जताई चिंता

संघ ने पार्टी का चुनाव प्रचार और प्रबंधन शहरों तक ही केंद्रित हो जाने पर चिंता जताई है। फीडबैक में सामने आया कि ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में सरकार और संगठन का सीधा संवाद का मैकेनिज्म बेहद कमजोर है। इसके अलावा संगठन और सरकार के बीच भी संवाद में कमी महसूस की गई। बैठक में मिले फीडबैक को प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया के साथ साझा करते हुए संघ ने राज्य इकाई को कई सलाह दिए हैं।